

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 28 अगस्त 2024 ■ भाद्र कृष्ण पक्ष-09 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-150 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 29 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

# जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों और अमानवीय व्यवहार पर हाईकोर्ट सख्त

## डीजीपी को जारी किया नोटिस

**बिलासपुर,28 अगस्त।** हाईकोर्ट ने जेलों में क्षमता से अधिक कैदी और उनके साथ किए जा रहे अमानवीय व्यवहार को लेकर डीजीपी को नोटिस जारी कर शपथ पत्र के साथ जानकारी देने कहा है. मामले में तीन जनहित याचिकाओं पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिविजन बेंच में एक साथ सुनवाई हो रही है. केंद्रीय जेलों में क्षमता से अधिक बंदियों को लेकर अधिवक्ता शिवराज सिंह चौहान ने एक जनहित याचिका लगाई है. कुछ समय बाद जेलों में कैदियों की अमानवीय परिस्थितियों को लेकर भी एक जनहित याचिका दायर की गई है. इन दो जनहित याचिकाओं के अलावा हाई कोर्ट ने जेल में बंद कैदियों की स्थिति को लेकर स्वतः संज्ञान में लिया और जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की. तीनों जनहित याचिका की



एक साथ चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिविजन बेंच में सुनवाई हो रही है. मामले में हाईकोर्ट ने अधिवक्ता रणवीर मरहास को न्यायमित्र नियुक्त किया था. पूर्व की सुनवाई में शासन ने बताया था कि, जेलों में कैदियों के स्वास्थ्य व अन्य सुविधाओं को लेकर काम किया जा रहा है. रायपुर व बिलासपुर के सेंट्रल जेलों में विशेष जेलों की स्थापना व बेमेतरा में ओपन जेल जल्द प्रारंभ करने की जानकारी राज्य शासन ने दी थी. मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता सुनील पिल्लै ने बताया कि जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 6 साल पहले आदेश जारी किया था. सुप्रीम कोर्ट के आदेश का देश के सभी राज्यों में पालन किया जाना था, लेकिन प्रदेश के जेलों में वर्तमान स्थिति उतनी बेहतर नहीं है. जिस पर कोर्ट ने डीजीपी से शपथ पत्र में जवाब मांगा है, जिसमें इस बात की भी जानकारी देनी होगी कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का कितना परिपालन किया जा रहा है.

## संक्षेप

### प्रदेश की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर हाईकोर्ट ने जताई चिंता

**बिलासपुर,28 अगस्त।** हाईकोर्ट ने प्रदेश की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है और इसे कैसे ठीक किया जा सकता है, इस पर कोर्ट ने जवाब मांगा है. मामले की अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को होगी. बिलासपुर समेत प्रदेश भर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका के तौर पर सुनवाई चल रही है. मामले में कोर्ट ने सचिव नगरीय प्रशासन से पूरी राज्य की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर शपथ पत्र पर जवाब तलब किया था. सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई कि अतिक्रमण और वाहनों के बेतरतीब चालन और पार्किंग के कारण अधिक परेशानी हो रही है. सुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक ने कोर्ट में जो शपथपत्र दिया है, उसमें इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम में चौक चौराहों पर लगे हुए सीसीटीवी के माध्यम से मानिटरिंग करने की बात कही गई है. ट्रैफिक नियम के उल्लंघन पर भी कदम उठाए जा रहे हैं, चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों पर ट्रैफिक कर्मी भी लगातार मौजूद रहेंगे. इस बात की जानकारी दी गई. किस पर कोर्ट ने पूरे प्रदेश की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर डीजी ट्रैफिक से शपथ पत्र पर विस्तृत जवाब मांगा है.

### राजधानी की बेटी संजना छुरा वर्ल्ड कप फुटबॉल में खेलेगी

**रायपुर,28 अगस्त।** कटोरा तालाब निवासी कु संजना छुरा का चयन आगामी सितंबर 21 सितंबर से 28 सितंबर में साउथ कोरिया में होने वाले होमलेस वर्ल्ड कप फुटबॉल मैच में हुआ है.



जिससे उत्कल समाज में हर्ष है, कु संजना छुरा बाल्यकाल से ही फुटबॉल खेल रही है जिसने कई सारे राष्ट्रीय फुटबॉल मैचों में अपना बेहतर प्रदर्शन दिखा चुकी है, यही कारण है कि संजना का चयन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है. कीड़ा विकास संस्थान नागपुर के सीईओ डॉ अभिजीत के द्वारा विगत दिनांक 22 अगस्त 2024 को कु संजना छुरा के नाम से पत्र जारी करते हुए चयन की जानकारी दी है. जिसके बाद उत्कल समाज में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है.

### अकेले लड़ने की तैयारी में महबूबा की पार्टी

**श्रीनगर,28 अगस्त।** लोकसभा चुनाव में तैयार हुआ इंडिया गठबंधन जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में बिखरता हुआ नजर आने लगा है। इंडिया गठबंधन के मंच पर साथ-साथ दिखने वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी की दूरी बनती दिख रही है। विधानसभा चुनाव में गठबंधन को लेकर आज जब पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी की मुखिया महबूबा मुफ्ती से पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम हमेशा अकेले लड़े हैं। जब से हमारी पार्टी बनी है, हम अकेले लड़े हैं और लोगों के सहारे लड़े हैं। लोगों की तकलीफें दूर करने के लिए लड़े हैं। आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन हो चुका है। दोनों के बीच सीटों पर भी समझौता हो चुका है। इसके बाद उमर अब्दुल्ला ने कहा था कि यदि कोई दल साथ आना चाहे तो उसका स्वागत है। अब पीडीपी के बयान से तो साफ झलक रहा है कि तीनों दल इस चुनाव में साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ने जा रहे हैं। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती मंगलवार को चुनावी मैदान में उतरने वाली मुफ्ती परिवार की तीसरी पीढ़ी की नेता बन गईं। इल्तिजा ने जम्मू-कश्मीर में पार्टी के गढ़ बिजबेहरा विधानसभा सीट से पीडीपी उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया। अपनी मां महबूबा मुफ्ती और सैकड़ों समर्थकों के साथ इल्तिजा मुफ्ती ने बिजबेहरा विधानसभा सीट के लिए अपना नामांकन दाखिल किया।

# मां को भत्ते से वंचित करना कानून ही नहीं,नैतिकता के भी खिलाफः हाईकोर्ट

**बिलासपुर,28 अगस्त।** पति की मौत के बाद मां ने बेटे से गुजारा भत्ते के लिए फैमिली कोर्ट में अर्जी लगाई, जहां बेटे को हर माह 15 हजार रुपए गुजारा भता देने के आदेश दिया गया था, बेटे ने इस आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी. मामले की सुनवाई के बाद जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की बेंच ने बेटे की याचिका खारिज कर दी है. कोर्ट ने कहा कि माता-पिता की वजह से ही उसने यह खूबसूरत दुनिया देखी है. वृद्धा मां को गुजारा भत्ते से वंचित करना कानून ही नहीं, नैतिकता के भी खिलाफ होगा. दरअसल, जगदलपुर में रहने वाली सुनीला मंडल के पति एसपी मंडल राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) के कर्मचारी थे. जो वर्ष 2007 में रिटायर हुए. एनएमडीसी की नीति के मुताबिक उन्हें 4 हजार रुपए पेंशन मिल रहा था. वर्ष 2017 में उनकी मौत हो गई. इसके बाद सुनीला मंडल को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ा. उनके दोनों बेटे उनकी देखभाल नहीं कर रहे थे. दो साल तक परेशान होने के बाद वर्ष 2019 में जगदलपुर के फैमिली कोर्ट में उन्होंने सीआरपीसी की धारा 125 के तहत आवेदन लगाया, और बड़े बेटे संजय कुमार मंडल को गुजारा भत्ता देने के निर्देश देने की मांग की. उन्होंने कोर्ट को दिए अपने आवेदन में बताया, कि वे गृहिणी हैं. वर्तमान में पति द्वारा बनवाए गए मकान में रह रही हैं. बड़ा बेटा 2008-09 से एनएमडीसी में काम कर रहा है, और छोटा बेटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तोकापाल में रेडियोग्राफर है. उनके पास आय का कोई साधन नहीं है, जिसकी वजह से उन्हें अपनी देखभाल, इलाज आदि के लिए आर्थिक परेशानी उठानी पड़ रही है. मामले की सुनवाई के बाद फैमिली कोर्ट ने मां की अर्जी मंजूर करते हुए हर माह 15 हजार रुपए देने के आदेश दिए थे. जिस पर बेटे ने हाई कोर्ट में पहले पुनरीक्षण अर्जी लगाकर बताया कि उसे हर माह 55 हजार रुपए सैलरी मिलती है. जिसमें से कार लोन के लिए 9 हजार, होम लोन के 14 हजार, बीमा के लिए 20 हजार रुपए देने पड़ते हैं. हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद फरवरी 2020 को सीआरपीसी की धारा 127 के तहत आवेदन पेश करने की छूट देते हुए इसे निराकृत कर दिया था. इसके बाद बेटे ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी. जिस पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने बेटे की याचिका खारिज कर दी.

# पुराने वाहनों को हटाने पर नए वाहनों की खरीद पर छूटः गडकरी

**नई दिल्ली,28 अगस्त।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, नितिन गडकरी ने घोषणा की कि यात्री और वाणिज्यिक वाहन निर्माता वैध जमा प्रमाणपत्र के साथ पुराने वाहनों को हटाने पर नए वाहनों की खरीद पर छूट देने पर सहमत हुए हैं। यह निर्णय मंत्री की अध्यक्षता में सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के सीईओ के साथ एक बैठक में लिया गया, जिसमें ऑटो सेक्टर के सामने आने वाले प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। एक्स को गडकरी ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि, मेरी सिफारिश के जवाब में, कई वाणिज्यिक और यात्री वाहन निर्माता वैध जमा प्रमाणपत्र के साथ पुराने वाहनों को स्क्रैप करने के बदले नए वाहनों की खरीद पर छूट देने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल हमारे सर्कुलर इकोनॉमी प्रयासों को महत्वपूर्ण रूप से आगे बढ़ाएगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि हमारी सड़कों पर स्वच्छ, सुरक्षित और अधिक कुशल वाहन चलेंगे। बयान में कहा गया है कि बातचीत के दौरान, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री की सलाह पर सकारात्मक रूप से गौर करते हुए और वाहनों के आधुनिकीकरण तथा संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग वाली अर्थव्यवस्था के महत्व को पहचानते हुए कई वाणिज्यिक वाहन और यात्री वाहन विनिर्माताओं ने जमा प्रमाणपत्र (स्क्रैपेज सर्टिफिकेट) के बदले सीमित अवधि के लिए छूट देने पर सहमति जताई है। इसमें कहा गया है कि वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता दो साल और यात्री वाहन विनिर्माता एक साल के लिए छूट देने को तैयार हैं। बयान में कहा गया है कि यह छूट पुराने वाहनों को कबाड़ में तब्दील करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इससे सड़कों पर सुरक्षित, स्वच्छ और अधिक दक्ष वाहनों का चलना सुनिश्चित होगा। बयान में आगे कहा गया कि मर्सिडीज बेंज इंडिया ने 25,000 रुपये की सीधी छूट देने की पेशकश की है, जो सभी मौजूदा रियायतों के अतिरिक्त होगी। बयान के अनुसार, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हुंदै मोटर इंडिया, किआ मोटर्स, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर, होंडा कार्स, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर, रेनो इंडिया, निसान इंडिया और स्कोडा फॉक्सवैगन इंडिया जैसे यात्री वाहन विनिर्माता वाहनों को कबाड़ में बदलने के बदले नयी गाड़ी लेने पर छूट देंगे।



# मंत्री की गरिमा का ध्यान रखें रिश्तेदारः सिंहदेव

## दोषी कोई भी हो, कार्रवाई होनी चाहिए: राजवाड़े

**अंबिकापुर.** नशे में धुत मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के जेठ का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. जानकारी के मुताबिक, राजू राजवाड़े नया बस स्टैंड में गाड़ी खड़ी कर शराब पी रहा था. बस एजेंट की शिकायत पर पहुंची पुलिस पर मंत्री के जेठ राजू ने रौब झाड़ा. यह मामला 25 अगस्त की रात का बताया जा रहा है. इस मामले का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस के आला अधिकारी मंत्री के जेठ पर कार्रवाई के बजाए प्रधान आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया है. वहीं अब इस मामले पर सियासत भी शुरू हो गई है. पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने इस मामले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया. साथ



ही मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के परिजनों को मंत्री के सम्मान की गरिमा को बचाए रखने की बात कही. वहीं मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा, अगर कोई गलत किए हैं, चाहे वह मेरे परिवार के हो या बाहर के हो, जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए.

# मोहन भागवत को मिलेगी जेड+ से भी एडवांस लेवल की सुरक्षा

**नई दिल्ली,28 अगस्त।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की सुरक्षा के स्तर को काफी बढ़ा दिया गया है. उनकी सुरक्षा कैटेगरी के जेड प्ल से बढ़ाकर एडवांस सिक्योरिटी लाइजन कर दिया गया है. उनकी सुरक्षा व्यवस्था अब नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जैसी की जाएगी. इसको लेकर हाल ही में गृह मंत्रालय के द्वारा समीक्षा की गई थ, जिसमें पाया गया कि गैर भाजपा दलों के द्वारा शासित राज्यों में ढिलाई बरती गई है. इसके बाद यह फैसला लिया गया है. गृह मंत्रालय ने अपनी एक रिपोर्ट में इसकी बात कही है. आपको बता दें कि भागवत की Z+ सुरक्षा में सीआईएसएफ से प्रतिनियुक्ति पर अधिकारी और गार्ड शामिल थे. दिल्ली के सूत्रों ने कहा कि RSS प्रमुख को कट्टरपंथी इस्लामी संगठनों सहित कई संगठनों के निशाने पर माना जाता है. उनकी लगातार बढ़ती हुई धमकी और विभिन्न एजेंसियों से मिली जानकारी के बाद गृह मंत्रालय ने मोहन भागवत को ASL सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति के रूप में घोषित किया है. सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आधिकारिक तौर पर अपग्रेड के बारे में सूचित कर दिया गया है.ASL के तहत सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति की सुरक्षा से संबंधित जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य और अन्य विभागों जैसी स्थानीय एजेंसियों की भागीदारी अनिवार्य है. सूत्रों ने बताया कि इसमें बहुस्तरीय सुरक्षा घेरे शामिल है. हेलीकॉप्टर यात्रा की अनुमति केवल विशेष रूप से डिजाइन किए गए हेलीकॉप्टरों में दी जाएगी.



# बिना अनुमति संचालित निजी चिकित्सा संस्थानों में दबिश

**बलौदाबाजार,28 अगस्त।** स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार और मरीजों की सुविधा के लिए बिना किसी वैध अनुमति से संचालित निजी अस्पताल तथा डायग्नोस्टिक सेंटरों पर कार्रवाई के निर्देश स्वास्थ्य विभाग ने दिए हैं । इसी कड़ी में आज बलौदाबाजार जिले के कसडोल विकासखंड के 12 चिकित्सा संस्थानों में नर्सिंग होम एक्ट के प्रावधानों के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के मार्गदर्शन में टीम ने दबिश देकर निरीक्षण किया साथ ही नोटिस देकर विधिवत अनुमति लेने की अंतिम चेतावनी दी गई है। सीएमएचओ ने बताया की जिले में इस प्रकार के बिना अनुमति के खोले गए संस्थानों के निरीक्षण हेतु टीम का गठन किया गया है। आज इस टीम द्वारा ही दबिश दी गई। परीक्षण के दौरान इन संस्थानों द्वारा



बिना नर्सिंग होम एक्ट में पंजीयन संचालन करना पाया गया है। इसके लिए स्थान पर ही उन्हें नोटिस दिया गया। नोटिस में उल्लेख है की बिना अनुमति संस्था का संचालन करने पर प्रथम बार संचालक पर राज्य उपचर्या गृह तथा रोगोपचार सम्बंधी स्थापनाएँ अनुज्ञापन नियम 2010 के अध्याय एक के नियम 4 के अनुसार 20 हज़ार के जुर्माने का प्रावधान है। जबकि दूसरी बार ऐसा करते पाए जाने पर दोष सिद्ध होने पर 03 वर्ष का कारावास अथवा 50 हज़ार जुर्माना अथवा दोनों के भागी होंगे। जिन संस्थाओं की जांच की गई उसमें वर्मा पैथोलॉजी कटगी,गायत्री क्लीनिक कटगी, गुप्ता क्लीनिक कटगी , क्योर बे ई क्लीनिक कसडोल,रामगोपाल साहू लैब कसडोल,शर्मा मेटा पैथोलॉजी कसडोल,सिटी डेंटल केयर कसडोल,कबीर पैथोलोजी कसडोल,वासु पैथोलॉजी छांछी, ओम हेल्थ सेंटर छांछी,श्री रत्ना क्लीनिक कसडोल मानस पैथोलॉजी कसडोल शामिल है। सी एम एच ओ के अनुसार आगे भी जिले में यह जांच जारी रहेगी तथा बिना अनुमति संचालित संस्थाओं पर कार्रवाई की जाएगी।

# संजय रूंगटा समूह को भिलाई निगम ने भेजा 23 करोड़ का नोटिस



**दुर्ग,28 अगस्त।** भिलाई नगर निगम राजस्व वसूली के लिए अपनी कमर कसते हुए दर्जनों एकड़ में फैले शैक्षणिक संस्थानों को संपत्ति कर अदा करने के लिए नोटिस जारी कर रहा है. इसके साथ ही गलत स्व-विवरणी को लेकर भी कार्रवाई की जा रही है. इनमें संजय और संतोष रूंगटा ग्रुप को ही करोड़ों रुपए का नोटिस जारी किया गया है.भिलाई के जीडीआर रूंगटा कॉलेज को 23 करोड़ 61 लाख 92 हजार रुपए संपत्तिकर जमा करने का नोटिस भिलाई नगर निगम ने जारी किया है. नोटिस में गलत स्व-विवरणी जमा करने पर पेनाल्टी नहीं लगाई गई. संस्थान ने साल 2004 से अब तक संपत्तिकर जमा नहीं किया है. बता दें कि 25 एकड़ के कैम्पस पर संजय रूंगटा ग्रुप द्वारा संचालित स्कूल, डिग्री कॉलेज, इंजीनियरिंग और डेंटल कॉलेज के अलावा आईटीआई, पॉलिटेक्निक और फार्मेसी कॉलेज जैसी संस्थाएं संचालित हैं. वहीं 26 एकड़ में फैले जमीन पर संतोष रूंगटा ग्रुप द्वारा इंजीनियरिंग और अन्य शैक्षणिक संस्थान संचालित किया जा रहा है. इस कैम्पस की गलत स्व-विवरणी देकर कम सम्पत्तिकर जमा करने पर समूह को नोटिस जारी हुआ है. इसके अलावा गंगाजली एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन आईपी मिश्रा के शंकराचार्य मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज को भी नोटिस जारी हुआ. नोटिस जया मिश्रा, रुद्रांश मिश्रा और नारायणी मिश्रा के नाम से नोटिस जारी हुआ है. इस मामले में पहले निगम के अधिकारियों ने गलत स्व-विवरणी पर 81 हजार रुपए का नोटिस जारी किया था, लेकिन बाद में नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा की शिकायत के बाद 3 लाख 99 हजार का नोटिस जारी किया है. इनके अलावा कई ऐसे बड़े बकायदारों ने पुराने सम्पत्तिकर जमा नहीं कराया है, और नए साल का सम्पत्तिकर जमा करा रहे हैं. जिसकी शिकायत भी की गई है. निगम कमिश्नर देवेश ध्रुव ने बताया कि ऐसे 150 लोगों को सूची हैं, जिन्हें नोटिस जारी किया जा रहा है. जिससे निगम को सम्पत्ति कर के रूप में करोड़ों रुपए की आय होगी.

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में भी जमानत नियम है, जेल अपवादः सुको

**नई दिल्ली,28 अगस्त।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि जमानत एक नियम है और जेल एक अपवाद है का सिद्धांत मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मनी लॉन्ड्रिंग मामलों पर भी लागू होता है। शीर्ष अदालत का यह फैसला तब आया जब उसने उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द करते हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कथित सहयोगी प्रेम प्रकाश को जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह मनीष सिसौदिया के मामले में अपने फैसले पर भरोसा करता है जहां आप नेता को कथित दिल्ली शराब नीति घोटाले में जमानत दी गई थी।

# नक्सलियों ने पुलिस जवान के भाई को उतारा मौत के घाट

**बीजापुर,28 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के तिमेनार में नक्सलियों ने एक और ग्रामीण की हत्या कर दी। दिनदहाड़े उन्होंने वारदात को अंजाम दिया। नक्सलियों ने पुलिस जवान के भाई सुदरू कारम की धारदार हथियार से हत्या कर दी। यह पूरा मामला मिरतूर थाना क्षेत्र का है। उल्लेखनीय है कि, दबाव और बैकफुट के दावों के बीच पिछले चार दिनों में नक्सलियों ने लगातार तीन ग्रामीणों की हत्या कर दी। इससे ग्रामीण दहशत में हैं। नक्सलियों ने पहली हत्या गंगालूर के पूसनार में, दूसरी हत्या जांगला के जैगुर में और आज तीसरी हत्या तिमेनार में की है। वहीं गुरूवार 22 अगस्त को नक्सलियों ने गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत पूसनार गांव में रहने वाले लांचा पूनेम पर मुखबिरी का आरोप लगाकर उसकी हत्या कर दी। घटना स्थल पर पर्चा फेंककर गंगालूर एरिया कमेटी ने हत्या की जिम्मेदारी भी ली। वहीं सोमवार 26 अगस्त को भी नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर भैरमगढ़ के जैगुर निवासी सीतु मंडावी की हत्या कर दी। नक्सलियों ने मृतक पर मुखबिरी का आरोप लगाया था। इसके बाद भैरमगढ़ एरिया कमेटी ने पर्चा जारी कर हत्या की जिम्मेदारी ली है।

# बीजेपी झूठ बोलने वाली पार्टी, रेप पीड़िता हमारी बहनः दीदी

**कोलकाता,28 अगस्त।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में बलात्कार और हत्या की शिकार महिला डॉक्टर के लिए न्याय की मांग को लेकर बंगाल में विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। आज भाजपा कार्यकर्ताओं का ममता सरकार के खिलाफ हल्ला-बोल जारी है। इन सब के बीच पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भी अपना बयान दिया है। उन्होंन कहा कि अगले सप्ताह हम विधानसभा सत्र बुलाएंगे और बलात्कारियों के लिए मौत की सजा सुनिश्चित करने के लिए 10 दिनों के भीतर एक विधेयक पारित करेंगे। हम इस बिल को राज्यपाल के पास भेजेंगे। इसके साथ ही ममता ने कहा कि अगर वह पास नहीं हुआ तो हम राजभवन के बाहर बैठेंगे। इस विधेयक को पारित किया जाना चाहिए और वह इस बार जवाबदेही से बच नहीं सकते। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा आहूत बंद का उद्देश्य बंगाल को बदनाम करना है, यह आरजी कर अस्पताल बलात्कार-हत्या मामले की जांच को पटरी से उतारने की साजिश है। उन्होंन दावा किया कि अगर राज्य सरकार के पास शक्ति होती, तो हम चिकित्सक की हत्या के आरोपियों को सात दिन के भीतर फांसी की सजा दिलाते। उन्होंने कहा कि हम चिकित्सक बलात्कार-हत्या मामले में दोषियों को मृत्युदंड दिलाने के लिए आंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी झूठ बोलने वाली पार्टी है, हमने भी छात्र राजनीति की है। उन्होंने कहा कि आरजी कर रेप पीड़िता हमारी बहन है आज का दिन उसे समर्पित है। वहीं, अभिषेक बनर्जी ने कहा कि हम बीजेपी द्वारा बुलाए गए 12 घंटे के बंगाल बंद का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि



अगर अगले 3-4 महीनों में महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित समयबद्ध कानून केंद्र द्वारा पारित नहीं किया गया, तो तृणमूल कांग्रेस दिल्ली में एक बड़ा आंदोलन करेगी। पश्चिम बंगाल में राज्य सचिवालय तक मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा बुलाए 12 घंटे के बंद के कारण बुधवार को कई हिस्सों में जनजीवन प्रभावित हुआ।

राज्य में सुबह से ही कई स्थानों पर रेल और सड़क अवरोधों के कारण सार्वजनिक परिवहन सेवाओं पर असर पड़ा जिससे लोगों को असुविधा हुई। राजधानी कोलकाता में सड़कों पर चहल-पहल कम है। सड़कों पर बहुत कम बस, ऑटो रिक्शा और टैक्सी नजर आ रही हैं। निजी वाहनों की संख्या भी कम है। हालांकि, बाजार और दुकानें पहले की तरह खुली हैं। स्कूल और कॉलेज खुले हैं लेकिन ज्यादातर निजी कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति बेहद कम है क्योंकि उन्हें घर से काम करने को कहा गया है। सरकारी कार्यालयों में उपस्थिति पहले की तरह सामान्य है। वहीं, भाजपा ने आरोप लगाया कि उत्तर 24 परगना जिले के भाटपारा में उसके दो कार्यकर्ताओं को गोली मारी गई।

केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल बीजेपी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि कोलकाता HC ने हमें सात दिवसीय धरने की अनुमति दी है। हम इसे कल से शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि हम उनके फैसले का स्वागत करते हैं। यहां कोई लोकतंत्र नहीं है, पुलिस फायरिंग नहीं रोक सकती, सिर्फ बीजेपी का विरोध रोक सकती है. पुलिस भाजपा नेताओं को तो गिरफ्तार कर सकती है, लेकिन आरोपियों को नहीं।

# सरकार किस बात से डरेगी, पुलिस अपना काम कर रहीः साय

**रायपुर,28 अगस्त।** भिलाई में पूर्व मुख्यमंत्री के काफिले के सामने विरोध प्रदर्शन और उसके बाद प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिसिया लाठीचार्ज को कांग्रेस ने सरकार का डर में कार्यवाही बताया था। बुधवार को ओडिशा रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसपर कहा कि, सरकार किस बात से डरेगी। क़ानून तोड़ने पर पुलिस अपना काम करेगी। उल्लेखनीय है कि, मुख्यमंत्री श्री साय बुधवार को ओडिशा गए हैं। वे वहां वरिष्ठ आदिवासी और भाजपा नेता जुएल उरांव के घर शोक कार्यक्रम में शामिल होने गए हैं। श्री उरांव की पत्नी का निधन हो गया है। सीएम के साथ प्रदेश के वरिष्ठ आदिवासी नेता और मंत्री राम विचार नेताम, लता उसेंडी भी गई हैं। उधर प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे पर ष्टरू विष्णु देव साय ने मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि, कहा- हम नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है मार्च 2026 तक इस समस्या को खत्म करना है, हम उस दिशा में काम कर रहे हैं। श्री साय ने कहा कि, डबल इंजन सरकार होने का लाभ प्रदेश को मिल रहा है। नक्सल क्षेत्रों में विकास और योजनाओं का लाभ पहुंचे, उस दिशा में भी काम कर रहे हैं।



# भाजपा का सदस्यता अभियान सर्वसमावेशी एव सर्वव्यापी होगा:रविशंकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 28 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी 01 सितंबर 2024 से अखिल भारतीय स्तर से बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सदस्य बनाने का सदस्यता महा अभियान प्रारम्भ करेगी। सदस्यता महाअभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी उत्तर मंडल पाटन का कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्यवक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविशंकर सिंग, जिला पंचायत दुर्ग सदस्य हर्षा चंद्राकर, उत्तर मंडल अध्यक्ष लोकमणि चंद्राकर उपस्थित हुए । कार्यशाला की अध्यक्षता उत्तर मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, महामंत्री द्वय कैलास यादव, उत्तरा सोनवानी की उपस्थिति मे आयोजित हुआ। कार्यशाला को मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रविशंकर सिंग ने जानकारी प्रदान किया कि भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यक्रम डिजिटल तरिके से होता है, सारा डिजिटल डाटा एक स्थान पर केंद्रित किया जाता है। यह सदस्यता अभियान पुरी तरह से डिजिटल होगा । इस सदस्यता अभियान में अपने ही पिछले रिकार्ड को तोड़कर और अधिक कार्यकर्ताओं को अपने मंडल पर सदस्य बनाना है। रविशंकर जी बताया कि सदस्यता अभियान सर्वसमावेशी, सर्वब्यापी होगा, जिसमें समाज के सभी वर्ग और सभी क्षेत्रों के व्यक्तियों को भारतीय जनता पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। युवाओं, महिलाओं, अनुसूचितजाति, जनजाति, डाक्टर,

कलाकार, खिलाडी एवं सभी वर्गों तक पार्टी कार्यकर्ता पहुंचकर उन्हे पार्टी की सदस्यता अभियान से जोड़ेंगे। सदस्यता अभियान पहले चरण पर 01 सितंबर से 25 सितंबर तक चलेगा। दूसरा चरण 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा। 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान का कार्य किया जाएगा। सदस्यता अभियान हेतु भारतीय जनता पार्टी ने टोल फ्री नम्बर 8800002024 जारी किया है, जिस पर मिस्ड कॉल कर प्रत्येक बूथ पर नए सदस्य के रूप में कम से कम 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है। मंडल स्तर के कार्यशाला पश्चात जो शक्तिकेंद्र की टोली है वह बूथ स्तर पर कार्यशाला आयोजित करेंगे। मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी भारत में ही नहीं वरन विश्व की सबसे बड़ी राजनितिक पार्टी है, जिसकी सदस्य के रूप में हम सभी कार्य कर रहे है। हम उस पार्टी के सदस्य हैं, जिसके स्वयं प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सदस्य के रूप में सेवा प्रदान कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी इस बार क्यूआर कोड और नमो एप को सदस्यता अभियान हेतु नया प्रयोग किया है। जिला पंचायत दुर्ग एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हर्षा चंद्राकर ने कहा कि सदस्यता अभियान में पुनः हम सबको सदस्य बनना है, इसके लिए पूरे देश में 10 करोड़ से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी द्वारा निर्धारित किया गया है, इस लक्ष्य को हम सबको बूथ स्तर से केंद्र स्तर के कार्यकर्ताओं को जोड़कर पुरा करना है। उत्तर मंडल के पूर्व अध्यक्ष खिलावन वर्मा ने कहा कि सदस्यता अभियान के तहत बूथ मे निवासरत अंतिम छोर के व्यक्ति को भाजपा कार्यकर्ता उनके पास पहुंचकर केंद्र व राज्य शासन के योजनाओं की जानकारी व लाभ दिलाने के साथ ही पार्टी की प्राथमिक सदस्य के रूप में जोड़ने का कार्य करेंगे । स्वागत उद्बोधन उत्तर मंडल पाटन के सदस्यता अभियान के संयोजक मोहन साहू ने किया साथ ही 15 शक्तिकेंद्र का शक्तिकेन्द्र स्तरीय सदस्यता अभियान टोली की जानकारी प्रदान किया गया। कार्यशाला का संचालन रवि सिंगौर, राजू साहू महामंत्री युवा मोर्चा ने, आभार कैलास यादव महामंत्री उत्तर मंडल पाटन ने किया। उत्तर मंडल के कार्यशाला में मुख्य वक्ता श्री रविशंकर सिंग, हर्षा चंद्राकर सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, लोकमणि चंद्राकर अध्यक्ष उत्तर मंडल पाटन, कैलास यादव, उत्तरा सोनवानी महामंत्री द्वय, खेमराज यदु, खिलावन वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वय, राजेश चंद्राकर, फेरहाराम धीवर सांसद प्रतिनिधि द्वय, घनश्याम कौशिक, श्रीमती रेवती सोनकर जनपद सदस्य द्वय, श्रीमती गायत्री साहू अध्यक्ष महिला मोर्चा, श्रीमती मधुकांता साहू, श्रीमती लक्ष्मी देवांगन, श्रीमती सुनीता साहू, टीकाराम साहू, धर्मेंद कौशिक, राजू बघेल, कमलेश चंद्राकर, प्रकाश चंद्राकर, आलोक पाल नगर भाजपा अध्यक्ष, ओमप्रकाश साहू, कामता पटेल, कमलेश साहू, रविकांत कौशिक, दयानद सोनकर, सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### शराब की बिक्री पर सरकार को प्रतिबंध लगाना चाहिए :लक्की



**कवर्धा, 28 अगस्त।** सुबह दस बजे तक ही अधिकतर युवा शराब दुकान पहुंचकर शराब खरीदते हुए देखे जाते है और कई ऐसे जो दिन भर मेहनत करते है और कमाते है लेकिन शराब में ज्यादा पैसा खर्च करते है जो की चिंतनीय विषय है । बहुत से अच्छे पढ़े लिखे लोगो और महिलाओं और छात्र छात्राओं , व्यापारियों ने भी बिना नाम की शर्त पर कहा की शराब बिकने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगना चाहिए जिससे की परिवार में झगड़े कम हो और दिन भर की कमाई का पैसा अच्छी समान पर खर्च हो और परिवार में सभी बैठकर एक साथ बात कर सके । भोरमदेव शक्कर कारखाना के पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी ने शराब से होने वाले नुकसान पर चर्चा करते हुए कहा की शराब युवाओं और बच्चो के भविष्य को बर्बाद कर रही है और बड़े बड़े अपराध भी अक्सर शराब पीने की अवस्था में होती है और एक्सीडेंट जैसी घटनाएं भी शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए होती दिखती है । शराब पीने से हृदय रोग और कैंसर होने का खतरा रहता है । बच्चो की पढ़ाई पर भी शराब पीने वाले ध्यान नही दे पाते जो की चिंताजनक है जिस पर प्रकाश डालते हुए भोरमदेव शक्कर कारखाना के पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी ने कहा की शराब बिक्री पद सरकार प्रतिबंध लगाना चाहिए जिससे की युवा और परिवार आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर हो होगा और पूरा परिवार खुशहाल रहेगा ।

### नर्सिंग होम के सामने से बाइक चोरी

**भिलाई, 28 अगस्त।** भिलाई मोहन नगर थाना अंतर्गत शंकर नगर स्थित गुलाटी नर्सिंग होम के सामने से बाइक चोरी हो गई सूचना पर पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफअपराध दर्ज किया है पुलिस ने बताया कि प्रांजल जटवानी 26 वर्ष गुलाटी नर्सिंग होम में मैनेजर का काम करता है। 26 अगस्त की सुबह करीब 5:15 बजे वह बाइक को घटना स्थल पर खड़े कर भिलाई चले गया लौटने पर उसने देखा कि उसकी बाइक मौके से गायब थी इसके बाद उसने मामले की जानकारी पुलिस को दी पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है ।

### महकाकला में संकुल स्तरीय विदाई समारोह का आयोजन



**पाटन।** संकुल स्तरीय विदाई समारोह का आयोजन 23 अगस्त को संकुल केंद्र महकाकला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वीणावादिनी की पूजा अर्चना संकुल प्राचार्य घनश्याम साहू एवं प्रधानाचार्य पूर्व माध्यमिक शाला महकाकला श्रीमती गायत्री वर्मा व प्रधानाचार्य प्राथमिक शाला तेजराम कामड़िया, संकुल समन्वयक अश्वनी साहू द्वारा किया गया। श्रीमती कविता वर्मा व श्रीमती कल्पना तारम के पदोन्नत उपरांत उच्च वर्ग शिक्षक व प्रधानाचार्य बनने के उपलक्ष्य में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सभी शिक्षकगणों ने अपने यादों के पिटारे से दोनों शिक्षिकाओं के साथ बिताये अविस्मरणीय पलों को साझा किया। इस कार्यक्रम में प्रधानपाठक परेवाडीह रोहित गायकवाड़, प्रधानपाठक मुड़पार महेंद्र कुमार साहू, व्याख्याता गण बी के साहू, नागेश देशमुख, शमिम अख्तर, श्रीमती शैलू वर्मा, श्रीमती सीमा पोर्ते, श्रीमती रितु सोयेत्रा, शिक्षक धर्मजीत देवांगन, किशोर कुमार मढ़रिया, श्रीमती मालती मंडावी, श्रीमती सैनी सन्नी, श्रीमती सुषमा नेताम व सहायक शिक्षिका द्वय श्रीमती अनिता देवांगन, श्रीमती प्रेमलता मरकाम, राकेश कुमार आदि ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति प्रदान की।



कवर्धा। पोड़ी गांव में दही हांडी लूट का आयोजन हुआ।



कवर्धा। कृष्ण कुंज कवर्धा में दही हांडी लूट का वृहत आयोजन किया गया

# जिले में मनरेगा के मजदूरों को 3माह से नहीं मिली मजदूरी:चोवाराम साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 28 अगस्त।** कहते हैं कि न्याय तभी है जब मजदूर को उसका पसीना सूखने से पहले मजदूरी मिल जाए। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि भाजपा शासनकाल में छत्तीसगढ़ राज्य और कबीरधाम जिले के मनरेगा मजदूरों को पसीना सूखने से पहले तो दूर, मजदूरी करने के महिनो बाद भी मजदूरी नहीं मिल पा रही है। उक्त बातें मजदूरी से वंचित मनरेगा मजदूरों की पीड़ा व्यक्त करते हुए कवर्धा के पूर्व मण्डी उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने जारी बयान में कहीं। साहू ने अपने बयान में बताया कि भाजपा शासनकाल में प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में केन्द्र सरकार की मनरेगा योजना के तहत कार्य करने हजारों महिला एवं पुरूष मजदूरों को विगत करीब तीन माह से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होने बताया कि अगर सिर्फ कबीरधाम जिले की ही बात की जाए तो जिले में मनरेगा मजदूरों का करीब 36 करोड़ का भुगतान लंबित है वहीं जिले के विकासखण्ड स. लोहारा में मनरेगा के तहत मजदूरी करने वाले मजदूरों को मई माह के बाद से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है जिसकी मजदूरी राशि करीब 7 सात करोड़ रूपए है। कवर्धा के पूर्व मण्डी अध्यक्ष चोवाराम साहू ने बताया कि बीते तीन माह से मनरेगा के मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नहीं होने कारण उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा होने लगा है। क्योंकि मजदूरी वहीं व्यक्ति करता है जिसके पास अपना



कोई रोजी रोजगार अथवा नौकरी नहीं होती। मजदूर और उसका परिवार पूरी तरह से मजदूरी पर ही आश्रित होता है। अपना खून पसीना बहाने के बाद जब मजदूर को समय पर मजदूरी मिलती है तब उसके परिवार का भरण पोषण हो पाता है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार काबिज हुई है मनरेगा के मजदूरों को उनकी मजदूरी भी समय पर नहीं मिल पा रही है। जबकि इस समय तीज त्यौहार का दौर चल रहा है और ऐसे में मजदूरों को राशि की सख्त जरूरत है। बावजूद इसके शासन-प्रशासन तथा बड़ी-बड़ी बातें करने वाले क्षेत्रीय औहदेदार मंत्री और विधायक इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। चोवा साहू ने शासन, प्रशासन से मनरेगा मजदूरों की इस गंभीर समस्या के तत्काल निकारण कर उन्हें पूरे तीन माह की लंबित मजदूरी का एक मुस्त भुगतान किए जाने की मांग की है।

### निगम के महत्वपूर्ण लोकेशन के 50 भूखंडों का आवंटन किया जाएगा नीलामी से

**भिलाई, 28 अगस्त।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा महत्वपूर्ण लोकेशन का भूखण्ड नीलामी के माध्यम से आबंटित किये जायेंगे। पूर्व साडा वर्तमान नगर निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत विभिन्न लोकेशन पर प्लाट आबंटन के लिए उपलब्ध है। जिसे शासन से प्राप्त मार्गदर्शन अनुसार भूखंडों की नीलामी करके अधिकतम बोली दाता को प्लॉट आबंटित किये जायेंगे। नगर निगम भिलाई के वेबसाइट पर नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग से अनुमोदित चिन्हित मानचित्र के अनुसार 50 भूखण्ड नीलामी हेतु उपलब्ध है। प्रमुख रूप से नगर निगम भिलाई के जोन-01 नेहरू नगर में मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व के 10 भूखण्ड, दक्षिण गंगोत्री व्यावसायिक योजना के 10 भूखण्ड, प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम व्यावसायिक योजना के 4 भूखण्ड है।

# कोसरिया मरार पटेल समाज युवा प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण आज



**दुर्ग,28 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला कोसरिया मरार पटेल समाज युवा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारिय आज जिला अध्यक्ष आत्माराम पटेल एवं समाज के उपस्थिती में मंगल भवन बजार चौक धमधा में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रखा गया है, जिसमें समाज के अनेकों लोग होगे शामिल साथ ही 17 नवंबर को आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन दुर्ग जिले के धमधा ब्लाक में होना प्रस्तावित है तदनुसार उक्त कार्यक्रम की रूपरेखा तैयारी पर चर्चा प्रकोष्ठ सक्रियता एवं समाज की रूपरेखा विशेष बिंदु पर चर्चा करेंगे उत मिटिंग को लेकर समाज के युवाओं में काफी अलग उत्साह बना हुआ है , दुर्ग जिला अध्यक्ष आत्माराम पटेल ने इस सपथग्रहण समारोह में समाज के युवा एवं महिलाओं से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।यह जानकारी जिला प्रचार सचिव मनोज कुमार पटेल ने दी।

## दीपशिखा विद्यालय में जन्माष्टमी पर्व मनाया गया



**उतई, 28 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रति वर्षानुसार दीपशिखा विद्यालय डूमरडीह उतई में कृष्ण जन्मोत्सव उल्लास पूर्वक मनाया गया ।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा राधा कृष्ण की विविध रूपों में झांकी निकाली गई । विद्यालय परिसर ऐसा लग रहा था मानो वृंदावन की गोप गोपियां यही उतर आई हो ,पूरा प्रांगण भक्ति मय गोकुलधाम सा प्रतीत हो रहा था । छात्र-छात्राएं आकर्षक रंगारंग नृत्य एवं भजन प्रस्तुत किये ।छात्र - छात्राओं ने कृष्ण जन्म से संबंधित नाटक की प्रस्तुति भी दी। साथ ही साथ मटका फोड़ ,रस्सा खींच ,फैंसी ड्रेस एवं दही हांडी का भी आयोजन किया गया। साथ ही हल षष्ठी पर्व पर भी जानकारी दिया गया । इस अवसर अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव श्री डी एल सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण का जीवन आज भी हमारे लिए प्रेरणादाई है। हर कष्ट हर परिस्थिति में हमें मुस्कुराते रहने की प्रेरणा देते हैं। ऐसे महापुरुषों के जीवन को अपने जीवन में उतरने की आवश्यकता है । इस अवसर पर प्राचार्य श्री के आर सिन्हा ने भी संबोधित किया। छात्र संघ परिषद के सचिव कु. त्रिशा वर्मा ने जन्माष्टमी पर्व के बारे में जानकारी दी एवं भगवान श्री कृष्ण के विभिन्न लीलाओं का भी जिक्र किया। परीक्षा प्रभारी एन के चंद्राकर उपप्राचार्या श्रीमती अनीता अहीर शांता सोनवानी प्रधान पाठक शरणजीत कौर ,एस आर सेन सहित सभी शिक्षक -शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# इंडियन स्टील कॉन्फ्रेंस का आयोजन 29 एवं 30 अगस्त को

**भिलाई, 28 अगस्त।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की इस्पात नगरी भिलाई में 29 एवं 30 अगस्त को आयरन एंड स्टील रिव्यूव मैग्ज़ीन-कोलकाता, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेटल्स (आई आई एम) एवं भिलाई चैप्टर, इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई सेंटर एवं सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संयुक्त रूप से भारतीय इस्पात सम्मेलन (इंडियन स्टील कॉन्फ्रेंस)ः डीकार्बोनाइजेशन और आधारभूत संरचना के विकास का महत्व और भूमिका÷ नामक एक राष्ट्रीय इस्पात सम्मेलन आयोजित की जाएगी। यह 2 दिवसीय सम्मेलन सिविक सेंटर स्थित महात्मा गाँधी कला मंदिर, भिलाई एवं भिलाई निवास में आयोजित की जा रही है। इसमें भाग लेने वाले सभी कंपनियों की सहमति प्राप्त हो चुकी है। यह सम्मेलन कुल 9 सत्रों में आयोजित किया जायेगा। इस सम्मेलन का शुभारंभ 29 अगस्त को सिविक सेंटर कला मंदिर में होगा। उद्घाटन के पूर्व 29 अगस्त को कला मंदिर में 08ः30 से 09ः30 बजे तक सभी प्रतिनिधियों का पंजीकरण किया जायेगा। इस सम्मेलन का प्रथम भाग कला मंदिर में तथा 30 अगस्त 2024 को दूसरा भाग जिसमें आपूर्तिकर्ताओं की बैठक (सप्लायर मीट) होगी, वह भिलाई निवास में आयोजित की जायेगी। इसके लिए भिलाई निवास में दोपहर 2ः00 से 2ः30 बजे तक सप्लायर मीट के लिए पंजीकरण किया जायेगा। इस आयोजन में प्रतिभागी कंपनियों और आपूर्तिकर्ताओं द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में अपने-अपने स्टॉल भी लगाये जायेंगे। यह प्रदर्शनी कला मंदिर परिसर में आयोजित की जा रही है। इस सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों की उपस्थिति में किया जायेगा। उद्घाटन समारोह में सम्मेलन की स्मारिका का अनावरण भी किया जायेगा। साथ ही डी-कार्बोनाइजेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास का महत्व और भूमिका पर पैनल चर्चा भी की जायेगी। इसके दूसरे सत्र में इस सम्मेलन का मुख्य प्रतिवेदन दिया जायेगा। तीसरे, चौथे, पांचवें, छठे और सातवें सत्र में विभिन्न प्रतिभागी कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा तकनीकी पेपर प्रस्तुत किये जायेंगे। सत्र के अध्यक्ष और प्रतिवेदक द्वारा इसका सारांश प्रस्तुत किया जाएगा। इन सत्रों में इस्पात उद्योग से सम्बंधित टेक्नोलॉजी से इस्पात की गुणवत्ता को बढ़ाने, भारतीय इस्पात क्षेत्र में पर्यावरण अनुकूल डीकार्बोनाइजेशन के विभिन्न पहल, संसाधन दक्षता, कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए रोड मैप, इस्पात निर्माण की प्रक्रिया में तापमान, दबाव, अनुकूलित गैस, विभिन्न तत्वों और घटकों का प्रभाव, संरचनात्मक अनुप्रयोग आदि विषय पर प्रस्तुति दी जायेगी और चर्चा कर भविष्य के लिए रणनीति तैयार की जायेगी। इस सम्मेलन के आठवें और नौवें सत्र में सप्लायर मीट होगी, जिसमें सड़क निर्माण और पेवर ब्लॉक के निर्माण में एलडी स्लैग का अभिनव उपयोग सहित लौह और इस्पात उद्योग की समस्याओं के समाधान में भविष्य के रूप में इस्पात सूचना विज्ञान पर चर्चा भी की जायेगी। साथ ही एमएसीओ प्रस्तुति तथा ग्रीन सस्टेनेबिलिटी पर भी प्रकाश डाला जायेगा। सम्मेलन में सेल के विभिन्न इकाईयों से वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिनिधियों सहित बीएसपी से 30 प्रतिनिधिगण हिस्सा लेंगे। साथ ही स्टील उद्योगों और टेक्नोलॉजी से सम्बंधित विभिन्न प्राइवेट कंपनियां और संस्थानों के अधिकारी एवं प्रतिनिधिगण भी शामिल होंगे। जिसमें व्हीआईएसएल, एनएमडीसी, जेएसडब्ल्यू, टाटा स्टील, मेकॉन, सेल- रिफैक्ट्री यूनिट, एसएमएस इंडिया, आरडीसीआईएस बीएसएल प्लांट सेंटर, सीएसआईआर-इंस्टीट्यूट ऑफ मिनरल्स एंड मटेरियल्स टेक्नोलॉजी, सेल सीईटी रांची, डेनियली इंडिया लिमिटेड, श्री जगन्नाथ, एमओआईएल, सेल का लौह एवं इस्पात अनुसंधान एवं विकास केंद्र-आरडीसीआईएस रांची, सेल निगमित कार्यालय, सेल के विभिन्न इस्पात संयंत्रों बोकारों, दुर्गापुर, राउलकेला, इसको, सेलम, एमईएल सहित प्राइमेटल्स टेक्नोलॉजीस इंडिया, मोनेट, जिंदल, इंस्टीट्यूट ऑफ मिनरल्स एंड मैटेरियल्स टेक्नोलॉजी (आईएमएमटी)-भुवनेश्वर, आईआईटी-भिलाई, एनआईटी- रायपुर आदि संगठनों सहित निजी लौह और इस्पात उत्पादक कंपनियों के प्रतिनिधि भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। इस सम्मेलन में लगभग 200 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की सम्भावना है, जो 2 दिनों तक लौह और इस्पात क्षेत्र में हो रहे आधुनिकीकरण, डीकार्बोनाइजेशन और बढती मांग एवं तकनीक पर गंभीर विचार विमर्श करेंगे।



**भिलाई।** भिलाई धमधा थाना पुलिस द्वारा पहुंच विहीन ग्राम मुड़पार जा कर अपराध विवेचना के दौरान ग्राम में चलित थाना जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या को सुना गया इस दौरान त्वरित निराकरण किया साथ ही किसानों को अपना मवेशी घर में बांध कर रखने एवम अपने फसल की सुरक्षा स्वत करने हिदायत दी गई स्कूल जाने वाले बच्चों के अभिभावकों को उन्हें स्कूल अनिवार्य रूप से भेजने समझाइश दिया विभिन्न प्रकार से होने वाले ऑनलाइन ठगी साइबर फ्रॉड से बचने की जानकारी दी गई

# धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी पर्व




**कवर्धा, 28 अगस्त।** मॉडल आंगनवाड़ी वार्ड नंबर 23 क्रमांक 2 में धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव मनाया गया जिसमें कार्यकर्ता सुलोचनी ठाकुर सहायिका अदिति ठाकुर एवं क्रेश कार्यकर्ता मीना साहू उपस्थित थे ।कृष्ण बनकर आए छोटे-छोटे बच्चे बहुत ही सुंदर लग रहे थे कृष्ण जी के रूप में अभिनव ठाकुर, अक्षत वैष्णव, अर्नक जैन, मोहम्मद कादिल, लक्ष्य निर्मलकर, हरिचंद्राकार एवं राधा बनकर आई बच्चिंया हर्णिका सोनी वैष्णवी साहू निपेक्षा ध्रुव एवं भाव्य जयसवाल उपस्थित थे।

### लहसुन और अदरक की महंगाई से ग्राहक परेशान



**कवर्धा।** आजकल चर्चा मंहगाई पर जोरो से हो रही है खासकर सब्जी बाजार में अदरक और लहसुन की महंगी दाम को सुनकर । ग्राहक झल्लाते हुए कहते है की क्या अब अदरक युक्त चाय पीना भी बंद कर दे । लहसुन का दाम 70 रुपया पाव सुनते ही ग्राहक ने कहा क्या अब मसालेदार सब्जी भी नही खाए । आखिर कब तक महंगाई का बोझ ग्राहक को सहन करना होगा चिंतनीय विषय है ।

# रिसाली में आंगनबाड़ी के बच्चों को अब पानी की दिक्कत नहीं



**रिसाली।** आंगनबाड़ी से लेकर सार्वजनिक और घरों तक बिछी पाइप लाइन के संधारण से आम लोग समेत बच्चों को राहत मिल रही है। रिसाली निगम क्षेत्र में पानी से संबंधित ऐसी 22 आवेदन थे जिसे प्राथमिकता से निराकरण किया। आमतौर पर यह शिकायतें अगस्त प्रथम सप्ताह में हुए जन समस्या निवारण शिविर में मिली थी। कलेक्टर ऋचा प्रकाश के मार्गदर्शन में और निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर शिविर के प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। शिविर में आमतौर पर ऐसी शिकायतों का निराकरण पहले पायदान में किया गया जिसका फायदा सीधे तौर पर बहुत से लोगों को मिला रहा था। रिसाली के आउटर में बसे नेवई भाठा में दो आंगनबाड़ी के बच्चों को पानी की समस्या हो रही थी। जन समस्या निवारण शिविर में यहां मरम्मत कार्य पूर्ण कर पानी की समस्या को दूर किया गया। इसी तरह सार्वजनिक शौचालय के पाइप लाइन को ठीक करने पर नेवई वासी को राहत मिली। यहां पर आम लोगों ने शिकायत की थी कि उस समय दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जब नल नहीं खुलता है। लोगों ने बोर शुरू कराने की मांग की थी। शिकायत मिलते ही बोर को शुरू कराया गया। शिविर में ऐसे शिकायतों का अलग से प्रस्ताव बनाया गया है जहां लो प्रेशर है। ऐसे प्रस्ताव को शासन को भेजा गया है।आयुक्त ने विशेष रूप से समस्या से आम लोगों को छुटकारा दिलाने शासन को पत्र लिखा है। लो प्रेशर की वजह से लगभग 10 से 12 घरों में कम पानी पहुंच रहा है।

## प्रिज्म में उड़ान प्लेसमेंट कैंप का आगाज



**उतई, 28 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रिज्म संस्थान महकाखुर्द पाटन में पांच दिवसीय मेगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रथम दिवस मंगलवार को उद्घाटन समारोह रखा गया द्य मुख्य अतिथि के रूप में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार भूपेंद्र कुलदीप उपस्थित थे 7 शुरुआत सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वन्दना के साथ किया गया द्य प्लेसमेंट डायरेक्टर असीम साहू ने विस्तार से पांच दिवसीय मेगा प्लेसमेंट ड्राइव के बारे में पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के प्रबंधक रुपेश कुमार गुप्ता ने अभ्यर्थियों को यह समझाया की यही समय है अपने भविष्य को बढ़ाने का द्य उड़ान कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती परमिता मोहंती ने बताया कि करियर की शुरुआत करते समय बड़ी कठिनाइयां आती हैं साथ ही छोटे से छोटे कार्य को खुद ही करना होता है। रजिस्ट्रार भूपेंद्र कुलदीप ने कहा कि इस ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार का मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करना एक बहुत ही उत्कृष्ट कार्य है द्य उन्होंने विभिन्न शासकीय महाविद्यालय से आए हुए प्राध्यापकों का सम्मान भी किया गया। प्रथम दिवस साक्षात्कार हेतु लगभग 417 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था उसमें से 300 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार हेतु विभिन्न कंपनियों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ओपन केंपस ड्राइव होने के कारण ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई थी जिसमें लगभग 25 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार दिया।

### तबला वादन में चिंटू प्रथम स्थान पर रहे

**उतई, 28 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दुर्ग विधान सभा दुर्ग ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धनोरा दुर्ग के कक्षा दसवीं के छात्र शिखलेशवर चीन्टू साहू ने कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई में आयोजित प्रेज्ञोत्सव कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया स्कुल के प्रिंसिपल सविता त्रिपाठी के हाथो पुरस्कृत किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुरे स्कुल स्टाप मौजूद रहे इस तरह होन हार बच्चों को पुरस्कृत किया गया एवं उनके भविष्य की कामना करते हुए अपने आशिर्वाद दिया गया



# मानपुर में शिक्षा और व्यवस्था गर्त में जाने के कगार पर

## प्रिंसिपल सहित पंद्रह स्टाफ, चपरासी के भरोसे होती है प्रार्थना, कनिष्ठ को बड़ी जिम्मेदारी, वरिष्ठों को कर रहे दरकिनार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 28 अगस्त।** स्वामी आत्मानंद हिंदी व अंग्रेजी माध्यम मानपुर में शिक्षा और व्यवस्था गर्त में जाने के कागार पर है, सुबह की क्लास लगने वाले शिफ्ट में मिडिल,हाई,हायर सेकेंडरी में हिंदी माध्यम में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं लगभग पांच सौ की तादाद में अध्यन करते है । सुबह साढ़े सात बजे से क्लास लगने की शुरुआत होती है जिनमे पहले प्रार्थना (राष्ट्रगान) होता है फिर पढ़ाई की शुरुआत होती है । लेकिन जिले के मानपुर ब्लाक में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह पोल खोल रहा है । जब शिक्षा समिति अध्यक्ष राजहंश मंडावी ने इसकी पड़ताल की तो पता चला प्रार्थना में खड़े बच्चों के साथ सिर्फ चपरासी ही नज़र आये, सुबह की शिफ्ट में पंद्रह शिक्षक-शिक्षिकाओं का स्टाफ नदारत दिखा,ऐसा पहली बार नही हुआ है



महीनों से ही चपरासी के ही द्वारा प्रार्थना कराया जाता है । समिति अध्यक्ष के मुताबिक जब छात्र-छात्राओं से पूछा गया और जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि रोजाना यही स्थिति रहती है। प्रार्थना भृत्य ही कराती है।

### शिक्षक शिक्षिकाएं कोई बस से तो बाइक से पहुँचते है स्कूल

महीनों से चल रहे भर्राशाही तरीके से स्वामी आत्मनांद स्कूल की पढ़ाई भी किसी भी समय गर्त में जाने के कगार पर है, सुबह लगभग पाँच सौ छात्र-छात्राओं की शिक्षा व्यवस्था पंद्रह स्टाफ के भरोसे है लेकिन यह कहा पाना संभव नही है कि शिक्षानीति कितना अनुकूल है। सुबह साढ़े सात बजे प्रार्थना अगर चपरासी के द्वारा हो रहा है तो अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि पंद्रह लोगो का स्टॉफ कितनी सिद्दत से बच्चों का भविष्य संवारेंगे । सुबह की क्लास लगने से पहले स्कूल स्टाफ सफर कर स्कूल अपने टाइम पर नही पहुँच पाते क्योंकि कोई मोटरसाइकिल या बस का सफर तय कर अन्य ग्रामों से स्कूल पहुँचता है ! बाकी स्टॉफ जो मानपुर में निवासरत है वो शायद बाहर से आने वाले शिक्षकों का इंतजार करते है !

### कैमरे चारों दिशाओं में तो चौकीदार क्यों न रहे नदारद !

स्वामी आत्मनांद स्कूल में त्रिनेत्र मतलब सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है जिससे चोरी की घटनाओं से बचाया जा सके । अब जिस स्कूल में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है तो चौकीदार की तैनाती भी साफ़तौर देखा जा सकता है कि रात की पहरेदारी सीसीटीवी कैमरा करता है या चौकीदार । स्वामी आत्मनांद स्कूल में शिक्षकों भर्राशाही चरम पर है । मानपुर में बड़े बड़े नेता और जनप्रतिनिधि के बच्चे भी वही स्कूल में अध्ययनरत है लेकिन कभी ऐसे मामलों पर उनका ध्यानाकर्षित अब तक नही हो पाया जिनकी वजह से आज स्वामी आत्मनांद स्कूल की बदहाल व्यवस्था को दर्शाता है ।

निरीक्षण के दौरान बच्चो ने बताया कि रोजाना चपरासी प्रार्थना कराती हैं,टीचर्स भी उपस्थित नही रहते। मैं उच्च अधिकारी से शिकायत करूंगा ।

**राजहंस मांडवी, अध्यक्ष शाला समिति स्वामी आत्मानंद स्कूल मानपुर**

मेरे संज्ञान में आपके द्वारा आया है मैं जांच करवाऊंगा, जो शिक्षक इस प्रकार से प्रार्थना में नहीं आते,जो भी दोषी होंगे मैं कार्यवाही करूंगा

**फत्तेराम कोसरीया,प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी मोहला**

## एक नजर

### जन्माष्टमी पर यादव समाज की शोभायात्रा का पार्षद ने किया स्वागत

**नगरी 28 अगस्त।** परिक्षेत्रीय यादव समाज



नगरी द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर अपने आराध्य देव भगवान श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव बड़े ही भक्ति भाव और श्रद्धा पूर्वक धूमधाम के साथ मनाया गया, इस अवसर में यादव समाज के द्वारा सामाजिक भवन से शोभायात्रा के साथ में श्रीकृष्ण के जीवंत झांकी निकाली गई, इस दौरान सामाजिक महिलाएं अपने सिर में कलश लेकर शोभा यात्रा में शामिल हुई, झांकी का प्रदर्शन करते हुए रामनगर बिजली ऑफिस बस स्टैंड बजरंग चौक होते हुए महावीर चौक वार्ड क्रमांक 11 पहुंची जहां पर वार्ड की पार्षद पूनम बलजीत छाबड़ा द्वारा शोभायात्रा का स्वागत कर प्रसादी का वितरण किया गया, यादव बंधुओ के द्वारा यहां पर दही मटकी फोड़ कर रस्मों को पूरा किया, तत्पश्चात पार्षद पूनम छाबड़ा एवं पूर्व पार्षद बलजीत छाबड़ा ने नगर यादव समाज के अध्यक्ष नंद कुमार यादव को साल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया और समस्त यादव समाज को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी, स्वागत के दौरान मनीष नाहटा दिनेश तिवारी विकास सोनी सौरभ नाग आतिश देवांगन तरुण साहू द्रविड़ साहू नीरज साहू प्रेमजीत छाबड़ा देवीचंद जैन सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

### कार चोरी के आरोपी को पुलिस ने जबलपुर से किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव 28 अगस्त।** प्रार्थी फिरन दास




साहू पिता स्व0 घसिया दास साहू उम्र 66 साल निवासी मकान न0 एम डी-11 दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर(छ0ग0) का दिनांक 25/08/2024 को थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 24/08/2024 को अपनी गाडी अर्टिका कार क्रमांक सीजी 08 बीए 8887 कीमती 11,00,000 रूपये को किराये पर दिया था। जिसे ड्राइवर संदीप थवाईत रायपुर से बुकिंग पर राजनांदगॉव लेकर आया था। सवारी उतारने के बाद फोन से पुनः कार का बुकिंग मिला बुकिंग करने वाले व्यक्ति को कार में बैठाया एवं गाड़ी को चाबी लगे हालत में राजनांदगॉव के रेल्वे स्टेशन के पास रात्रि करीब 19:00 बजे खड़ी कर पेशाब करने चला गया, इस दौरान उक्त अज्ञात व्यक्ति द्वारा कार को चोरी कर ले जाना बताया। कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अप0 क्र0 513/24 धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। कायमी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली राजनांदगांव से टीम गठित कर अज्ञात आरोपी का पता तलाश घटना स्थल एवं उसके आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेज को खंगाला गया व तकनीकी सहायता लिया गया। फुटेज मे मिले क्लू के आधार पर व कार के ड्रायवर द्वारा बताये गये आरोपी के हुलिया एवं मुखबीर की सूचना पर गठित टीम द्वारा बरगी टोल प्लाजा के पास जबलपुर (म0प्र0) में ,मध्यप्रदेश बरगी पुलिस की सहायता से घेराबंदी कर संदेही को पकडा गया पूछताछ पर अपना नाम व पता अजय कुमार रजक पिता जालिम रजक उम्र 46 साल निवासी दीठवारा थाना कठुला जिला कटनी (म0प्र0) का होना बताया, जिसके कब्जे से अर्टिका कार क्रमांक सीजी 08 बीए 8887 कीमती 11 लाख रूपये को बरामद कर जबलपुर से राजनांदगॉव लाया गया।

### गौ तस्करों पर राजनांदगांव पुलिस एवं गोंदिया पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**राजनांदगांव 28 अगस्त।** जिले के अवैध शराब बिक्री एवं अवैध तस्करी गो तस्करी के रोकथाम व अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में दिनांक 26/08/24 की रात्रि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की भिलाई की ओर से ट्रक क्रमांक रू। 20श्वत्र 9134 मे गाय बैल को भर कर महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा है तत्काल वरिष्ठ अधिकारियो के मार्ग दर्शन में टीम गठित किया गया सभी टीम को महाराष्ट्र की ओर जाने वाले संभावित स्थानों पर लगाया गया महाराष्ट्र के सरहदी थानों को भी सूचना से अवगत कराया गया रास्तों में पुलिस की चौकसी देख आरोपियों के द्वारा वाहन महाराष्ट्र की ओर ले गया जहा चीचगढ़ प्रभारी को सूचना से अवगत कराया गया एवं नाकेबंदी हेतु सहयोग प्राप्त किया गया सभी दिशाओं से घिरने पर आरोपीयो के द्वारा वाहन को कच्चे रास्ते में जंगल में डाल कर छोड़कर भागने का प्रयास कर रहे थे एक आरोपी फरार हो गया सहयोगी आरोपी को दौड़ा कर पकड़ा गया जिसने पूछताछ में अपना नाम देवेंद्र राव बताया उसके कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त वाहन ट्रक रू। 20श्वत्र 9134 एवम 21 नग गाय बैल जप्त किया उक्त राजनांदगांव पुलिस एवम गोंदिया पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए आरोपियों के विरूद्ध चौकी चीचगढ थाना देवरी जिला गोंदिया में महाराष्ट्र पशु संरक्षण अधिनियम, महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम, के तहत अजमानतीय धाराओं में अपराध कायम किया गया।

# खुज्जी की जनता को है बेसब्री से बीमा पालिसी रसीद का इंतजार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 28 अगस्त।** खुज्जी विधानसभा की राजनीति में क्षेत्र का नाम ना आये ऐसा कभी नहीं हो सकता इसी के चलते खुज्जी विधायक भोलाराम साहू के खासमखास एवं जिला संयुक्त महामंत्री राम साहू के पिछले दिनों के अवैध उगाही वाले मामले की बात अभी ठंडी नहीं हुई और आज राम साहू का बयान एक सोशल मीडिया में आने से बात और आगे बढ़ गई कि वे बीमा पालिसी का कार्य भी करते हैं, उनके बीमा पालिसी से किसी भी आमजन को कोई आपत्ति नहीं हैं राम साहू जो बीमा पालिसी करते हैं उसकी रसीद सबको दिखा दें केवल एक मीडिया में दिखाने से काम नहीं चल पायेगा। इसी बात को सार्वजनिक रूप से प्रेस कांफ्रेंस करके दिखा देते तो मामला इतना गंभीर नहीं होता। राम साहू के कांग्रेस के प्रति निष्ठावान होने पर भी किसी को कोई तकलीफ नहीं है, खुज्जी की पूरी जनता जानती है। जनता को तो सिर्फ ये देखना है कि राम साहू बीमा का कार्य भी



साथ ही साथ करते हैं। जिनसे सरपंच और सचिव ग्राम पंचायत में बीमा पालिसी करवाते हैं। आम जनता इस मामले में बहुत असमंजस में है कि दो सप्ताह पहले एक पोर्टल में चली रामपुर के सरपंच ने लगाया खुज्जी मीडिया प्रभारी पर अवैध उगाही का आरोप था। वही पोर्टल आज उसी मीडिया प्रभारी राम साहू के बयान को लेकर हाजिर हो गया है। इन दोनों बयानों को लेकर हमारे खुज्जी के निष्ठावान और तीन बार के विधायक भोलाराम साहू जी का अभी तक कोई भी बयान क्यों नहीं आया। क्योंकि राम साहू का कहना है कि हमारे तीन बार के बने विधायक भोलाराम साहू का आना कुछ चंद नेताओं को हजम नहीं हो रहा है। तो राम साहू पहले अपने ही पार्टी के उन नेताओं का नाम उजागर करें। जिन्हें कांग्रेस पार्टी की जीत व विधायक पसंद नहीं आ रहा है। वैसे भी कांग्रेस के प्रति राम साहू की निष्ठा उनके गांव डूमरडीह में लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस को मिले वोट को सभी जानते हैं। दो सप्ताह पहले एक सोशल मीडिया में चल रहे वीडियो में जो रामपुर के सरपंच के देवर दिखाई दे रहे हैं और उसमें जिसकी आवाज आ रही है उस विडीयो की जांच भी करवाई जानी चाहिये ऐसा बयान राम साहू क्यों नहीं दे रहे हैं। जैसा कि राम साहू ने अपने बयान में कहा कि वे बीमा किश्त की राशि को अवैध उगाही का नाम देकर उनके और विधायक भोलाराम जी के बीच खाई पैदा की जा रही है तो उन लोगों का नाम राम साहू बतायें और इस संबंध में अभी तक कांग्रेस कमेटी ने क्या कार्यवाही की और जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू के जारी उस बयान का क्या हुआ जिसमें एक्शन लेने की बात कही गई थी। और तो और इस खुज्जी विधानसभा में भाजपा के धाकड़ नेताओं की कोई कमी नहीं है फिर भी अभी तक भाजपा से कोई बयान नहीं जारी हुआ। क्या हो गया है हमारी खुज्जी की राजनीति को।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में गंभीरता से जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 अगस्त।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी शिकायतें एवं समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल को आज जनदर्शन में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम डीलापहरी के दिव्यांग श्री कुमार वर्मा और ग्राम जोगीदल्ली के दिव्यांग श्री ठाकुर राम निर्मलकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए आवेदन किया। इसी तरह ग्राम पेटेश्री निवासी श्री गणेश निषाद ने पेंशन योजना से लाभान्वित करने कहा। कौरिनभांठा निवासी श्रीमती संगीता मेश्राम ने राशन कार्ड से नाम विलोपित करने के लिए



आवेदन किया। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम केसली निवासी श्री महावीर कलार ने ऋण पुस्तिका बनाने तथा ग्राम मेढ़ा निवासी श्री संतोष कुमार चक्रधारी ने सीमांकन कराने के लिए आवेदन किया। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम गातापार निवासी श्री तीजु सोनकर ने मुर्गीपालन और श्रीमती देवबती सोनकर ने बकरी पालन के लिए सहयोग राशि प्रदाय के लिए आवेदन किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### साामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 9 सितम्बर तक वार्डो में शिविर

**राजनांदगांव 28 अगस्त।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह जून 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 16 अगस्त 2024 से 9 सितम्बर 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 29 अगस्त को रानी जोतकुवर वार्ड नं. 50 के लिये सार्वजनिक मंच गैठान सिंगदई में व शिवनाथ वार्ड नं. 51 के लिये सामुदायिक भवन हरदी में, 30 अगस्त को राजीव वार्ड नं. 42 के लिये पार्षद कार्यालय राजीव नगर में, सर्किट हाउस वार्ड नं. 43 के लिये आंगन बाडी भवन फिरंतीन मंदिर के पास में व बसंतुपर वार्ड नं. 46 के लिये सामुदायिक भवन हनुमान मंदिर के पास बसंतपुर में एवं 31 अगस्त को गुरूघासीदास वार्ड नं. 40 व नंदई वार्ड नं. 48 के लिये सामुदायिक भवन नंदई नाका में व झुलेलाल वार्ड नं. 41 के लिये सामुदायिक भवन झुलेलाल में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11ः 30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह जून 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है।

# निगम की टीम ने राम दरबार मंदिर हाईवे रोड से 8 मवेशी पकड़े

**राजनांदगांव 27 अगस्त।** पशु मालिकों की लापरवाही से मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी घातक है। क्योकि दुर्घटना से मवेशी घायल हो जाते है, कई मवेशियों की मृत्यु भी हो जाती है। दुर्घटना से बचाने नगर निगम द्वारा मवेशी धर पकड अभियान चलाया जा रहा है, अभियान के तहत आज राम दरबार मंदिर से हाईवे रोड में 8 घुमंतु एवं बैठे मवेशी पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस पहुँचाया गया। मवेशियों को पकड़ने कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने उपायुक्त श्री मोबिन अली के नेतृत्व में नगर निगम की टीम गठित की गयी है। गठित टीम द्वारा मेवशी धर-पकड़ अभियान चलाकर मवेशी मालिकों को मवेशी बांधकर रखने



समझाईस दी जा रही है, समझाईस उपरांत भी कुछ मवेशी मालिक अभी भी मवेशी खुला छोड देते है, उनपर अब अर्थदण्ड अधिरोपित कर मवेशी छोडने की कार्यवाही की जाती है। नगर निगम की घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज राम दरबार मंदिर से हाईवे रोड में 8 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है एवं उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जायेगा। आयुक्त श्री गुप्ता ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिक अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है।

## पोट्ठ लईका पहल अभियान अंतर्गत बच्चों के समग्र पोषण के लिए संयुक्त रूप से कार्य करने की जरूरत

# राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन 1 से 30 सितम्बर तक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 अगस्त।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि मिशन जल रक्षा अंतर्गत जल संरक्षण के लिए सर्वे कराएं तथा छोटे एवं बड़े तरह के स्ट्रक्चर जल के संरक्षण के लिए बनाएं। उन्होंने मिशन जल रक्षा अंतर्गत कार्य करने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाने हेतु प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उद्योग एवं स्कूल में पौधरोपण के कार्य में गति लाएं। उन्होंने कहा कि लगातार 10 वर्षों तक पौधरोपण करेंगे तब इसके परिणाम प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह 2024 तथा पोट्ठ लईका पहल अभियान 1 से 30 सितम्बर तक मनाया जाएगा। जिसमें समग्र पोषण को ध्यान में रखते हुए महिलाओं को हिमोग्लोबिन टेस्ट तथा स्वास्थ्य जांच कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि स्कूल, स्वास्थ्य विभाग एवं उद्यानिकी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र भी इस अभियान से जुड़ेंगे। साथ पोषण वाटिका पर भी ध्यान देने की



जरूरत है। राज्य स्तर के वजन त्यौहार 9 से 19 सितम्बर तक मनाया जाएगा। इसमें बच्चों, किशोरी बालिकाओं, महिलाओं का स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समग्र पोषण के लिए विशेष तौर पर सभी कार्य करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना के दृष्टिगत घुमंतू पशुओं को सड़क से हटाने के लिए कार्रवाई में तेजी लाने की आवश्यकता है। इसके लिए जनसामान्य को जागरूक करने की जरूरत है। इसके लिए लगातार निरीक्षण करते रहें। सड़क सुरक्षा के संबंध में जानकारी लेते हुए ब्लैक स्पॉट के चिन्हांकन तथा ऐसे स्थानों में रंबल स्ट्रैप बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने शराब पीकर वाहन चालाने वाले तथा बिना लाईसेंस के वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने निलंबित एवं निरस्त किए गए लाईसेंस के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी को सड़क दुर्घटना रोकने में अपना दायित्व निभाना है। उक्त बातें कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के कार्य में गति लाएं तथा अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड योजना से जनसामान्य को लाभान्वित करने के लिए कार्य करें। पीडीएस एवं वजन त्यौहार के दौरान लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने जिले में स्वाईन फ्लू के केस मिलने पर इससे सावधानी बरतने के लिए कहा तथा स्वाईन फ्लू के लक्षण एवं निश्शुल्क दवाई वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मंकी पॉक्स एवं डायरिया के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वेक्षण के लिए जानकारी एकत्रित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने आश्रम छात्रावास का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, जिला जनसमस्या निवारण शिविर की समीक्षा की।

## समाचार संक्षेप

### नगर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**सिमगा 28 अगस्त।** नगर के अति प्राचीन श्री राधाकृष्ण मंदिर में



श्री कृष्ण जन्मोत्सव के तौर पर जन्माष्टमी पर्व बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह के सांथ मनाया गया ।हिन्दू धर्म में जन्माष्टमी का त्यौहार बहुत ही शुभ और महत्वपूर्ण माना जाता है इसे गोकुलाष्टमी, कृष्ण अष्टमी, या श्री जयंती के नाम से भी जाना जाता है ।इस विशेष पर्व पर कान्हा को भोग के तौर पर कई तरह के प्रसाद चढ़ाए जाते हैं।श्री कृष्ण को माखन मिश्री के अलावा पंजारी और खीरे को भी भोग में चढ़ाई जाती है ।मान्यता के अनुसार श्री कृष्ण जन्मोत्सव संतान सुख की कामना रखने वाले दम्पत्तियों के लिए फलदायक होता है,संतान सुख की प्राप्ति होती है ।श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के श्री राधाकृष्ण मंदिर में फूलों, तोरन पताकों, रंगीन बल्ब के झालरों से साज सज्जा के सांथ ही श्रद्धाआलुओं द्वारा सवा हजार दीप प्रज्वलित कर भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य उत्सव अत्यंत हर्ष एवं उत्साह के सांथ मनाया गया, महिला, पुरुष एवं बच्चों सहित सभी श्रद्धालुओं ने रात्रि ठीक 12,बजे आतिशबाज़ी और हांथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की, जय घोष के सांथ मंदिर परिसर गूंज उठा ।इसी शुभ मुहूर्त में मंदिर में रामनाम सप्ताह का भी आयोजन प्रारंभ हुआ ।मंदिर के पुजारी बलराम चतुर्वेदी ने बताया कि मंदिर में अनादि काल से भगवान का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह के सांथ मनाया जाता है ।

### यादव समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद संतोष पांडे



**छुरिया 28 अगस्त।** कोसरिया यादव समाज सर्किल बम्हनी चारभांठा द्वारा आयोजित कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में मोहगांव पहुंचे सांसद पांडे का यादव समाज द्वारा राऊत नृत्य के माध्यम से जोरदार जोशीला स्वागत किया गया । सभास्थल पर विराजमान श्री कृष्ण कन्हैया लाल जी की प्रतिमा पर पूजा अर्चना,माल्यार्पण किया गया । तत्पश्चात समाज के अध्यक्ष धन्ना लाल यादव ने पांडे जी का पारंपरिक खुमरी पहनाकर स्वागत किया गया । इस अवसर मुख्यरूप से रविंद्र वैष्णव महामंत्री जिला भाजपा,चंद्रिका प्रसाद,अजय पटेल,सुरेंदर सिंह भाटिया,संजय कुमार सिन्हा,कांति लाल, कांता प्रसाद साहू मौजूद रहे । कार्यक्रम को संबोधित करते श्री पांडे जी ने कहा कि अयोध्या की तरह मथुरा में भी बनेगा भव्य कृष्ण भगवान की मंदिर उक्त कार्यक्रम रविंद्र वैष्णव ने भी संबोधित किया । इस अवसर पर कार्यकर्ता व समाज के मुख्या नैनसिंग पटेल,अशोक मरकाम,शीशपाल पटेल,राजेश्वर ध्रुवे,भूखन लाल,टीकम साहू,कुंदन बडोले,तीरथ विश्वकर्मा,छबीलाल यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे ।

### मारपीट मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव 28 अगस्त।** प्रार्थी चौकी चिखली उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 14.08.2024 को गांव के पान ठेला मे पान खाने गया था तभी चिखली के नागेश साहू अपने दो दोस्त के साथ आया और डरा धमका कर शराब पीने के लिए अवैध रूप से रूपये पैसो की मांग करने लगे मना करने पर तीनो एक राय होकर मां बहन की अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, डण्डा से मारपीट कर घायल कर दिया कि रिपोर्ट पर चौकी चिखली मे धारा 296,115,351(2),119(1),3(5)



भा.न्या.सं. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दिया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में चौकी चिखली स्टाफ द्वारा टीम गठीत कर अरोपी की पतासाजी कर विश्वस्त सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी 01. नागेश साहू पिता स्व0 उत्तम साहू उम्र 20 साल साकिन चिखली स्कुल के सामने वार्ड नं. 06 पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0 को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध पूर्व मे आर्म्स एक्ट, जुआ एक्ट, मारपीट जैसे कई अपराध दर्ज है आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। इसी प्रकार जिले मे आगामी दही हाण्डी, श्री गणेशोत्सव पर्व को मद्देनजर शांति कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु क्षेत्र के निगरानी बदमाश, गुण्डा बदमाश, आदतन बदमाश, असामाजिक तत्वो के विरूद्ध अभियान चलाकर घेराबंद कर पकड़ा गया जिनमे इस दौरान क्षेत्र के निगरानी बदमाश आरिफ खान उर्फ राजा खान पिता बसारत खान उम्र 39 साल साकिन शांतिनगर ओपी चिखली जो आदतन चोरी, मारपीट का प्रकरण है।

संपादकीय

# बदलाव चाहने वाले बहुत कम होते हैं

किसी भी क्षेत्र में बदलाव न चाहने वाले लोग सबसे ज्यादा होते हैं, बदलाव चाहने वाले उससे बहुत कम होते हैं और बदलाव चाहकर उसे करने वाले तो और भी कम होते हैं। राजनीति में ज्यादातर नेता बदलाव चाहते ही नहीं है, वह तो जो चला आ रहा है, उसे चलाते रहने में यकीन रखते हैं, इसलिए राजनीति में बदलाव जल्दी नहीं होता है, उसमें बरसों लगते हैं। राजनीति में बदलाव चाहने वाले नेता भी आते हैं और वह चाहते हैं कि बदलाव हो।वह बताते हैं कि राजनीति में क्या बुराई आ गई है, उसे कैसे बदलाव कर दूर किया जा सकता है। बदलाव चाहने वाले भी जब सिर्फ चाहते हैं तो बदलाव नहीं होता है। क्योंकि चाहते तो बहुत लोग हैं, वह सिर्फ यह बताते हैं कि बदलाव कैसे हो सकता है लेकिन वह बदलाव के लिए कुछ कर नहीं पाते हैं। राजनीति में बदलाव तो वही कर सकते हैं जो सिर्फ चाहते नहीं है बल्कि अपनी पार्टी से शुरुआत भी करते हैं और देश, जनता व अन्य दलों को यह बताते हैं कि राजनीति में बदलाव इस तरह किया जा सकता है। पीएम मोदी देश के ऐसे ही नेता हैं जो देश की बरसों से चली आ रही राजनीति को बदलना चाहते हैं,वह बदलना ही नहीं चाहते हैं, इसके लिए वह निरंतर प्रयास भी करते रहे हैं। वह जानते हैं कि राजनीति में बदलाव वही लोग ज्यादा अच्छे से कर सकते हैं जिनका कोई राजनीतिक इतिहास नहीं होता है। पीएम मोदी खुद जब राजनीति में आए थे तो उनका भी कोई राजनीतिक इतिहास नहीं था। जिनका राजनीतिक इतिहास नहीं होता है वह देश के बरसों पुरानी राजनीति की बुराई को देख पाते हैं, वह क्यों है,यह जान पाते हैं, उससे देश व लोकतंत्र को क्या नुकसान हो रहा है, यह महसूस कर पाते हैं। इसलिए वह राजनीति में बदलाव करना चाहते हैं और मौका मिलने पर बदल कर दिखाते भी हैं। यही वजह है कि पीएम मोदी ने पहले 15 अगस्त के अपने भाषण में उसके बाद मन की बात में दोबारा कहा है कि कम से कम एक लाख युवाओं को राजनीति में आना चाहिए और उनको गैर राजनीतिक परिवार का होना चाहिए यानी उनका कोई राजनीतिक इतिहास नहीं होना चाहिए। पीएम मोदी को छोड़कर देश में और भी बहुत सारे नेता हैं लेकिन किसी ने आज तक ऐसा नहीं सोचा, ऐसा नहीं कहा क्योंकि वह जैसी राजनीति है, उसे ही ठीक मानते हैं। यानी देश के ज्यादातर नेता यथास्थितिवादी है, यानी कोई बदलाव नहीं चाहते हैं, जो जैसा चल रहा है, उसे चलने देना चाहते हैं। यही वजह है कि वह राजनीति को बदलने के विषय में न सोच पाते हैं और न ही बोल पाते हैं। जो सोचता है, वह बोलता है और जो बोलता है, वह करता भी है। पीएम मोदी ने अपनी पार्टी से ही बदलाव की शुरुआत की। अपने से ही बदलाव की शुरुआत की। उन्होंने क्या बदला। उन्होंने भ्रष्टाचार की जगह ईमानदारी को बढ़ावा दिया। वह खुद ईमानदार रहे और दूसरों को ईमानदार रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने दूसरे तमाम राजनीतिक दलों के लिए एक पैमाना तय किया कि नेतृत्व को सबसे ज्यादा ईमानदार होना चाहिए। उस पर भ्रष्टाचार को कोई आरोप नहीं लगना चाहिए। उन्होंने ऐसा करके दिखाया है। इसी वजह से आज वह देश के सबसे विश्वसनीय नेता हैं। जनता उन पर भरोसा करती है कि यह आदमी भ्रष्टाचार नहीं कर सकता। बाकी तमाम दलों के ज्यादातर नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप है, उनके खिलाफ जांच चल रहा है, सबने अपने दस बीस साल के राजनीतिक जीवन में बेहिसाब पैसा व संपत्ति बनाई है। देश के ज्यादातर नेता धन व संपत्ति बनाने के मोह से बच नहीं सके ऐसे में पीएम मोदी उनके बीच सबसे अलग इसलिए दिखाई देते हैं कि उनको धन संपत्ति का कोई मोह नहीं है। यही नहीं जब दूसरे सारे नेता अपने परिवार को ही आगे बढ़ाने में लगे रहे तो पीएम मोदी ने राजनीति में अपने परिवार से किसी को आने नहीं दिया। ताकि उन पर कोई परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप न लगा सके। पीएम मोदी भ्रष्टाचार व परिवारवाद के घोर विरोधी है, इसलिए वह चाहते हैं कि देश की राजनीति में एक लाख ऐसे युवा आएं जो किसी राजनीतिक परिवार से न हो। गैर राजनीतिक परिवार से कोई आता है तो वह स्वाभाविक है कि परिवारवाद का विरोधी होगा। वह भी वही करेगा जो मोदी करते आए है।

विश्लेषण

किशन सनमुखदास भावनानी

# वैश्विक मुद्दों पर दुनियां का हर देश भारत को गंभीरता से सुनता है

वैश्विक स्तरपर दुनियां में भारत की स्थिति आज ऐसी हो गई है कि वैश्विक मुद्दोंपर दुनियां का हर देशभारत को गंभीरता से सुनता है। हर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के संबोधन व बातों को गंभीरता से लिया जाता हैहालांकि भारत के सुझाव को माना जाए या नहीं यह अलग मुद्दा है परंतु दुनियां की हर समस्या या मुद्दे पर भारत से चर्चा विकासशील व विकसित देशों द्वारा जरूर की जाता है। मानों भारत वैश्विक गुरु हो, जिसका सटीक उदाहरण हम पूर्व में देख चुके हैं कि विकसित देशों ने भारत को बॉस और ऑटोग्राफ लेने की बात कर चुके हैं।दिनांक 26 अगस्त 2024 को देर रात्रि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा भारतीय पीएम को फोन कर बांग्लादेश व यूक्रेन यात्रा सहित अनेक क्षेत्रीय वैश्विक मुद्दों पर बातचीत की है,वहीं दिनांक 27 अगस्त 2024 को पीएम और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की भी बातचीत हुई।मेरा मानना है कि इस बातचीत का आधार मुख्यतः दो बातों पर अनुमानित हो सकती है, जिसमें पहला भारत की रूस यात्रा के तुरंत बाद यूक्रेन यात्रा जिसमें शायद अमेरिका की भी हरी झंडी होगी,व पूरा यूरोपीय यूनियन नाटो यह जानने को बेकरार होगा कि आखिर रिजल्ट क्या हुआ और दूसरा सबसे महत्वपूर्ण कारण चूंकि अभी शिकागो यूनाइटेड सेंटर में 19 से 22 अगस्त 2024 तक चले डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद उम्मीदवार का औपचारिक रूप से स्थानीय स्वीकार कर लिया गया है बता दें कि अमेरिका में मूल भारतीयों की आबादी करीब 1.5 प्रतिशत से अधिक है जो करीब 50 लाख से अधिक जनसंख्या होगी, इतने कम प्रतिशत के बावजूद वह तेजी से एक महत्वपूर्ण वोटिंग ब्लॉक बन गए हैं। वहीं 5 नवंबर 2024 को अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव है तो स्वाभाविक ही है कि,अमेरिकी राष्ट्रपति के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप व कमला हैरिस दोनों ही चाहेंगे कि पूरे मूल भारतीय वोट उनको मिले, जिसमें भारत की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो सकती है इन दोनों अनुमानों को हम नीचे पैराग्राफ में चर्चा करेंगे। चुंकि पीएम मोदी व राष्ट्रपति जोबाइडेन बातचीत की है एट द रेट ऑफ यूक्रेन सहित क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में मूल भारतीय कमला हैरिस की उम्मीदवारी तय, रूस यूक्रेन युद्ध विराम, ग्लोबल साउथ की आवाज इत्यादि मामलों में भारत की महत्वपूर्ण स्थित है। साथियों बात अगर हम पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की दिनांक 26 अगस्त 2024 को देर रात्रि टेलीफोन वार्ता की करें तो, पीएम ने जो बाइडेन के साथ बातचीत के बाद एक्स पर लिखा, हमने यूक्रेन की स्थिति सहित विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विस्तृत विचारों का आदान-प्रदान किया। मैंने शांति और स्थिरता की शीघ्र वापसी के लिए भारत के पूर्ण समर्थन को दोहराया। हमने बांग्लादेश की स्थिति पर भी चर्चा की और सामान्य स्थिति की शीघ्र बहाली और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों विशेष रूप से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा करते हुए पीएम ने राष्ट्रपति बाइडेन को यूक्रेन की अपनी हालिया यात्रा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बातचीत और कूटनीति के पक्ष में भारत की लगातार स्थिति को दोहराया और शांति और स्थिरता की जल्द वापसी के लिए पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। पीएम ने भारत-अमेरिका साझेदारी के प्रति कटिबद्धता के लिए राष्ट्रपति बाइडेन की प्रशंसा की। बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने क्वाड सहित बहुपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। सरकारी बयान के अनुसार, मोदी ने बाइडन के भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की सराहना की। यह लोकतंत्र, कानून के नियम और मजबूत लोगों के बीच संबंधों के साझा मूल्यों पर आधारित है। नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की और इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत अमेरिका साझेदारी का उद्देश्य दोनों देशों के लोगों के साथ-साथ पूरी मानवता के लाभ के लिए है। यह लोकतंत्र, कानून के नियम और मजबूत लोगों के बीच संबंधों के साझा मूल्यों पर आधारित है। नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की और इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत-अमेरिका साझेदारी का उद्देश्य दोनों देशों के लोगों के साथ-साथ पूरी मानवता के लाभ के लिए है। साथियों बात अगर हम दिनांक 27 अगस्त 2024 को भारतीय पीएम की रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बातचीत की करें तो पीएम ने मंगलवार (27 अगस्त) को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की, जिसमें भारत और रूस के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया।अपनी चर्चा के दौरान, दोनों नेताओं ने चल रहे रूस यूक्रेन संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया। पीएम ने सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी दी।उन्होंने ट्विटर पर लिखा, विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। रूस-यूक्रेन संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया और यूक्रेन की हालिया यात्रा से प्राप्त अंतर्दृष्टि को साझा किया। संघर्ष के शीघ्र,स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया।

साथियों बात अगर हम पीएम की यूक्रेन यात्रा पर अमेरिका सहित पूरे विश्व की नजरों की करें तो पीएम जब यूक्रेन के दौरे पर गए थे, तो पूरी दुनिया की नजर उन पर थी। क?योंकि? सबको उम्?मीद थी कि? शायद पीएम वहां से युद्ध विराम का कोई मैसेज लेकर आएंगे। उनके लौटते ही सोमवार को अमेरि?का के राष्?ट्रपति? जो बाइडन का पीएम को कॉल आया।दोनों नेताओं ने द्वि?पक्षीय संबंधों पर लंबी चर्चा की। इस बीच ये भी बताया गया कि? पीएम मोदी और अमेरि?की राष्?ट्रपति? के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी बातचीत हुई है। हमने बांग्लादेश की स्थिति और वहां बंगाली हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर भी चर्चा कीये बातचीत अहम क?यों पीएम ने राष्?ट्रपति? बाइडेन को इस बात के लि?ए धन्?यवाद दिया कि?भारत-अमेरि?का के बीच रणनीति?क भागीदारी बढ़ रही है। इसके लि?ए उनके प्रयासों की सराहना भी की।आगे भी दोनों नेताओं ने कांटेक?ट में बने रहने पर सहमति? जताई. विदेशी मामलों के जानकार इस बातचीत को रूस-यूक्रेन युद्ध के नजरि?ये से बेहद अहम मान रहे हैं. अमेरि?का यूक्रेन का सहयोगी देश है. रूस से जंग में भी वो यूक्रेन को काफी मदद मुहैया करा रहा है. वो सीधे रूस से बातचीत नहीं कर सकता. इसलि?ए भारत इस मामले में अहम भूमि?का अदा कर सकता है. उधर, कहा जा रहा है कि? बांग्?लादेश में जो कुछ हुआ है, उसके लि?ए अमेरि?का जिम्?मेदार है. ऐसे में वहां रह रहे हि?ंदुओं की सुरक्षा के लि?ए अमेरि?का से बातचीत अहम होगी।पीएम ने कहा,समाधान का रास्ता केवल बातचीत और कूटनीति के जरिए ही निकाला जा सकता है, हमें बिना समय बर्बाद किए इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए. दोनों पक्षों को इस संकट से बाहर निकलने के लिए एक साथ बैठना चाहिए, पीएम ने जेलेंस्की से कहा, मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि भारत शांति की दिशा में किसी भी कोशिश में एक्टिव भूमिका निभाने के लिए तैयार है।अगर मैं व्यक्तिगत रूप से इसमें कोई भूमिका निभा सकता हूं, तो मैं ऐसा करूंगा, यह मैं आपको एक दोस्त के रूप में आश्वस्त करना चाहता हुं वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति ने रूस के साथ जंग में भारत से यूक्रेन को अपना समर्थन देने की बात कही और संकट में संतुलित रुख अपनाने से परहेज करने की गुजारिश की, उन्होंने कहा, जंग को खत्म करना और न्यायपूर्ण शांति स्थापित करना यूक्रेन की प्राथमिकता है।जेलेंस्की ने क्या कहना चाहा और क्या भारत संतुलित रुख के बिना यूक्रेन का पक्ष लेगा?भारत और यूक्रेन ने कई क्षेत्रों में चार दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए हैं, रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि इन समझौतों से कृषि, खाद्य उद्योग, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय सहायता के क्षेत्रों में सहयोग सुनिश्चित होगा। साथियों बात अगर हम मेरे निजी अनुमान अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को देखें तो अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की आधिकारिक उम्मीदवार बन चुकी हैं,हैरिस किसी प्रमुख अमेरिकी राजनीतिक पार्टी की ओर से व्हाइट हाउस की ध्वजवाहक बनने वाली पहली अश्वेत महिला और पहली दक्षिण एशियाई महिला हैं। यदि वह नवंबर में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को हरा देती हैं तो वह अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति होंगी, ये देखना चाहिए कि कमला हैरिस जिस भारतीय, एशियाई या अश्वेत समुदाय को ज्यादा रिप्रेजेंट करती हैं, उसका वोट प्रतिशत कितना है।पिछले कुछ सालों में अमेरिका मेंभारतीय अमेरिकी समुदाय और अन्य जातीय समूहों का असर प्रेसीडेंट और सीनेट के चुनावों में बढ़ा है।पिछले कुछ सालों में अमेरिका में भारतीय अमेरिकी समुदाय और अन्य जातीय समूहों का असर प्रेसीडेंट और सीनेट के चुनावों में बढ़ा है।

अश्वेत के साथ एशियाई समुदाय के कितने लोग हैं, जिन्हें बांटने की कोशिश रिपब्लिकन प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप ने अपने नफरती भाषणों से शुरू कर दी है। बता दें कि अमेरिका में कुल 50 फीसदी वोट श्वेत समुदाय के हैं जबकि अश्वेत कम्युनिटी के वोटों का परसेंटेज 33 फीसदी है, इसमें अश्वेत, भारतीय, एशियाई आदि शामिल हैं।हां इस श्वेत समुदाय में जो तादाद है, उसमें आधी डेमोक्रेटिक पार्टी की भी समर्थक मानी जाती है बाकि आधी आबादी रिपब्लिकन की ओर जाती रही है। इसी वजह से डोनाल्ड ट्रंप की खीझ बढ़ गई, उन्हें कमला हैरिस एक दमदार कैंडीडेट लग रही हैं।भारतीय अमेरिकी कितने और किसको वोट करते हैंभारतीय अमेरिकी अमेरिका की आबादी का करीब 1.5 प्रतिशत हैं. 2023 तक उनकी संख्या 50 लाख की थी। अपने छोटे प्रतिशत के बावजूद वो तेजी से एक महत्वपूर्ण वोटिंग ब्लॉक बन गए हैं।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखने के लिए रहेगा। आप मौज मस्ती के मूड में रहेंगे। आपको किसी से कोई काम सोच विचारकर करवाना ही बेहतर रहेगा। आपकी किसी प्रॉपर्टी को खरीदने की इच्छा पूरी हो सकती है। आप अपने परिवार के किसी सदस्यों से किसी बात को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखाएंगे, नहीं तो उन्हे आपकी कोई बात बुरी लग सकता है। आपको घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आप परिवार को सदस्यों के साथ मिलकर कुछ पुरानी यादों को ताजा करेंगे।

वृषभ- आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपनी संतान को यदि कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर खरी उतरेगी। आपका कोई काम पूरा होते-होते रह सकता है, जो आपको परेशानी देगा। आपको किसी की याद सता सकती है। विदेशों से व्यापार करने के लिए लोगों को आज सावधान रहने की आवश्यकता है, नहीं तो कुछ असुविधा रहेगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए भाग्य के नजरिए से अच्छा रहने वाला है। आपको किसी प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। आपको अपने लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने की आवश्यकता है। आपकी कुछ रसूखदार लोगों से मुलाकात होगी। आज आपका काम करने का तरीका देखकर आपके विरोधी भी हैरान रहेंगे। आपको बिजनेस में कोई कदम जल्दबाजी में उठाने से बचना होगा। यदि आप किसी जमीन में निवेश करना चाहते हैं, तो वह आपके लिए अच्छा रहने वाला है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति का संकेत दे रहा है। नौकरी में यदि आप कोई बदलाव करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छे रहेंगे। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को मान सम्मान मिलेगा। आप जीवनसाथी के किसी काम को लेकर परेशान रहेंगे। आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा, नहीं तो कार्यक्षेत्र में आपका किसी से लड़ाई झगड़ा होने की संभावना है। आपको अपने माता-पिता से अपने मन की बातों को कहने का मौका मिलेगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपको किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपके गृहस्थ जीवन में खुशियां रहेगी, क्योंकि यदि कोई लड़ाई झगड़ा लंबे समय से आपको परेशान कर रहा था तो आप उसे परिवार के बड़े सदस्य की मदद से दूर करने में कामयाब रहेंगे। आप अपने शारीरिक कष्टों को लेकर परेशान चल रहे थे, तब वह दूर हो सकते हैं। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए समय बेहतर रहेगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। यदि आप अपने धन के निवेश को लेकर कोई प्लान बना रहे हैं तो आप अभी कुछ समय रुक जाएं। आपको किसी डील को फाइनल करने का मौका मिलेगा। आपका डूबा हुआ धन आपको मिल सकता है। आप अपने कामों को लेकर यदि परेशान थे, तो उन्हें आप किसी दूसरे के भरोसे ना छोड़ें। आपको परिवार के सदस्यों का पूरा सहयोग मिलेगा। मित्रों के साथ आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

तुला- आज का दिन आपके लिए आय को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको एक से अधिक स्त्रोतों से आय प्राप्त होगी। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन में आपको जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि देखकर परिवार के सदस्य भी प्रसन्न रहेंगे। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस आपकी जिम्मेदारियों को बढ़ाएंगे तो सही, लेकिन फिर भी आप उनसे घबराएंगे नहीं। आपको अपने ऊपर किसी बात का कोई तनाव लेने से बचना होगा, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ेगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। यदि आप बुद्धि और विवेक से काम लेंगे, तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको किसी भी प्रकार के तनाव को अपने ऊपर हावी नहीं होने देना है। प्रेम जीवन में आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको सेहत के प्रति लापरवाही नहीं रखनी है। आपको किसी काम को लेकर अच्छा धन खर्च करना पड़ेगा। आप परिवार में सदस्यों से यदि कुछ अनबन चल रही है, तो उसे भी बातचीत के जरिए दूर करने की कोशिश करेंगे।

धनु- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। जीवनसाथी का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिलने से कोई गिफ्ट भी मिल सकता है। यदि राजनीति में हाथ आजमाना चाहते हैं, तो आपको पहले उसके बारे में कुछ जानना होगा, नहीं तो आपके विरोधी आपको परेशानी देंगे। आपको बिजनेस की कुछ योजनाओं को लेकर पार्टनरशिप करनी पड़ सकती है, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

मकर- आज का दिन आपके लिए सुख साधनों को बढ़ाने के लिए रहेगा। रोजगार की तलाश में परेशान चल रहे, लोगो को कोई खुशखबरी करने को मिल सकती है। आप अपने भविष्य को लेकर कुछ नई योजनाएं बनाएंगे, जो फलीभूत होंगी। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी, लेकिन आप किसी यात्रा पर जाते समय अपने वाहनों की सुरक्षा आवश्यक करें। आपकी कोई जल्दबाजी की आदत आपको समस्या में डाल सकती है। प्रेम जीवन में साथियों से कुछ प्यार भरी बातें करेंगे।

कुंभ- कुंभ राशि के जातकों को अपने काम में लापरवाही करने से बचना होगा। आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा, लेकिन आपको ज्यादा परेशान नहीं होना है। आप किसी बात को लेकर संयम से काम लें, तो बेहतर रहेगा। आपकी किसी बिजनेस डील को फाइनल करने में आपके पसीने छूट जाएंगे, लेकिन फिर भी आप उसे पूरा करके ही दम लेंगे। कोई संपत्ति संबंधित विवाद यदि लंबे समय से चल रहा था, तो उसमें आपको जीत मिल सकती है। जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे, जिससे आपको खुशी होगी।

मीन- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप जीवनसाथी के साथ रोमांटिक मूड में रहेंगे और उनके लिए कुछ सरप्राइस भी लेकर आएंगे। संतान को किसी काम को लेकर चिंता सता सकती है। आपको अपने कामों को लेकर सावधान रहने की आवश्यकता है। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। यदि आपको कोई रोग लंबे समय से सता रहा था, तो वह भी बढ़ सकता है। विद्यार्थी अपनी मेहनत में कोई कसर न छोड़ें।

# संघर्ष और मनोबल के सारथी बने

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

एक दिन पुराने शहर के पास एक पुलिस स्टेशन में बड़ा हंगामा हो गया। सब इंस्पेक्टर साहब अपनी कुर्सी पर बैठे चाय सुड़क रहे थे, और बाकी कांस्टेबल टाइम-पास में लगे थे। अचानक, एक आदमी तेजी से अंदर घुसा और जोर से चिल्लाया, साहब, हमारे साथ बड़ा जुल्म हो गया! हमें इंसाफ चाहिए!

सब इंस्पेक्टर साहब ने चाय का कप नीचे रखा और उस आदमी की तरफ देखा। ₹अरे भाई, चिल्लाने से कौन सा लड्डू मिलेगा? आराम से बोल, क्या मसला है? वो आदमी हांफते हुए बोला, ₹साहब, हमारे रास्ते में कुत्ते ने रास्ता काट दिया! पुलिस स्टेशन में बैठे सब लोग हंसने लगे। अरे मियाँ, कौन सा कुत्ता? और क्यों काटा? तुम्हारे साथ क्या जुल्म हो गया? वो आदमी थोड़ा झिझकते हुए बोला, ₹साहब, ये मामला सीरियस है। जब हम अपने दोस्त के घर जा रहे थे, तब रास्ते में एक कुत्ता आ गया और रास्ता क्रॉस कर दिया। आप तो जानते ही हैं, कुत्ते का रास्ता काटना बड़ा अपशगुन होता है! सब इंस्पेक्टर ने हैरानी से पूछा, ₹अच्छा! तो फिर क्या हुआ? वो आदमी फुल ड्रामा में आकर बोला, साहब, हम जैसे ही अपने दोस्त के घर पहुँचे, तो पहले तो उन्होंने हमें अंदर बिठाया। फिर अचानक उनका एक हट्टा-कट्टा आदमी आया और हमें 7-8 थप्पड़ मार दिए। ये सब उस कुत्ते के अपशगुन का नतीजा है! पुलिस स्टेशन में हंसी का माहौल बन गया। सब इंस्पेक्टर साहब ने सिर खुजाते हुए कहा, ₹अरे मियाँ, तुम हमें कॉमेडी दिखाने आए हो क्या? तुम्हारे दोस्त के घर पर थप्पड़ खाने का और रास्ते में कुत्ते का रास्ता काटने का क्या कनेक्शन है? वो आदमी अपनी बात पर अड़ा रहा, ₹साहब, यही तो हम कह रहे हैं। कुत्ता रास्ता क्रॉस करे तो बड़ा अपशगुन होता है। आपको एक्शन लेना चाहिए! सब इंस्पेक्टर साहब ने खीझते हुए कहा, ₹भाई, अगर तुझे कुत्ता रास्ता क्रॉस करता दिखा था, तो थोड़ी देर रुक जाता न! या फिर उल्टा घूम कर अपने घर चले जाता। वो आदमी फिर जोर से बोला, ₹साहब, अगर हम रुक जाते तो हमारे साथ और बड़ा अपशगुन हो जाता। सब इंस्पेक्टर साहब ने फिर पूछा, ₹अच्छा, ये बता और क्या-क्या हुआ? वो आदमी गहरी सांस लेते हुए बोला, ₹साहब, उसके बाद तो और बड़ा कांड हो गया। हमें जोर से धक्का मारकर कुर्सी से गिरा दिया। हमारी शर्ट के बटन तक टूट गए। ये सब उस कुत्ते के कारण हुआ! सब इंस्पेक्टर ने सिर पर हाथ मारते हुए कहा, ₹अरे मियाँ, ये तो तेरी शर्ट में पहले से बटन ही नहीं थे, तुझे क्या पता? अब ये कुत्ते का मामला कैसे हुआ? वो आदमी अड़ गया, ₹साहब, हमारी शर्ट में बटन थे, वो तो कुत्ते के कारण ही टूटे। आप जांच करवा लो! सब इंस्पेक्टर साहब हंसते हुए बोले, ₹अरे मियाँ, अब इस मामले में क्या जांच कराएं? तुम जैसे लोग हर बात को तिल का ताड़ बनाते हो। तुम्हारे शर्ट के बटन टूट गए तो क्या हुआ, नया सिलवा लो। लेकिन अब ये कुत्ते का अपशगुन वाला ड्रामा बंद करो।₹ वो आदमी गुस्से में बोला, ₹साहब, आप हमारी बात नहीं समझ रहे। ये तो बहुत बड़ा अपमान है, हमें इंसाफ चाहिए! सब इंस्पेक्टर साहब ने गहरी सांस लेते हुए कहा, ₹भाई, तुझे इंसाफ चाहिए या बटन सिलवाने वाला दर्जी? हमारी तरफ से इंसाफ ये ही होगा कि तू जा कर नई शर्ट सिलवा ले और इस कुत्ते वाले मसले को भूल जा। पुलिस स्टेशन के लोग हंसी-मजाक करते हुए उस आदमी को बाहर कर देते हैं। वो आदमी बाहर जाते हुए बोलता है, ₹देख लेना, एक दिन ये कुत्ते का अपशगुन पूरे मोहल्ले का मसला बनेगा, तब सब को पता चलेगा! सब इंस्पेक्टर साहब हंसी में चाय का घूंट लेकर बोलते हैं, ₹अरे भाई, अब तू जा, और अपने बटन का इंतजाम खुद कर। वरना कल फिर कोई नया कुत्ता रास्ता काटेगा और तू फिर आ जाएगा। ये कहकर सब इंस्पेक्टर साहब ने उस आदमी को चलता कर दिया और फिर अपनी चाय पर ध्यान लगा लिया। पुलिस स्टेशन में माहौल हल्का हो गया, लेकिन उस आदमी का दिल भारी रह गया। वो सोचता रहा कि ये दुनिया कभी उसकी बात को समझेगी भी या नहीं। और इस तरह, पुलिस स्टेशन की इस कॉमेडी के बाद भी आदमी के दिल का दर्द खत्म नहीं हुआ। आखिर, क्या इस दुनिया में कोई ऐसी जगह है जहाँ कुत्ते के रास्ता काटने की शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा? ये सवाल हवा में ही रह गया, और पुलिस स्टेशन की दीवारों ने भी एक ठंडी सांस ली।

# जले हुए बर्तन को साफ करने में छूट रहे हैं पसीने, तो इस ट्रिक से करें 5 मिनट में बर्तनों को साफ

फैमिली बड़ी हो या छोटी रोजाना खाना बनाते वक्त कुछ ना कुछ बर्तन जल ही जाते हैं, जिससे रसोई में काम करने वाली अधिकतर महिलाएं काफी परेशान रहती है. क्योंकि जले हुए बर्तनों को साफ करना एक कठिन काम हो सकता है. अगर आप भी इससे परेशान हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप जले हुए बर्तन को आसानी से कुछ मिनट में साफ कर सकती हैं.

**जले हुए बर्तन को आसानी से करें साफ**-रसोई में खाना बनाते समय कभी-कभी बर्तन जल जाते हैं, जिससे उन्हें साफ करना मुश्किल हो जाता है. ऐसे में आप जले हुए बर्तन को साफ करने के लिए बेकिंग सोडा और पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं. इसके लिए आपको जले हुए बर्तन को पहले पानी से भरकर रख देना होगा और फिर इसमें एक कप बेकिंग सोडा डाल दें. अब इस मिश्रण को कुछ घंटे के लिए साइड में रख दें, अब एक कड़क ब्रश की मदद से जले हुए हिस्से को रगड? से आप बड़ी आसानी से जले हुए बर्तन को साफ कर सकती हैं.

**सिरके का करें इस्तेमाल**-इसके अलावा आप सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं. सबसे पहले आपको जले हुए बर्तन में बराबर मात्रा में सिरका और पानी डालना होगा अब कुछ देर के लिए आप इसे गैस पर मध्यम आंच पर उबलने के लिए रख दें. जब यह ठंडा हो जाएं, तब आप इस बर्तन को रगड़ कर अच्छी तरह धो लें. इससे आपका बर्तन आसानी से साफ हो जाएगा.

**टमाटर का पेस्ट**-यही नहीं आप टमाटर के पेस्ट का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए आपको टमाटर के पेस्ट को जले हुए हिस्से पर लगाना होगा, थोड़ी देर तक इसे लगा रहने दे उसके बाद साफ पानी से धो लें. ऐसा करने पर जला हुआ बर्तन साफ हो जाएगा.

**सोडे का इस्तेमाल**-इसके अलावा आप सोडे का इस्तेमाल कर सकते हैं. सोडा को पानी में मिलाकर पेस्ट बना ले, फिर ऐसे जले हुए हिस्से पर लगाएं. कुछ देर बाद बर्तन धो दें. अब आप नींबू को आधा काट लें और उसमें नमक लगाकर जले हुए हिस्से पर रगड़ें. कुछ देर बाद आप इसे धो लें.

**इन चीजों का रखें ध्यान**-इसके अलावा कुछ चीजों का ध्यान रखना चाहिए, जैसे जले हुए बर्तन को तुरंत ना धोएं. इसके अलावा ज्यादा कठोर ब्रश का इस्तेमाल न करें. इससे बर्तन खराब हो सकते हैं. इन सभी टिप्स को अपनाकर आप आसानी से जले हुए बर्तन को धो सकते हैं.

खेल दिवस 29 अगस्त

डॉ . सूर्यकांत मिश्रा

# या देवी सर्वभूतेषु ' क्रीड़ारूपेण ' संस्थिता

140 करोड़ की आबादी वाले भारतवर्ष में खेलों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती है । लाखों - करोड़ों रुपए खिलाड़ियों की सुविधा के नाम पर खर्च करने के बाद भी हम एक गोल्ड और सिल्वर मेडल तक नही जीत पा रहे हैं ! यह नहीं कहा जा सकता है कि देश में खेल प्रतिभाओं की कमी है , बल्कि उनकी पहचान करने वाला चश्मा नदारत है ! इसके पीछे एक नहीं अनेक कारण हैं , जिनके चलते खेलों की नर्सरी में फलदाई पौधे कुम्हला रहे हैं ! हमारा देश अभी विकासशील देशों की श्रेणी में ही खड़ा हुआ है । ऐसे में गरीबी एक बड़ा मुद्दा है , जो गावों का देश कहे जाने वाले भारतवर्ष में निवास करने वाली प्रतिभाओं को स्थानीय और राज्य स्तरीय खेलों तक ही सीमित रहने विवश करता आ रहा है । यदि मैं यह कहूं कि खेलों के मामले में हम ₹ नौ दिन चले अढ़ाई कोस ₹ वाली कहावत को भी नहीं छू पा रहे हैं , तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी । अभी हमने पेरिस ओलंपिक में अपनी दुर्दशा का चलचित्र देखा है । केवल एक सिल्वर के साथ हमने पांच कांस्य पदक पाकर विश्व में 71 वें स्थान पर अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया ! खेलों की ऐसी दुर्दशा को देखकर मैं तो आगामी ओलंपिक और विश्व कप सहित एशियाई खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए ईश्वर से कुछ इस तरह प्रार्थना करना चाहता हूं :-



या देवी सर्वभूतेषु क्रीड़ारूपेण संस्थिता
नमस्तस्यै , नमस्तस्यै ,नमस्तस्यै नमो नमः ।।

ओलंपिक में भारतवर्ष की सात दशक से अधिक की यात्रा पर हम नजर दौड़ाएं तो अब तक 7 गोल्ड , 8 सिल्वर , 21 कांस्य पदक ही जीत पाए हैं ! इन सात गोल्ड मेडल में से पांच गोल्ड हमारी भारतीय हॉकी टीम ने हमें दिलाए हैं , जो अब सिल्वर के लिए भी तरस रही है । हम खेलों के प्रति अपने देश की सरकारों का रवैया देखें तो खेलों में आज तक उचित वातावरण की कमी नजर आती है । यही कारण है कि देश की बहुत बड़ी आबादी की रुचि बच्चों को खेलों में भेजने की नहीं बन पा रही है । खेलों के प्रति सरकार के स्याह पक्ष की चर्चा करूं तो तस्वीर कुछ साफ हो सकती है । हमने अंग्रेज सरकार से मुक्ति तो पा ली किंतु आजाद भारतवर्ष में खेलों को सरकारों ने अपनी प्राथमिकता में स्थान नहीं दिया और न ही समाज ने इसे गंभीरता से लिया । सन 1982 तक भारत सरकार के संसदीय ढांचे में खेलों को लेकर कोई मंत्रालय या विभाग तक नहीं था । 1982 में दिल्ली में जब एशियन खेलों का रंग जमना था तब पहली बार केंद्र सरकार ने डिपार्टमेंट ऑफ स्पोर्ट्स की स्थापना की ! इसी तरह आजादी के 53 वर्ष बाद अर्थात 27 मई 2000 को पहली बार स्वतंत्र खेल मंत्रालय मिल पाया । अब कुछ सुखद पहलू दिखाई पड़ने लगे हैं । स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए अब सैकड़ों करोड़ का बजट बनाया जाने लगा है । अब हमारे खिलाड़ियों को विदेशी और बेहतर प्रशिक्षक मिल पा रहे हैं । हम यदि गंभीरता पूर्वक विचार करें तो क्रिकेट के बिना भारतवर्ष में खेलों की कल्पना बेमानी हो चली है । अच्छा और बुरा दोनो पक्ष क्रिकेट के साथ जुड़ा हुआ है। हमारे ही देश के बहुसंख्य लोगों का मानना है कि क्रिकेट के कारण ही भारतवर्ष में अन्य खेलों को प्रोत्साहन नहीं मिल पाया ! क्रिकेट एक ऐसा खेल है जिसे दुनिया के मुट्ठीभर देशों में ही खेला जा रहा है और हमारे देश ने इस खेल पर अपना सब कुछ लगा दिया है ! बड़े - बड़े उद्योगपतियों ने आई पी एल को जन्म देकर क्रिक्रेट के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की है , या फिर अपने व्यवसाय का अहम हिस्सा बना लिया है ! इसे सभी भलीभांति समझ रहे हैं । यह कहने में कोई किंतु -परंतु नहीं कि हमारे देश की सरकार ने सीधे - सीधे नही तो अप्रत्यक्ष रूप से क्रिकेट को पोषना शुरू कर रखा है । आज यदि हम सर्वे करने निकल पड़ें तो देश में सर्वाधिक मैदान क्रिकेट के ही मिल पाएंगे । विडंबना है कि हमारे देश को पांच गोल्ड मेडल दिलाने वाले हॉकी के खेल के लिए पर्याप्त मैदान ही उपलब्ध नहीं हैं ! आधुनिक हॉकी का स्वरूप अब टर्फ पर ही देखा जा रहा है । इतने बड़े हिंदुस्तान में हॉकी के टर्फ मैदानों की संख्या अभी तक 50 के आंकड़े को नहीं छू पाई है ! सबसे बड़ी विडंबना इस बात की है कि हमने अभी तक किसी भी खेल को अपना राष्ट्रीय खेल घोषित नहीं किया है ! इसकी पुष्टता सन 2020 में आर टी आई के माध्यम से पूछे गए सवाल के जवाब में सरकार ने यह कहकर दिया था कि भारतवर्ष का कोई आधिकारिक राष्ट्रीय खेल नहीं है ! भारतीय जन मानस में बदलती मानसिकता के चलते देश में खेलों को नया जीवन तो मिल रहा है , किंतु इस संदर्भ में अभी हमें लंबा सफर तय करना है । उन लोगों को अधिक सामाजिक स्वीकृति और अवसर देने की जरूरत है जो किसी भी खेल में समर्पण के साथ हिस्सेदारी करना चाहते हैं । हमें यह भी जानने का प्रयास करना होगा कि बदलते समय के साथ किस खेल विधा को किस तैयारी के साथ जिंदा रखा जा सकता है । भारतीय खेलों को प्रश्रय देने के लिए हमें आमूलचूल परिवर्तन की जरूरत जान पड़ रही है । बुनायादी ढांचे में परिवर्तन करते हुए बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं जुटाने की जरूरत को समझना होगा । एक मनोवैज्ञानिक शोध में यह तथ्य सामने आया कि स्टार एथलीट बनने की मानसिकता के सफल होने की संभावना अधिक होती है । विश्व स्तर पर भी यह देखा गया है कि बेहतर अभ्यास सुविधाओं और समर्थन के साथ खिलाड़ियों ने दुनिया के सामने अपनी योग्यता सिद्ध कर दिखाई है ।

खेलों के संदर्भ में हमें बहुत ज्यादा चिंतित होने की जरूरत नहीं है । कारण यह कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से घोषणा की है कि भारतवर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है । हमें इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि 1982 के एशियाई खेल और 2010 के कॉमनवेल्थ खेलों का आयोजन अपने देश में करने के बाद हमने खेलों में किस प्रगति को पाया है ? एक और चिंतन का विषय यह है कि आठ वर्ष पूर्व से भारत ने पेरिस ओलंपिक में ऊंचे लक्ष्य को साधने तैयारी की थी । बड़ी - बड़ी योजनाएं बनाई गई थीं । लाखों - करोड़ों का बजट भी दिया गया था , किंतु परिणाम ऐसा रहा कि हमें टोक्यो ओलंपिक की तुलना में अधिक नीचे जाना पड़ा !

# जन्माष्टमी पर गौ माता की पूजा कर खिलाया गुड़ एवं मीठी पूरी

- गौ संवर्धन एवं शोध केंद्र टेकनार में जन्माष्टमी पर एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ का आयोजन
- गायत्री परिवार के सदस्यों ने गौ माता की रक्षा का लिया संकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 28 अगस्त।** टेकनार में पशुधन विकास विभाग के देखरेख में संचालित गौ संवर्धन एवं शोध केंद्र में जन्माष्टमी के पावन अवसर पर गौशाला संचालित करने वाली गायत्री परिवार समिति द्वारा गौशाला में एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कर गौ माताओं का पूजन आरती कर उनके संवर्धन एवं रक्षा का संकल्प लिया गया।

सर्वमान्य है कि द्वापर युग में जब श्रीकृष्ण अवतार लेकर धरती पर आये थे तो उस दौरान गायें भगवान कृष्ण के साथ हमेशा रहा रहा करती थी। बगैर गौ माताओं के कृष्ण कहीं भी नहीं जाते थे उनके साथ गायों का झुण्ड हमेशा आगे पीछे चला करता था इसलिए कृष्ण को गोपाल भी कहा जाता है। गौ माताओं के बीच रहना एवं गौपालन करना ही भगवान का सबसे प्रिय कार्य था। इसलिए जन्माष्टमी के अवसर पर गायों की पूजा हर गौसेवक व पशुपालन करने वाले लोग करते हैं। इसी शुभ अवसर पर टेकनार स्थित गौशाला में जन्माष्टमी पर गौशाला में रहने वाले गौ माताओं का पूजन किया गया। गायत्री महायज्ञ उपरांत गायों की आरती उतारी गई। उनके माथे पर भभूती का तिलक किया गया इस अवसर पर सभी गौ माताओं को गायत्री परिवार के सदस्यों ने गुड एवं मीठी पूरी खिलाकर गौ माताओं का आर्शीवाद प्राप्त कर उनकी रक्षा करने का संकल्प भी लिया। गौरतलब है कि वर्तमान में टेकनार गौशाला गायत्री ट्रस्ट दंतेवाड़ा के सानिध्य में संचालित हो रहा है। गायत्री परिवार के लोग दिन रात गौशाला में सेवा देकर गौ माताओं की देखभाल कर उन्हें चारा दाना, नहलाना, गौशाला की साफ सफाई आदि कार्य कर रहे हैं। जन्माष्टमी कार्यक्रम के अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ सुश्री क्रांति ध्रुव के साथ गौशाला के सदस्य डीआर बघेल, नीलम सिंह ठाकुर, श्रीमती दिप्ति ठाकुर, गुरू बन्धु सिन्हा, त्रिपुरारी सिंह मंडावी, बीसाराम नेताम, दिवाकर भुईआ, आरएस नागेश, गम्मूलाल यादव, श्रीमती लक्ष्मी सिन्हा आदि शामिल रहे। कार्यक्रम उपरांत उपस्थित सभी भक्तों के लिए गौशाला में भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी समिति द्वारा की गई थी।

## एक नजर

### डोंगरी पहाड़ी में गुरु बालकदास की जयंती मनाई गई



**कोंडागांव,28 अगस्त।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला मुख्यालय कोंडागांव के डोंगरी पहाड़ी स्थित जैतखाम में 26 अगस्त सोमवार को परम् पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के द्वितीय पुत्र महान प्रतापी बलिदानी राजा गुरु बालकदास जी की 219वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया। जयन्ती के अवसर पर जैतखाम में पूजा अर्चना कर श्वेत ध्वज फहराया गया, जयंती के उत्सव में पंथी नृत्य व भजन कीर्तन किया गया। गुरु बालकदास जयंती प्रतिवर्ष जन्मास्टमी के दिन मनाई जाती है। गुरु बालकदास जी का जन्म अस्तमिक दिन 1805 ईस्वी को छत्तीसगढ़ के सोनाखान रियासत के गिरौदपुरी गांव में हुआ था। वे महान क्रांतिकारी, समाज सुधारक, युग पुरुष और मानवाधिकार के लिए सतनामी आंदोलन के प्रणेता व सतनाम धर्म के संस्थापक गुरु घासीदास जी के द्वितीय पुत्र तथा उत्तराधिकारी थे। कार्यक्रम में प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर उदय लाल मारकंडे केंद्रीय प्रचार मंत्री ,राधाकृष्ण बंजारे संरक्षक सतनामी समाज, मन्नू लाल चतुर्वेदी वरिष्ठ सामाजिक, , धंसराज टण्डन संभागीय अध्यक्ष बस्तर संभाग ,सानू ,मारकंडेय जिला अध्यक्ष कोंडागांव, पुष्पराज अनंत, हेम प्रकाश लहरे, लक्ष्मीनाथ सोनवानी, , नारायण बंजारे, बालमुकुन्द बंजारे, रामकुमार कोसले, जयकिशन मार्कण्डेय, डिकेश मिर्झा, गजेंद्र कुर्रे, विशाल बंजारे, लखराज टण्डन, सूर्या जांगड़े, विक्की बंजारे, दिनेश बंजारे, सुनीता जांगड़े, मूंगा टण्डन, पंचवती मार्कण्डेय, लक्ष्मी मिर्झा, चक कुमारी टण्डन सहित बड़ी संख्या में सतनामी समाज के महिला, पुरुष व बच्चे शामिल हुए।

### 1 से 19 वर्ष के बच्चों को खिलाई जाएगी कृमिनाशक एल्बेंडाजोल

**कांकेर, 28 अगस्त ।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार क्षीरसागर के मार्गदर्शन में 29 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम व 04 सितम्बर 2024 को मॉपअप दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री क्षीरसागर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि इस अभियान में सिर्फ एक विभाग का नहीं बल्कि सभी विभागों का सहयोग और समन्वय जरूरी है। उन्होंने सभी बच्चों को कृमिनाशक दवाई खिलाकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया ने बैठक में बताया कि इस दौरान जिले के 01 से 19 वर्ष के तक के समस्त बच्चों को कृमि नाशक की गोली एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी तथा जो बच्चे 29 अगस्त 2024 को कृमि नाशक की गोली खाने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 04 सितम्बर 2024 मॉपअप दिवस के दिन गोली खिलाई जाएगी। कृमि नाशक गोली के सेवन से बच्चों, किशोर और किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर, एनीमिया के रोकथाम, बौद्धिक विकास के साथ बच्चों की शाला उपस्थिति में भी सुधार होता है। उन्होंने बताया कि जिले के कुल 02 हजार 471 शासकीय विद्यालय, 171 निजी विद्यालय, 09 शासकीय महाविद्यालय, 08 आई.टी.आई., 01 पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं 02 हजार 141 आंगनबाड़ी केन्द्र है, जिनमें लक्षित बच्चों की संख्या 02 लाख 98 हजार 334 है, जिसमें 01 वर्ष से 05 वर्ष तक 79 हजार 138 पंजीकृत एवं शाला त्यागी लक्षित बच्चे है, जिनको आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा कृमि नाशक दवा खिलाई जाएगी। साथ ही शाला त्यागी बच्चों को मितानिन द्वारा चिन्हांकित कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से कृमि नाशक गोली खिलाई। उन्होंने बताया कि 06 वर्ष से 19 वर्ष तक के लक्षित बच्चों की संख्या 02 लाख 19 हजार 196 है, जिन्हें समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय, अनुदान प्राप्त शालाओं, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, मदरसा, निजी स्कूलों एवं आई.टी.आई. तथा कॉलेज के प्रथम वर्ष के बच्चों को नोडल शिक्षकों के माध्यम से कृमि नाशक दवा खिलाई जाएगी।

### जिला स्तर पर खेल दिवस का आयोजन 29 अगस्त को

**कांकेर, 28 अगस्त।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी खेल दिवस का अयोजन 29 अगस्त को किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि उक्त आयोजन में जिले के खेल संघ पदाधिकारीगण, खिलाड़ियों तथा जिला मुख्यालय के सभी स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं। इस अवसर पर शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के खेल मैदान में फुटबॉल तथा इण्डोर स्टेडियम में बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## होटल संचालक राजेश गुप्ता ने पोस्ट ऑफिस में करवाया अपने कर्मचारियों का 10-10 लाख का दुर्घटना बीमा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंडागांव, 28 अगस्त।** भारतीय डाक विभाग के इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में ग्रुप एक्सिडेंटल गार्ड पालिसी के दुर्घटना लाभ से प्रभावित होकर नगर के एक निजी होटल चन्दन स्वीट्स के संचालक श्री राजेश गुप्ता ने 27 अगस्त को अपने हॉटल में कार्यरत समस्त 15 कर्मचारियों का दुर्घटना बीमा अपने स्वंय के व्यय से किया है। इस विषय पर उन्होंने कहा कि आज के समय मे इंसान का कब कहा दुर्घटना हो जाये कुछ कहा नही जा सकता यदि किसी पर विपत्ति आ जाती है तो उसके परिवार को हम कुछ सहारा नही कर पाते परन्तु एक छोटी से रकम 555 रु वार्षिक निवेश करके एक सुरक्षा तो दे सकते है जिससे उसके परिवार को 10 लाख का सहारा मिल सके। आगे डाक विभाग के उपसंभागीय निरीक्षक आर एस मिश्रा जी ने होटल संचालक व कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा वास्तव में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक का यह ग्रुप एक्सिडेंटल गार्ड पालिसी प्रत्येक मानव समाज के लिए लाभदायक है इसमें सिर्फ सड़क दुर्घटना में ही नही बल्कि किसी प्रकार की दुर्घटना में कवर दिया जाता है जैसे आग लगने, पानी मे डूबना, सर्पदंश, बिजली, गाज की चपेट इत्यादि शामिल है। 555 रु में 10 लाख, 755 रु में 15 लाख और 2623 मे 50 लाख का जीएजी पालिसी उपलब्ध है। इस मौके पर उपसंभागीय निरीक्षक कोंडागांव-एक आरएस मिश्रा, सुभाष भूआर्य (कोंडागांव-दो), नईम खान ब्रांच पोस्ट मास्टर चिपावंड ने होटल संचालक को पालिसी बांड भेट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## विष्णु सरकार हिटलरशाही पर उतारू,बर्बरता और लाठीचार्ज बर्दाश्त नहीं : नामीर अली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 28 अगस्त।** एनएसयूआई प्रदेश सचिव और छात्र नेता नामीर अली ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दुर्ग में हुए पुलिस प्रशासन के द्वारा कांग्रेसियों पर लाठीचार्ज और बर्बरता की घोर निंदा करते हुए इसे किसी भी तरह से स्वीकार्य नही है कहा है। नामीर ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा विष्णु देव साय सरकार हिटलरशाही में उतर आई है और यह सरकार विपक्ष को और अपने आलोचकों को कुचलने के लिए पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है। जिस तरह से अपराधियों को संरक्षण कर रही है और अपराधो पर आवाज़ उठाने वाले विपक्ष की आवाज़ को कुचलने का कार्य कर रही है वह इस सरकार की चाल चरित्र और चेहरे को उजागर करती है।छत्तीसगढ के पुर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल जी के काफिले पर कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा हमला किया जाना। उस समय यही पुलिस हाथ में हाथ धरकर तमाशा देखती है और इस मामले में शामिल लोगों पर कार्यवाही करने की मांग को लेकर थाने जाने वाले कांग्रेसी पर लाठी चार्ज करना ये बहुत दुख की बात है।दोषियों पर कार्यवाही करने के बजाय कांग्रेसियों पर लाठी चार्ज करना छत्तीसगढ पुलिस के उपर भी सविलियां निशान खड़ा करता है।विष्णु देव साय सरकार की लाठी चार्ज से कांग्रेसी कार्यकर्ता डरने वाला नही है।

## सांसद महेश कश्यप ने बीजापुर विधानसभा के नक्सल प्रभावित तारलागुड़ा और भद्रकाली पहुँच सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 28 अगस्त।** बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद महेश कश्यप दो दिवसीय बीजापुर विधानसभा के प्रवास पर पहुंचे,भैरमगढ़ एवं बीजापुर में ग्रामीणों व कार्यकर्ताओ से मुलाकात करने के पश्चात वे बीजापुर विधानसभा के नक्सल प्रभावित क्षेत्र तारलागुड़ा एवं भद्रकाली पहुंचे जहा उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुनी और प्रशाशनिक अधिकारियों से बातचीत कर जल्द निराकरण करने हेतु निर्देशित किया 7 विभिन्न समाज प्रमुखों,कार्यकर्ताओ एवं जनप्रतिनिधियों ने बचेली - गढ़चिरौली व्हाया बीजापुर रेल मार्ग की मंजूरी हेतु बस्तर सांसद की पहल हेतु आभार व्यक्त किया 7 बस्तर सांसद महेश कश्यप लगातार क्षेत्र का दौरा कर जनता की समस्या से रूबरू हो रहे है बस्तर लोकसभा के अति संवेदनशील एवं नक्सल ग्रस्त भद्रकाली एवं तारलागुड़ा क्षेत्र तक पहुँच जनता की समस्या सुनने एवं निराकरण करने हेतु बस्तर सांसद की जम कर सराहना भी हो रही है 7 बस्तर संसद महेश कश्यप ने कहा की नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई सिर्फ विचारधारा की लड़ाई नहीं है बल्कि विकास के अभाव के कारण पिछड़ रहे क्षेत्रों की भी है। उन्होंने कहा कि वामपंथी उग्रवाद फैलाने वाले लोग इमोशनल तरीके से ट्राइबल भाइयों-बहनों और पूरे समुदाय को गलत रास्ते पर ले जाने का काम करते हैं।

कश्यप ने कहा की भाजपा की डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से सभी क्षेत्रों में बस्तर का विकास हो रहा है जिससे समाज के मुख्यधारा पर सरकार के समर्पण निति के तहत लौटकर विकास से जुड़ने हेतु अब उग्रवाद फ़ैलाने की मंशा को नेस्तनाबूद कर भटके हुए लोग वापस लौट रहे है ।

# जल जीवन मिशन ठेकेदार संघ ने धरना-प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 28 अगस्त।** मंगलवार को सुकमा मुख्यालय के पीएचई कार्यालय के समक्ष जल जीवन मिशन ठेकेदार संघ द्वारा लंबित देयकों का भुगतान एवं भुगतान प्रक्रिया का सरलीकरण समेत आठ सूत्रीय मांगों को लेकर मिशन संचालक के नाम से पीएचई एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ठेकेदार संघ के लगभग तीन दर्जन से अधिक ठेकेदार मौजूद रहे।सुकमा जिला जल जीवन मिशन ठेकेदार संघ ने 18 सितंबर तक मांग पूरा नही होने के स्तिथि में अनिश्चितकालीन आंदोलन करने की बात कही है। वहीं संघ के ठेकेदारों ने बताया कि कार्य पूर्ण होकर एक वर्ष बीत चुके हैं परंतु आज तो भुगतान 30 प्रतिशत तक लंबित है। इसके साथ ही 2021-22 के अग्रीमेंट में 2024 के बनाए गए नियम को थोपा जा रहा है जो कि गलत है जिसके कारण हमारे भुगतान लगातार लंबित होते जा रहे हैं इसके साथ ही 2 माह से ईई की नियुक्ति नही होने से नए कार्यो का डिमांड नही जा पा रहा है। एक ओर पिछला भुगतान नही हो रहा और नए भुगतान का डिमांड समय पर जा नही पा रहा है जिसके कारण हम सब ठेकेदार काफी परेशान हैं। जिसके कारण आज यहां धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है।ये हैं मुख्य मांगें-संघ ने जल जीवन मिशन के मिशन संचालक से मांग किया है कि 01 वर्ष से लंबित देयकों का शत् प्रतिशत भुगतान 15 दिवस के भीतर किया जावें, भुगतान प्रकिया संपादित अनुबंध के नियम के तहत किया जावें तथा नये-नये नियम नही लगया जावें, शत् प्रतिशत कार्य पूर्ण अनुबंधों में विभाग द्वारा हर-घर जल प्रकिया विभाग द्वारा शीघ्र पूर्ण करावें, सोलर आधारित योजनाओं में सोलर पंप स्थापना शेष होने की स्थिति में समयवृद्धि बिना अर्थदण्ड के दिया जावें, विद्युत आधारित योजनाओं में जिले की स्थानीय समस्याओं को देखते हुये समयबृद्धि बिना अर्थदण्ड के दिया जावें, सोलर आधारित योजनाओं में पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति के आभाव में देयको का भुगतान लंबित है, शीघ्र पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जावें, रनिंग वाटर के लंबित देयको का भुगतान शीघ्र करया जावें, सुकमा में विगत 2 माह से खण्ड कार्यालय में कार्यपालन अभियंता, की नियुक्ति नही हुईं हैं, शीघ्र कार्यपालन अभियंता की नियुक्ति किया जाए जिससे प्राप्त आंबटन का भुगतान एवं नये देयको का डिमाण्ड किया जा सके।

## जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए करें सार्थक प्रयास :कलेक्टर



**सुकमा,20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नियद नेल्लानार योजना के चिन्हांकित गांव के साथ ही जिले के सभी गांवों में शत-प्रतिशत सैचुरेशन मोड में कार्य कर शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को समय पर मिल सके। यह सार्थक प्रयास सभी विभागों द्वारा किया जाए। साथ ही डोर टू डोर सर्वे में चिन्हांकित पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता देकर पेंशन, जाब कार्ड, श्रमिक पंजीयन जैसे लंबित प्रकरणों को सप्ताह के भीतर निराकारण करने के निर्देश कलेक्टर श्री हरिस एस. ने समय सीमा की बैठक में दिए।बैठक में जिले में शेष आधार कार्ड के लिए सभी विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नियद नेल्लानार योजना के तहत संबन्धित विभाग द्वारा बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र जैसे जानकारियों को नियमित रूप से पोर्टल में अपडेट करने और एफआरए पट्टा के लिए वन विभाग से समन्वय कर सर्वे करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सजगता रखने की आवश्यकता है। कानून व्यवस्था उल्लघंन होने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने समय सीमा के लंबित प्रकरणों एवं पत्रों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें ताकि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को समय पर मिल सके। उन्होंने बैठक के दौरान नियद नेल्लानार योजना क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों में अद्यतन प्रगति लाने और व्यक्तिमूलक योजनाओं से शत-प्रतिशत ग्रामीणों को लाभान्वित किये जाने पर जोर दिया। आकांक्षी ब्लॉक कोन्टा में डेंगू सहित मौसमी बीमारियों के रोकथाम करने के लिए संबंधित एसडीएम को निर्देश दिए। स्कूल जतन योजना निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्वक शीघ्र पूर्ण करने को कहा। महतारी वंदन योजना के तहत जिले में शेष हितग्राहियों को ऑनलाइन एंट्री लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त की। राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का आयोजन 01 सितम्बर से 30 सितंबर तक आयोजन किया जाएगा जिसके तहत के तहत मंगलवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही वजन त्यौहार को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री गजेंद्र ठाकुर, कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, एसडीएम तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बाजार टैक्स वसूल कर दीदियां बनेगी लखपति



**सुकमा,20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत् कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशन एवम् जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय सुकमा से लगभग 12 किलो मीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत केरलापाल के ÷बिहान÷ योजना की शेरावाली माँ स्व सहायता समूह के 10 दीदियो को बाज़ार टैक्स वसूली , साफ़-सफ़ाई , देखरेख करने हेतु पंचायत द्वारा प्रदाय किया गया है। दीदियाँ परिक्रामी निधि, सामुदायिक निवेश कोश और बैंक लिंकेज होने के बाद विभिन्न व्यक्तिगत आजीविका गतिविधियों का संचालन कर रहे है, इसके साथ ही अब ग्राम सभा से प्रस्ताव कर समूह की दीदियो को अब बाज़ार टैक्स वसूली का कार्य भी कर रही है। शेरावाली मां समूह की अध्यक्ष लक्ष्मीदेवनाथ और सचिव ज्योत्सना रॉय ने बताया कि अब हम अतिरिक्त आय प्राप्त करने में सक्षम हो रही है और हमारी आत्मविश्वास में भी उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है।

## कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**सुकमा,20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कमांडेण्ट कार्यालय राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, गृह मंत्रालय तृतीय वाहिनी एनडीआरएफ मुण्डली कटक (ओड़िसा) के द्वारा जिला सुकमा में 19 से 31 अगस्त 2024 तक एनडीआरएफ टीम कटक उड़ीसा के द्वारा विभिन्न सरकारी स्कूलों, समुदायों, ब्लॉक एवं पंचायत कार्यालयों में (फेमेक्स) सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम जिले में आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को सुरक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित कर आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान टीम ने भूकम्प से बचाव, बांढ़ में बचाव के तरीके, बाढ़ की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, सीपीआर, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, सड़क सुरक्षा, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाना, जल संरक्षण तकनीकें, अग्निशामक यंत्र का उपयोग, गरजना, बिजली चमकना, सहित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया।इसमें आपदा से बचने के लिए टिप्स दिए गए।

## सीईओ ने किया ग्राम पंचायत भेज्जी, कोट्टाचेरू का निरीक्षण

**सुकमा,20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन ने सोमवार को विकासखंड कोंटा के अंतर्गत ग्राम पंचायत भेज्जी, कोट्टाचेरू पंचायत में निर्माणधीन स्कूल, आंगनबाड़ी एवं प्रधान मंत्री आवास (ग्रामीण) स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) के तहत शौचालय निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ श्रीमती नम्रता जैन ने अपूर्ण आवास एवं शौचालय निर्माण कार्य को अति शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए। इस अवसर पर एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन श्री निखिल राखेचा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।।

## पोटा केबिन पाकेला में जन्माष्टमी मनाई



**सुकमा।** सुकमा-सुकमा के पोटाकेबिन पाकेला में कृष्ण जन्माष्टमी से माहौल भक्तिमय रहा. विधिवत पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया और सभी ने भक्ति गीत गाकर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया. पूरे परिसर में बच्चे और ग्रामवासी विभिन्न खेलों में जोर आजमाते उत्सव का भरपूर आनंद उठाया. इस दौरान आश्रम के अधीक्षक दुजल पटेल और पाकेला के गणमान्य नागरिक और ब्लॉक के क्रीड़ा अधिकारी आर0एस0कश्यप विशेष रुप से कार्यक्रम संचालन किया और कृष्ण भगवान के लीला और अर्जुन को दिए ।

**एक नजर**

## कांग्रेस नेता नजरूल इस्लाम गिरफ्तार



**भिलाई, 28 अगस्त।** भिलाई बजरंग दल के कार्यकर्ता की पिटाई करने के बाद थाने पहुंचाने वाले नामजद छह आरोपियों में से एक कांग्रेस नेता नजरुल इस्लाम की गिरफ्तारी हो गई है दुर्ग पुलिस की एक टीम ने उसे महाराष्ट्र के गोंदिया से धरदबोचा है। इस बात की पुष्टि दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने दूरभाष पर की है। इस मामले में अभी पांच नामजद सहित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी होनी शेष है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ सिरसा चौक भिलाई-3 में 24 अगस्त को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने दुर्व्यवहार किया था। इस मामले में 20 से 25 बजरंग दल कार्यकर्ताओं के खिलाफ अपराध कायम किया गया था। लेकिन गिरफ्तारी नहीं होने की बात से खफा कांग्रेस नेताओं ने 26 अगस्त को बजरंग दल कार्यकर्ता पुष्पराज सिंह के हेल्थ जिम में दबिश दी और फिर बगल से होटल में चाय पी रहे अमित लखवानी को पीटते हुए थाने ले जाकर छोड़ा। इसके बाद मामले ने तुल पकड़ लिया और भाजपा नेताओं ने थाने आकर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्यवाही के लिए प्रदर्शन किया। आखिरकार पुलिस ने दो अलग-अलग रिपोर्ट पर निगम सभापति कृष्णा चन्द्राकर सहित कांग्रेस पार्षद एस वेंकट रमना, अभिषेक वर्मा, ब्लाक कांग्रेस महामंत्री पप्पू चन्द्राकर, नजरुल इस्लाम और असफाक अहमद सहित अन्य के खिलाफ अपराध कायम किया है। इसके साथ ही इन नेताओं की गिरफ्तारी का प्रयास भिलाई-3 पुलिस ने तेज कर दिया है। इसी कड़ी में नजरुल इस्लाम को गोंदिया से गिरफ्तार कर भिलाई लाए जाने की खबर की एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने पुष्टि कर दी है।

## जवान ने खुदकुशी की

**भिलाई, 28 अगस्त।** भिलाई पैरामिलिट्री फोर्स एसएसबी के जवान ने ड्यूटी राइफल से सिर पर गोली मारकर खुदकुशी कर ली स्पर्श हास्पिटल में इलाज के दौरान जवान की मौत हो गई मृतक मनोज कुमार पिता सुभाष चन्द्र ( 32 वर्ष ) ग्राम सीमा, तहसील नारनूल जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा का रहने वाला है उसकी पदस्थापना एसएसबी 28 वीं बटालियन अंतागढ़ में थी। वहां से जनरल ड्यूटी के लिए वह रिसाली भिलाई के ट्रांजिट कैंप में आया था मिली जानकारी के आरक्षक मनोज कुमार की ड्यूटी एसएसबी ट्रांजिट कैंप रिसाली के मुख्य गेट पर लगी थी। उसे रात साढ़े 8 से साढ़े 11 बजे तक ड्यूटी करनी थी। ड्यूटी के दौरान ही रात 9.12 बजे मनोज कुमार ने अपने इशांश राइफल से सिर के दाहिने ओर गोली मार ली। मनोज कुमार के उठाए गए इस आत्मघाती कदम की जानकारी मिलते ही एसएसबी के अधिकारी और जवानों में हड़कंप सी मच गई। गंभीर हालत में उसे सुपेला के स्पर्श हास्पिटल में लाकर भर्ती कराया गया। यहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत की पुष्टि कर दी गई। बटालियन की ओर से जवान के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। वहीं पुलिस ने मामला कायम कर लिया है उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में पदस्थ पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के सुसाइड करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जन्माष्टमी के दिन भी बीजापुर में पदस्थ सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल ने भी खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया था उत्तराखंड का मृत जवान बीजापुर के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पदस्थ था।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लैलूंगा में सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध

**रायगढ़, 28 अगस्त।** विकासखंड लैलूंगा के दूरस्थ अंचल में रहने वाले गर्भवती महिलाओं के लिये स्वास्थ्य सुविधा में बड़ी राहत मिली है। जिसके तहत आज कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. बी.के.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लैलूंगा में डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड (सोनोग्राफी) मशीन का उद्घाटन किया गया। जिससे अब वहां की महिलाओ को लंबी दूरी तय करनी नहीं पड़ेगी और गर्भवती महिलाओं को शारीरिक रूप से आराम मिलने के साथ समय की बचत एवं आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी। सीएचसी लैलूंगा में हाई रिस्क वाली (उच्च जोखिम वाली महिलाओं का समय रहते अपने प्रसव की स्थिति की जानकारी ली जा रही है। महिलाओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिये गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व पौष्टिक आहार, नियमित दवाईयां आराम करने की सलाह दी जाती है। इसके लिये डॉ. कुन्ती चौधरी स्त्रीरोग विशेषज्ञ को प्रत्येक माह के 24 तारीख को निर्देशित किया गया है जिससे लैलूंगा क्षेत्र में गर्भवती माताओं को इसका लाभ प्राप्त हो सकें। आज उद्घाटन के पश्चात 13 महिलाओं का सोनोग्राफी किया गया है। सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ होने से लैलूंगा के दूरस्थ अंचलों के लोगों में हर्ष व्याप्त है।

# सडक़ के लिए छात्र-छात्राओं ने किया चक्का जाम



**रायगढ़, 28 अगस्त।** कल सुबह स्कूली छात्रों ने स्कूली बस के समय पर नही पहुंचने और जर्जर सडक़ से हो रही परेशानी को लेकर सडक़ में उतरकर चक्काजाम शुरू कर दिया। जिससे सडक़ के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

मिली जानकारी के मुताबिक छाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खेदापाली चौक में मंगलवार की सुबह 8 बजे से सरकारी व निजी स्कूली छात्रों ने सडक़ पर उतरकर खरसिया-धरमजयगढ़ मुख्य मार्ग पर चक्काजाम शुरू कर दिया। जिससे सडक़ के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जर्जर सडक़ से स्कूली छात्रों को हो रही परेशानी को लेकर उन्होंने एक स्वर में एसईसीएल हाय-हाय और सडक़ बनाओ के नारे लगाते रहे। सडक़ में चक्काजाम कर रहे स्कूली छात्रों का कहना था कि एसईसीएल बस ठेकेदार की मनमानी के चलते वे समय पर स्कूल नही पहुंच पा रहे हैं। इस समस्या को लेकर उनके द्वारा चार दिन पहले सब एरिया मैनेजर के मेन गेट के सामने भी प्रदर्शन किया गया था। छात्रों ने आरोप लगाते हुए यह भी बताया कि स्कूल का समय सुबह 8 बजे है लेकिन 9 बजे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद स्कूल बस समय पर नही आने से उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। साथ ही साथ खरसिया से धरमजयगढ़ मुख्य मार्ग की हालत काफी समय से अत्यंत जर्जर हो चुकी है जहां कभी भी कोई बड़ी अनहोनी घटना घटित होनें की आशंका बनी रहती है। इन दोनों समस्याओं को लेकर आज छात्रों ने सडक़ पर उतरकर चक्काजाम शुरू कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही छाल तहसीलदार अनुराधा पटेल और छाल थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर छात्रों को समझाईश देते हुए चक्काजाम समाप्त करने की बात कहते रहे लेकिन छात्र अपनी मांगों को पर अड़े रहे। जल्द ही सडक़ निर्माण और स्कूली बस सेवा में सुधार करने का आश्वासन मिलने के पश्चात तकरीबन 4 घंटे पश्चात स्कूली छात्रों ने चक्काजाम समाप्त किया तब जाकर इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन शुरू हो सका।

# केलो नदी में डूबा नाबालिग,गोताखोर तलाश कर रहे

**रायगढ़, 28 अगस्त।** जिले में सोमवार की शाम चार दोस्तों के नहाने गए एक युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद पुलिस एवं गोताखोरों की टीम युवक की पतासाजी में लगी हुई है। उक्त घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दरोगापारा निवासी पप्पू चैहान पिता प्रकाश चैहान 17 साल कल शाम अपने चार दोस्तों के साथ नहाने के लिये ग्राम गोवर्धनपुर के पास स्थित पचधारी गया हुआ था। जहां नहाते समय गहरे पानी में चले जाने से युवक गहरे पानी में डूब गया है। युवक को गहरे पानी में डूबता देख उसके साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन उसे बचा नही सके। जिसके बाद उन्होंने इस घटना की जानकारी परिजनों के अलावा पुलिस को दी। कल शाम से मंगलवार की सुबह तक सिटी कोतवाली पुलिस एवं गोताखोरों की टीम कई किलोमीटर तक रेस्क्यू किये जाने के बावजूद नदी में डूबे युवक का कहीं पता नही चल सका है।

पिछले तीन दिनों से उपरी क्षेत्र में हो रही बारिश की वजह से केलो नदी जल स्तर बढ़ा है। जिससे केलो नदी में बाढ़ जैसे हालत है। साथ ही साथ केलो डेम के तीन गेट खोल दिये गए थे जिससे पचधारी के आसपास भी पानी बढा हुआ था। इसी दौरान नहाने के बीच युवक गहरे पानी में डूब गया है।

### डैम के गेट बंद करने कहा गया

बताया जा रहा है सोमवार की शाम से केलो नदी में डूबे युवक की मंगलवार की सुबह से दोपहर तक खोजबीन करने के बावजूद युवक की कहीं पता नही चलने के बाद केलो डेम के गेट बंद करने को कहा गया है ताकि केलो नदी में जलस्तर कम होते ही नदी में बहे युवक को ढूंढने में आसानी हो सके। इस संबंध में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल ने बताया कि कल शाम 5 बजे पप्पु चैहान अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ पचधारी डेम नहाने गया हुआ था। जहां पानी के तेज बहाव में पप्पु चैहान बह गया। कल शाम के बाद आज सुबह पांच बजे से लापता युवक की पतासाजी की जा रही है। पुसौर तक नदी किनारे रहने लोग ग्रामीणों को अलर्ट कर दिया गया है।

### प्रतिबंधित इलाका है पचधारी

गोवर्धनपुर में स्थित पचधारी डेम में नहाने को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। हर साल पानी में डूबने से इस जगह में लोगों की मौत होते रही है। प्रतिबंध के बावजूद कुछ लोगों के द्वारा लापरवाही बरतते हुए यहां नहाने पहुंचते है। बीच.बीच में पुलिस के द्वारा कुछ लोगों पर कार्रवाई भी की जा चुकी है। इसके बावजूद लोग यहां पहुंचते हैं।

### क्या कहते हैं पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि कल शाम पप्पू चैहान पिता प्रकाश चौहान 17 साल कल शाम पचधारी में नहाने गया था। जब वह पानी में छलांग लगाया तब पानी से बाहर नही आ पाया और पानी में डूब गयाए लगातार उसे ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। होमगार्ड की दो टीमें लगी हुई है आसपास खोजबीन की जा रही है। नदी किनारे के लोगो को सूचित किया गया है कि आसपास कहीं कोई बॉडी मिले तो पुलिस को सूचित करें।

## ईडब्लूएस कॉलोनी में जन्माष्टमी पर्व मनाया



**महासमुंद, 28 अगस्त।** ईडब्लूएस कॉलोनी मचेवा में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कॉलानी के बच्चों ने भगवान कृष्ण राधा की वेशभूषा में नजर आए। घरों में पूजा अर्चना पश्चात कॉलोनीवासी एक जगह एकत्रित होकर दही हांडी फोड़ का आनंद लिया। आंखों में पट्टी बांध कर मटकी फोड़ प्रतियोगिता तीन चरणों में हुई। प्रथम चरण बच्चों का, द्वितीय महिला एवं तृतीय चरण में पुरूषों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम बच्चों में विभा तिवारी, पुरूष में प्रथम डालाराम चंद्राकर, महिलाओं के ग्रुप में कोई?भी प्रतिभागी सफल नहीं रहा। कार्यक्रम के दौरान जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी, नंद का आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारेसे कॉलोनी गूंजता रहा।

# पिछड़ा वर्ग के लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ें:विश्वकर्मा

**रायगढ़, 28 अगस्त।** छ.ग.पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग, रायपुर के अध्यक्ष श्री आर.एस.विश्वकर्मा (आई.ए.एस.से.नि.) केबिनेट मंत्री (दर्जा) ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिले के विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं में पिछड़ा वर्ग की सहभागिता एवं लाभान्वितों के संबंध में समीक्षा की। इस अवसर पर छ.ग.पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्यगण श्री यशवंत सिंह वर्मा, श्री नीलांबर नायक, श्री बलदाऊ राम साहू, श्री हरिशंकर यादव, श्रीमती शैलेन्द्री परगनिहा एवं श्री हिमांचल साहू उपस्थित रहे। छ.ग.पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष श्री आर.एस.विश्वकर्मा ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को कहा कि जिले में पिछड़ा वर्ग की जनसंख्यानुसार पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़ें। उन्होंने आयोग के गठन के संबंध में कहा कि इसका उद्देश्य प्रदेश में पिछड़े वर्ग की वर्तमान सामाजिक स्थिति, शैक्षणिक तथा आर्थिक स्थिति, शासन के विभिन्न विभागों की संरचना एवं योजनाओं में पिछड़े वर्ग की भागीदारी, राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को मिल रहे लाभ की जानकारी, राज्य में पिछड़े वर्ग के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर तथा इसमें वृद्धि के उपाय, राज्य में पिछड़े वर्ग की युवाओं हेतु कौशल उन्नयन कार्यक्रमों तथा प्रशिक्षण के संचालन की वर्तमान स्थिति, पिछड़े वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक कल्याण हेतु अन्य उपाय तथा अनुशंसा के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य में त्रि-स्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है। जिसके लिए वर्तमान में सर्वे का कार्य किया जा रहा है। अत- सर्वे का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाए कोई भी पिछड़ा वर्ग का व्यक्ति नहीं छुटना चाहिए, ताकि पिछड़ा वर्ग की जन संख्या सुनिश्चित होने के साथ ही विभिन्न योजनाओं का लाभ उन्हे मिल सके।अध्यक्ष श्री आर.एस.विश्वकर्मा ने बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विकास विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, शिक्षा विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, कृषि विभाग, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, महिला बाल विकास, रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग, समाज कल्याण कल्याण, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, क्रेडा, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, उद्यानिकी विभाग, मछली पालन, जल संसाधन, सहकारिता विभाग, वन विभाग एवं जिला कौशल विभाग विकास से उनके संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी लेते हुए योजनाओं से पिछड़ा वर्ग के लाभान्वितों की समीक्षा की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि योजनाओं में प्राप्त आवेदन अनुसार लाभान्वितों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायें। इसी प्रकार राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र नियत समय में बनाया जाए। इस दौरान उन्होंने जाति प्रमाण पत्र के संबंध में निर्देशित किया कि शासन के जारी प्रपत्र का पालन करते हुए क्रिमीलेयर प्रमाण पत्र जारी करें। उन्होंने कहा कि जिले में स्कूल स्तर में जाति प्रमाण बनने चाहिए इसके लिए शिविर का आयोजन कर शत-प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनाया जाए। उन्होंने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों के वर्गसंख्या अनुसार शासन को प्रस्ताव भेजने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता का ध्यान रखें, सभी वर्गो में सम्यक विकास हो, कृषक चयन में विशेष ध्यान दें। इसी तरह उन्होंने उद्योग विभाग को लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम में वर्गवार जानकारी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने मछली पालन विभाग को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मंडावी, समस्त एसडीएम एवं जिला स्तरीय आधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। छ.ग.पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग, रायपुर के अध्यक्ष श्री आर.एस.विश्वकर्मा ने आज अपने रायगढ़ के प्रवास के दौरान सर्किट हाऊस में पिछड़ा वर्ग के जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने समाज के समग्र विकास हेतु स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए सुझाव भी लिए। इस दौरान श्री महेश साहू, श्री पुरूषोत्तम पटेल, श्री खेमराज नायक, श्री रमेश बेहरा, श्री अरूण बेहरा, श्रीमती शीला तिवारी, श्री अजय पटेल, श्री सरयु बेहरा, श्री हेमंत डनसेना, श्री श्याम गुप्ता, श्री अनिरूद्ध गुप्ता सहित समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सेजेस गोढ़ी ने विकासखण्ड स्तरीय विज्ञान एवं गणित क्विज में मारी बाजी

**रायगढ़, 28 अगस्त।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में शिक्षा गुणवत्ता विकास के लिये लागू मिशन उत्कर्ष के अंतर्गत कक्षा नवमीं से बारहवीं तक अध्ययन कर रहे छात्रों के लिये हर माह विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शाला स्तर, ब्लॉक स्तर और जिला स्तर पर आयोजित किया जा रहा है, ताकि बच्चों का विज्ञान एवं गणित के ज्ञान में वृद्धि हो और उनका रुझान इस विषय की ओर हो। निर्देश के परिपालन में आज सेजेस तमनार में विकासखण्ड स्तरीय विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड के सेजेस तमनार, कन्या गोढ़ी, कुंजेमुरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमनार, धौराभांठा, लिबरा, कोलम चितवाही, उरबा, देवगढ़, टांगरघाट, के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सेजेस कन्या गोढ़ी के हेमा यादव एवं संजना चक्रोबर्ती ने प्रथम स्थान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोलम चितवाही के राहुल राठिया एवं पुरुषोत्तम चौहान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजयी शाला जिला स्तरीय प्रतियोगिता जो आगामी 31 अगस्त 2024 को आयोजित होगी उसमें भाग लेगी। क्विज प्रतियोगिता के निर्णायक उमेश पटेल, मंजू पटेल, खिरोदिनी पटनायक रहे। क्विज प्रतियोगिता का संचालन जयराम विश्वाल द्वारा किया गया।

## जनसमस्या निवारण शिविर 30 अगस्त को



**बीजापुर, 28 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखण्ड भैरमगढ़ अंतर्गत विभिन्न शासकीय योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किए जाने हेतु 28 अगस्त को ग्राम कोमपल्ली एवं 30 अगस्त को रानी बोदली में शिविर का आयोजन किया जाना है। जिस हेतु तहसीलदार कुटरू को नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भैरमगढ़ को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविर के सफलतापूर्वक संचालन हेतु नामजद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपा गया है। शिविर के माध्यम से आधार कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाएगा।

## तिमेनार में ग्रामीण की नक्सलियों ने की हत्या

**बीजापुर, 28 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के मिरतूर थाना क्षेत्र के तिमेनार गांव के एक ग्रामीण की.नकसलियों ने इस लिए हत्या कर दी कि उसका एक भाई पुलिस की नौकरी कर रहा है इसी बात से.नाराज नकसलियों ने बेकसूर भाई की हत्या कर दी है पिछले पांच दिनो मे नकसलियों द्वारा कि गई. यह तीसरी हत्या है इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का वातावरण बना हुआ है सरकार के लाख दावो के बीच नकसली लगातार वारदात को अंजाम दे रहे है घटना मिरतूर थाना क्षेत्र की है पुलिस घटना की जांच में जुटी है

## जामुल मंडल में भाजपा सदस्यता अभियान कार्यशाला आयोजित



**जामुल, 28 अगस्त।** जिला अध्यक्ष के निर्देशानुसार व जिला संयोजक के मार्गदर्शन तथा मंडल संयोजक के नेतृत्व में 27/08/2024 को मंगल भवन शिवपुरी जामुल में सदस्यता अभियान कार्यशाला सम्पन्न हुआ। इस कार्यशाला में मुख्यरूप से जिला अध्यक्ष आदरणीय श्री महेश वर्मा जी, जिलाउपाध्यक्ष श्री राम उपकार तिवारी जी, जिला संयोजक श्री रेखराम बंछोर जी, पालिका अध्यक्ष श्री ईश्वर सिंह ठाकुर जी, पूर्व उपाध्यक्ष श्री यशवंत ठाकुर जी अतिथि के रूप में उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम संयोजक श्री नूतन वर्मा के अध्यक्षता में श्री सुरेश मानिकपुरी द्वारा सभी अतिथि व कार्यकर्ताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया जिसमे वार्ड 13 के पार्षद व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा श्रीमती कविता बिसलाल जी, वरिष्ठ पार्षद वार्ड 5 श्री दीपक गुप्ता जी, युवा पार्षद वार्ड 16 श्री चुम्मन वर्मा जी, पार्षद वार्ड 14 श्री रामदुलार साहू जी, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा श्री जितेंद्र साहू जी, जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा व पूर्व पार्षद श्री मेघनाथ साहू जी, जिला मंत्री स्ट मोर्चा श्री बी आर रामटेके जी, कार्यक्रम सहसंयोजक श्री विशेसर वर्मा जी, श्री अरुण यादव जी, श्री भानु साहू जी, मंडल उपाध्यक्ष श्री दीपक सिंह जी, ठाकुर विक्रम सिंह जी, कोषाध्यक्ष श्री सुभाष पंचाल जी, मंडल मंत्री श्री राकेश वर्मा जी, श्री संजय यादव जी, श्री शंकर साहू जी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री लक्ष्मी छत्री जी, श्री राजेन्द्र चौहान जी, युवा मोर्चा अध्यक्ष श्री सोनू यादव जी, ह्यह्ल मोर्चा अध्यक्ष श्री दौवा राम ठाकुर जी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष श्री अजय निर्मल जी, महामंत्री श्रीमती गायत्री निषाद जी, वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री अश्वनी पांडे जी, श्री देवदत्त शर्मा जी, श्री भगवान दास चौहान जी, पूर्व पार्षद श्री राजेन्द्र वर्मा जी, श्री अश्वनी यादव जी, श्री सरस बर्मन जी, श्री दीपक दाऊ, श्री लल्लन सिंह जी, श्री ओमप्रकाश साहू जी, श्री कुलेश्वर वर्मा जी, श्री रामचंद साहू जी शिवपुरी, श्री ओम ओबेरॉय जी, श्री उमेश बर्मन जी, युवा ब्रिगेड श्री किशन गर्ग, श्री लेखराम पाल, श्री ओमप्रकाश साहू, बुथ अध्यक्ष श्री बजरंग सिन्हा उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री संजय शर्मा व आभार व्यक्त प्रशांत बंटी गुप्ता द्वारा किया गया।

## जनदर्शन में पहुंचे लोगों ने बताई अपनी समस्याएं

**रायगढ़, 28 अगस्त।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले आवेदकों ने अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने जनदर्शन में आम जनता की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभाग को तुरंत निर्देश जारी किए। जनदर्शन में लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं जैसे राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, आवास और सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन दिए।

जनदर्शन में रायगढ़ मधुबन पारा की श्रीमती किरन उरांव स्कूल में टीसी न देने के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र अलेख उरांव जो कि भवानी बाल विद्या मंदिर स्कूल चांदमारी में पढ़ाई करता है। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र को अब वे दूसरे स्कूल में पढ़ाना चाह रही है, जिस संबंध में उन्हें टीसी की जरूरत है। लेकिन स्कूल में टीसी न देने के कारण अन्य स्कूल के दाखिला में परेशानी हो रही है। अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने शिक्षा विभाग को आवेदन का परीक्षण कर तत्काल उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी तरह जनपद पंचायत खरसिया ग्राम पंचायत गीधा के ग्रामीण गांव में अवैध मदिरा निर्माण एवं उसके बिक्री को बंद कराये जाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि गीधा गांव के सभी मोहल्लों में अवैध दारू निर्माण एवं बिक्री कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। जिसके कारण गांव के नव युवकों पर शराब की लत लग रही है, साथ ही उनकी तबीयत भी खराब हो रही है। अगर यहां शीघ्र ही अवैध शराब निर्माण पर रोक नहीं लगायी गयी तो आगे चलकर गांव की स्थिति बहुत खराब हो जाएगी। अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने आबकारी विभाग को आवेदन पर शीघ्रता से कार्यवाही के निर्देश दिए।

# स्कूलों में हर माह लें यूनिट टेस्ट, रिजल्ट का विश्लेषण कर बनाएं कार्ययोजना:सीईओ

**रायगढ़, 28 अगस्त।** सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्कूलों में प्रतिमाह यूनिट टेस्ट आयोजित करने और रिजल्ट का विश्लेषण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यूनिट टेस्ट लेने का उद्देश्य है बच्चों कि प्रगति की साल भर मॉनिटरिंग हो। जिससे जहां बच्चे का रिजल्ट अच्छा नहीं आ रहा वहां सुधार किया जा सके। उन्होंने इसे पूरी गंभीरता से करते हुए आगामी बैठकों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्कूली बच्चों को इंस्पायर मानक अवार्ड के बारे में जानकारी देने और उन्हें इसमें हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री जनदर्शन से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। सीईओ श्री यादव ने विभागवार अधिकारियों से आवेदन के संबंध में की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अधिकारी जल्द आवेदनों का निराकरण कर उसे अपडेट करें। सीईओ श्री यादव ने जन समस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया सीईओ श्री यादव ने प्रयास विद्यालय के संचालन प्रारंभ करने के संबंध में तैयारियों का ब्यौरा लिया। प्रभारी सहायक आयुक्त श्री महेश शर्मा ने बताया कि क्लास रूम और हॉस्टल तैयार किए जा चुके हैं। पहले सत्र के संचालन के लिए काउंसलिंग उपरांत छात्रों का चयन किया जा चुका है। छात्रावास का सामान शिफ्ट किया जा रहा है। जिसके पश्चात कक्षाएं प्रारंभ करने की तैयारी है। सीईओ श्री यादव ने परिसर में साफ -सफाई व्यवस्था पूरी करने के निर्देश विशेष रूप से दिए। सीईओ श्री यादव ने पीएम जनमन योजना के तहत किए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी ली। बताया गया कि जनमन योजना से लाभान्वित करने के लिए विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर बाहुल्य गांवों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। यह शिविर आगामी 10 सितंबर तक लगाए जायेंगे। सीईओ श्री यादव ने खाद्य विभाग से ई-केवाईसी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले के विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ई-केवाईसी अपडेशन का काम पूरा करें। खाद्य अधिकारी ने बताया कि गांवों और शहरी वार्डों का क्लस्टर बनाकर ई-केवाईसी अपडेशन का काम किया जाएगा। सीईओ श्री यादव ने कहा कि काम में प्रगति दिखनी चाहिए।बैठक में राजस्व मामलों को लेकर एसडीएम और तहसीलदार से चर्चा की गई। अपर कलेक्टर श्री राजीव पांडेय ने नक्शा बटांकन, विवादित नामांतरण, विवादित और अविवादित खाता विभाजन के संबंध में अधिकारियों को प्रकरणों का तेजी से निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में चक्रधर समारोह के आयोजन के संबंध में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर और श्री पाण्डेय ने बताया कि चक्रधर समारोह के गरिमामयी और सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। सभी अपने कार्यों का संपादन पूरी गंभीरता से करेंगे।

## निधन

### कंपीना बाई



**भखारा।** बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ पूर्व पार्षद जोधापुर वार्ड बसपा कंपीना बाई वानखेड़े दिनांक 27 अगस्त को निधन हो गया। उनके तीन बेटी व दो बेटे थे। उनकी अंतिम यात्रा में आशीष रात्रे आर पी संभाकर ठाकुर प्रसाद गुप्ता, नंदकुमार बंजारे, पालनहार मेश्राम,ज्ञानिकराम रामटेके सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे

# भगवान रामचंद्र की शोभायात्रा निकली,दर्शन के लिए उमड़ा लोगों का हूजूम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







भाटापारा 28 अगस्त। श्री अखण्डरामनाम सप्ताह समारोह के समापन समारोह पर निकली भव्य शोभायात्रा जूलूस मे लगभग एक लाख श्रद्धालु भक्त शामिल हुए वही आसपास व दूरदराज से आयी 100 से उपर भजन मण्डिलयां शामिल रहे। वही शोभायात्रा मे भगवान राम की झांकी दर्शन करने लोगो की भीड उमड पडी दोपहर दो बजे रामसप्ताह मण्डप से शोभायात्रा निकली जो नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते देर रात रामसप्ताह मण्डप पहुंची ,इस दौरान गोविंद चौक से लेकर महासती मंदिर मार्ग मे भजन मण्डिलयो का स्वागत पंडाल लगाकर विभिन्न,राजनीतिक दल,सामाजिक संगठनो द्वारा किया गया पूरे शहर मे बाहर से दर्शनार्थियों के लिए खाने पीने की व्यवस्था निःशुल्क रखी गई थी। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे जहां उन्होने भगवान राम की पूजा अर्चना कर लोगो का अभिवादन किया इस दौरान विधायक इन्द्र साव मौजूद रहे ,इसके बाद वे कांग्रेस द्वारा बनाये गये स्वागत पंडाल मे पहुंचे और भजन मण्डली का स्वागत किया और लोगो को संबोधित कर इस आयोजन के लिए बधाई दी और सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया विधायक इन्द्र साव ने भूपेश बघेल को स्मृति चिन्ह प्रदान किया ,भाजपा के पंडाल मे रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ,प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा मौजूद रहे जहां उन्होने भी भजन मण्डली का स्वागत किया शिवरतन शर्मा भजनो के धुन मे थिरके और ढोलक मांदर बजाया श्री अखण्डरामनाम सप्ताह के इस एतिहासिक आयोजन मे लाखो श्रद्धालु भक्त शामिल हुए वही रामसप्ताह समारोह के 86 वें वर्ष के आयोजन मे रामसप्ताह समिति के संयोजक अनिल चांडक व समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन किया वही भारी भीड को नियंत्रित और कानून व्यवस्था को बनाने पुलिस प्रशासन व स्थानीय प्रशासन ने बहुत ही अच्छी और चाक चौबध व्यवस्था की थी एस.पी.विजय अग्रवाल के मार्ग दर्शन मे एएसपी एच.एस.सिदार, एसडीएम नितिन तिवारी, एसडीओपी एश्वर्य चन्द्राकर,शहर एवं ग्रामीण टी.आई.परिवेश तिवारी, अमित पाटले व बडी संख्या मे तैनात पुलिस बल ने शहर की व्यवस्था को संभाल रखा था पुलिस के बडे अधिकारी देर रात तक शहर मे भ्रमण कर व्यवस्थाओं पर नजर रखे हुए थे इस वर्ष पुलिस प्रशासन की व्यवस्था की हर कोई सराहना किया एहितयात के तौर पर पुलिस ने शहर के चारो ओर स्टापर बेरिकेड्स लगाया था और वाहनो के लिए अलग अलग स्थानो मे पार्किंग की व्यवस्था की थी जिससे लोगो कोई असुविधा नही हुई ।वही शोभायात्रा से पहले टी आई.परिवेश तिवारी ने गुंडा,बदमाश,चाकूबाजी करने वाले हिस्ट्रीशीटरो पर कार्यवाही की जिससे आपराधिक प्रवृत्ति वालो मे दहशत का वातावरण बना रहा अंचल का यह एतिहासिक पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हुआ किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय स्थिति निर्मित नही हुई।

## एक नजर

### महतारी वंदन योजना से बांस शिल्प कला को मिल रही है नई पहचान

बलौदाबाजार,28 अगस्त। जिले के अंतिमछोर में स्थित कसडोल विकासखंड अंतर्गत ग्राम बल्दाकछार में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना बड़ी खुशी लेकर आई है। महतारी वंदन योजना से यहाँ के बांस शिल्प कला को अब एक नई पहचान मिल रही है। इसके साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त होने में भी मदद मिल रही है। जिला प्रशासन द्वारा पीएमजनमन के तहत शत प्रतिशत विभागीय योजनाओं से लाभांवित करने का प्रयास किया जा रहा है। कमारपारा में निवासरत श्रीमती चांदनी बाई कमार ने बताया कि वह परंपरागत रूप से बांस शिल्प एवं कृषि के समय मजदूरी का कार्य करके ही अपने जीवकोपार्जन करती है। उन्होनें आगे कहा कि महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह 1 हजार रूपये मिलने वाले पैसों का उपयोग बांस खरीदने में करती हूं। जिससे मैं बांस से निर्मित झेंझरी, सुपा,पर्रा,टुकनी सहित अन्य सजावटी वस्तुएं अधिक संख्या में बना पाती हूं। इसे बेचकर मुझे अच्छी खासी आमदनी मिल जा रही है। उन्होनें महतारी वंदन योजना के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इसकी राशि बढ़ाने की आग्रह की है। इसी तरह उनके पड़ोसी श्रीमती ममता कमार भी महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग बांस शिल्प एवं अपनी बच्ची 1 वर्षीय लवली कमार के शिक्षा के लिए बचत कर रही है। साथ ही उन्होनें बताया कि राज्य सरकार द्वारा खाद्यान्न सहायता के तहत 35 किलो चावल हर माह मिलता है। महतारी वंदन योजना से हर माह मिलने वाली राशि उनके लिए बहुत बड़ा सहारा है। छत्तीसगढ़ की परंपरा रही है कि यहां बेटियों को अगाध स्नेह और सम्मान दिया जाता है। बेटियों का हर घर में विशेष स्थान होता है। तीज- त्यौहारों में बेटियों और बहनों को स्नेह से भेंट और राशि दी जाती है। महतारी वंदन योजना लागू होने से महिलाओं के विश्वास की जीत हुई है।

### शंकर वार्ड में रंगारंग संगीत का कार्यक्रम 30 अगस्त को

भाटापारा 28 अगस्त। श्री अखण्डरामनाम सप्ताह समारोह के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार 30 अगस्त शुक्रवार को शंकरवार्ड जयस्तंभ चौक मे रंगारंग संगीत का कार्यक्रम उमाशंकर ग्रुप बिलासपुर का आर्केस्ट्रा का आयोजन रात्रि 8:30 बजे किया गया है । शंकरवार्ड के पूर्व पार्षद, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, धनंजय तिवारी ने बताया कि रामसप्ताह के सात दिनो के आयोजन के बाद लोगो के मंनोरजन के लिए संगीत का कार्यक्रम बीते 15 वर्षो से लगातार कराया जा रहा है उन्होने आम लोगो से अपील की है कि इस आयोजन मे उपस्थित रहकर कार्यक्रम का आनंद उठाये।

### सीएमएचओ ने किया अस्पतालों का औचक निरीक्षण,कार्य में लापरवाही नही बरतने एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधा बढ़ाने दिए निर्देश



बलौदाबाजार, 28 अगस्त। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ.राजेश कुमार अवस्थी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन और कसडोल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान आपातकालीन स्थिति में आये मरीज को तुरन्त अटेंड करने के लिए ट्राईएज (गंभीर मरीज़ों को तुरंत इलाज उपलब्धता हेतु व्यवस्था) तत्काल बनाया जाए। तथा, बेड,मॉनिटर,ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर,जैसी जरूरी आपातकालीन सुविधा बनाई जाये। साथ ही यह सुनिश्चित हो कि किसी भी हाल में इमरजेंसी मरीज को सबसे पहले अटेंड करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए हैं। जांच के दौरान उन्होंने ,ओपीडी,नर्सिंग रूम,लेबर रूम ,लैब,दवाई स्टोर,फार्मेसी का भी निरीक्षण किया। लैब कार्यो से उन्होंने संतुष्टि ज़ाहिर की। दोनों ही अस्पतालों के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिजीत बैनर्जी और डॉक्टर रविशंकर अजगल्ले को सीएमएचओ ने कहा की ,कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर समय पर आयें इसकी निगरानी की जाए। वार्ड ड्यूटी में डॉक्टर और अन्य स्टाफ शिफ्ट अनुसार ड्यूटी में रहें तथा ड्यूटी में रिलीव तभी किया जाए जब उनके स्थान पर निर्धारित स्टाफ उपस्थित हो जायें। उन्होंने आयुष्मान कार्ड की स्वेपिंग की भी समीक्षा की तथा छूटे हुए लोगों के कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के सम्बंध में सम्बंधित प्रभारियों को समय पर इसे ज़ारी करने कहा गया है जिससे हितग्राहियों को इसके कारण होने वाली परेशानियों से बचाया जाए। इस काम मे लापरवाही होने पर कार्यवाही की चेतावनी भी दी। अस्पताल में सीसीटीवी लगाने, राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार सामग्री का निरूपण को भी उन्होंने कहा। उन्होंने कहा उल्टी-दस्त जैसी मौसमी बीमारियों के प्रबंधन हेतु,ग्राम स्तर पर मितानिनों के पास ओआरएस, एलजिंक, क्लोरीन टेबलेट सहित जरूरी दवाईयां 24 घंटे उपलब्ध हों यह स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुनिश्चित करने.मितानिन ब्लॉक समन्वयक प्रतिदिन इसकी रिपोर्टिंग करेंगे । सुपरवाइज़र केसों की समीक्षा करते हुए विशेष रूप से ध्यान देंगे। उपस्थित डॉक्टरों को अनावश्यक रेफरल से बचने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर बीएमओ के अलावा बीपीएम,बीईटीओ,डॉक्टर और नर्स भी उपस्थित रहे।

### लखपति दीदीयों ने पौधे लगाए

धमतरी 28 अगस्त। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जलगांव महाराष्ट्र में आयोजित कार्यक्रम में गत दिनों लखपति दीदीयों का सम्मान किया गया था। इस दौरान जिले के चारों विकासखण्डों धमतरी, कुरूद, मगरलोड, नगरी की 1556 लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया। कुरूद विकासखंड के कोर्रा संकुल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक कुरूद श्री अजय चन्द्राकर द्वारा 125 लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया गया। साथ ही उनके द्वारा किये गये कार्यों को सराहा गया। सम्मान कार्यक्रम के बाद विधायक श्री चन्द्राकर के साथ लखपति दीदियों ने ''एक पेड़ मां के नाम''जामुन, नीम, सीताफल, अर्जुना, आम, इमली, आंवला के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी (मनरेगा), जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं विकासखंड के समस्त कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सर्व यादव युवा समाज ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व विशेष पूजा,भजन-कीर्तन कर मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



छुरा 28 अगस्त। सर्व यादव युवा समाज छुरा नगर के द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 26 अगस्त को धूमधाम से मनाया गया कार्यकम के पूर्व नगर के देवी देवताओं का पूजन कर जन्माष्टमी का कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। ततपश्चात यादव समाज के विभिन्न वर्गों के पदाधिकारियों एवं समाजिक बंधुओं का सम्मान किया गया ।श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भजन-कीर्तन समेत रामायण कार्यकम हुआ।जिसमे कमाता प्रसाद जय गुरुदेव संकीर्तन कूड़ेरादार (छुरा), नेमिचंद यादव म्यूजिक ग्रुप भजन संध्या छुरा, स्वरांजलि मानस जगराता परिवार अर्जुन्दा रामायण मंडली ने अपनी प्रस्तुति दी। जिसमे नगर एवं गांव के हजारों की संख्या में श्रोतागण भजन और रामायण का रसपान किया।श्रद्धालुओं ने दिन भर उपवास रखकर रात्रि 12 बजे ही मृदंग-भेरी और शंखनाद एवं 56 भोग के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नंदलाल को झूला-झुलाने के बाद भक्तो ने अपना उपवास तोड़ा पर्व को लेकर श्रीकृष्ण भक्तो में उत्साह देखने को मिला ।नगर के सभी लोग भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि के लिये विशेष पूजा किये।सर्व यादव युवा समाज के द्वारा प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी भंडारा प्रसादी रखा गया, जिसमे सैकड़ों श्रद्धालु भक्त एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किए।उक्त कार्यक्रम में सर्व यादव युवा समाज के सलाहकार हरिश यादव, झामन यादव, देव यदु, महेंद्र यादव, रोहित यादव अध्यक्ष लोकेश यादव, उपाध्यक्ष संतराम यादवसचिव दिवस यदु सह सचिव मिथलेश यदुकोषाध्यक्ष परशु यादव, संजीव यदु मीडिया प्रभारी एवं सर्व यादव समाज के प्रमुखगणराजू यादव, देवनारायण यादव, विनोद यादव, राजकुमार यादव, ओमप्रकाश यादव, भविश यादव, अंगेश्वर यादव, कयाराम यादव, नेमीचंद यादव, रामाधार यादव आदि सामाजिक प्रमुख के साथ साथ सर्व यादव युवा समाज के सभी युवा हेमन्त यादव, मनीष यादव, रूपेश यादव, डोमस यादव, कौशल यादव, लक्ष्मण यादव, नरोत्तम यादव, जय यादव, जातीन यादव, विनोद यादव, धर्मेंद्र यादव, सोनू यादव, उमेश यदु, ऐश्वर्य,यशवंत,मेघराज, संतोष, अक्कू, पोखराज, गिरीश, गौरव, जागेश्वर,आदि उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मानस मंदिर में सोल्लास मनाया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 27 अगस्त। जगत के पालनहार सृष्टि के रचयिता लीलाधारी भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मानस मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मानस यज्ञ समिति के मार्गदर्शन में इस वर्ष पूरे नगर में श्री राधा कृष्ण और गोप गोपियों की टोली मटकी फोड़ के लिए गाजे बाजे के साथ हांडी फोड़ कार्यक्रम हुआ वापसी पश्चात मानस मंदिर में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं और नगर से आए हुए छात्र-छात्राओं कलाकारों द्वारा श्रीकृष्ण पर आधारित गीतों पर एकल युगल सामूहिक भाव नृत्यों की प्रस्तुति हुआ सभी प्रतिभागियों को आयोजन समिति द्वारा सांत्वना पुरस्कार दिया गया।श्री कुंज बिहारी गौशाला समिति खुशरूपाली द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रस्तुति सहभागिता के लिए तीन विद्यालय को शील्ड प्रदान किया जाएगा। रात्रि 9:30 से शिक्षक मानस परिवार द्वारा भजन कीर्तन के साथ मध्य रात्रि 12:00 बजे आतिशबाजी के साथ श्रीकृष्ण प्रकट उत्सव मनाया जाएगा एवं मंदिर पुजारी यज्ञेश पांडेय के सानिध्य में पूजा आरती पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम मार्गदर्शक ओंकार शाह, यशपेंद्र शाह, बजरंग पांडेय, के मार्गदर्शन में गोपाल सोनी, शीतल ध्रुव, निखिल साहू, नीरज नायक, अखिल चौबे, शैलेंद्र दीक्षित, मोनू सेन, मिथलेश सिंहा, उज्जवल जैन एवं शिक्षक मानस परिवार कार्यक्रम का संचालन अर्जुन धनंजय सिंन्हा ने किया। कार्यक्रम में टंकेश्वर देवांगन, विशेश्वर कंवर, गणेशुराम साहू ईश्वर, विक्कू चंद्राकर, मेश पांडे तथा शिक्षक मानस परिवार विनोद देवांगन, हीरालाल साहू, मनहरण पटेल, पुखराज ठाकुर, कैलाश पटेल, केशव साहू, ललित वर्मा, भोला पांडे, लीलाधर ध्रुव, तुलेश्वरी, ममता, अभिषेक पांडे, पुरैना संतोष वर्मा, रूपनाथ बंजारे, पुनितराम ठाकुर, शिव ठाकुर, मायाराम साहू, संतोष सोरी, मनोज पटेल, आत्मा राम ठाकुर, महिला मंडल धर्म प्रेमी सभी विद्यालय के शिक्षक गण आचार्य गण विद्यार्थी गण भारी संख्या में उपस्थित थे।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में कलेक्टर ने काम की धीमी गति पर नाराजगी जताई, कार्रवाई भी की

बलौदाबाजार,28 अगस्त। कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने कामकाज में धीमी प्रगति के चलते 5 ठेकेदारों को ब्लैक लिसटेड करने की कार्रवाई की गई है। जिसमें सौमित्र कन्सट्रक्शन जांजगीर, परिजात कन्सट्रक्शन जांजगीर,रेखचंद अग्रवाल रायपुर,राघव कन्सट्रक्शन जांजगीर एवं सुनील अग्रवाल बाराद्वारा शामिल है। उक्त फर्म बार-बार चेतावनी एवं नोटिस के बावजूद कार्य में सुधार नहीं ला पा रहे थे जिस कारण सख्त कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही जिले में 190 कार्यों के लगभग 70 कन्सट्रक्शन कम्पनीयों को पेनाल्टी के साथ उनके कार्य में समय वृध्दि कर अनुमति प्रदान की गई है। कलेक्टर ने दो टूक कहा कि जल जीवन मिशन में किसी भी की तरह की कार्यो में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किए जायेगी। उन्होनें कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कार्य शुरू होने से पहले इंजीनियर यह सुनिश्चित कर लें कि सम्बंधित गांव में जल स्त्रोत की उपलब्धता हो। बिना जल स्त्रोत उपलब्धता के कोई भी काम शुरू न होने दें। सभी इंजीनियर ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे कार्यों का मॉनिटरिंग करें और प्रगति के लिए लगातार फॉलो अप करते रहें। पाईप लाईन के बिछाने के कार्य के साथ ही साथ टंकी निर्माण का कार्य भी शुरू करें जिससे समय पर सभी काम पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर जल स्त्रोत व बिजली की समस्या है वहां स्थल भ्रमण कर जांच करें। उन्होंने कार्य पूर्ण होने के बाद हैंड ओवर लेने में सरपंचों के द्वारा रुचि नही लेने के मामले पर भी आवश्यक समन्वय करने के निर्देश अधिकारियो को दिए। कलेक्टर ने पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे जाने वाले गड्ढों को खुला छोड़ने की स्थित को गंभीरता से लेते हुए गड्ढों की पुनः भराई कराने के निर्देश ठेकेदारों को दिए। उन्होंने कहा कि पाईप लाइन बिछाने के लिए यथासंभव सड़को की खुदाई से बचाया जाए। इसके साथ ही जिन ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन का कार्य किया जा रहा है।

### देशी शराब भट्टी बनी जी का जंजाल

तिल्दा नेवरा 28 अगस्त। सिनोधा रोड़ नगर पालिका शहरी क्षेत्र के अंतर्गत चल रही सरकारी शराब भट्टी से सैकड़ो की संख्या में लोग पल रहे है चक्काना घरों पर हर दिन मारपीट शराब लूटकर मदिरा प्रेमी इस कदर भयभीत है की कब कोई उनकी शराब की पवा लूट ले कुछ शराब प्रेमियों ने बताया की हर दिन इस तरह दुकानों के आस पास अपराधी तत्व सक्रिय होते है जो पैसे तक छिन्न लेते है देशी शराब दुकान में पांच सौ के नोट दिया तो वापस नहीं मिलता रुपया दुकानों के पास लूट खसोट तो होती है लेकिन बताया जाता है शराब दुकानों में भी ग्राहकों के साथ आए दिन पैसे वापस नहीं करने की जानकारी मिल रही है शराब दुकानों में आबकारी विभाग द्वारा किसी तरह का नियंत्रण नहीं होने से ग्राहकों से अधिक दर रेट पर शराब बेची जाती है तो दूसरी ओर भोले भाले ग्रामीणों के बचत रुपए नहीं दी जाते इस तरह की शिकायत आम बात है लेकिन शिकायत सुनने के बजाय ग्रामीणों के साथ दुर्व्यहार होता है नगर के बाहर हो देशी शराब दुकान आसपास राइस मिलों में महिला श्रमिक इस सड़क से आने जाने में डर जाते है।

# श्रीकृष्ण प्राकट्य उत्सव पूजा-पाठ,नगर भ्रमण, दही हांडी फोड़कर मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



छुरा 28 अगस्त। नगर के हृदय स्थल मानस मंदिर प्रांगण में जगतपालक, देवकीनंदन, गोवर्धन धारी, सृष्टि के पालनहार योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण चंद्र का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल की मूर्ति का मंत्रोच्चारण हवन पूजन के साथ प्राण प्रतिष्ठा किया गया। योग ऋषि मानस परिवार के ग्वाल-बाल एवं धर्म प्रेमियों के द्वारा नगर भ्रमण कर ग्राम देवी देवताओं को आमंत्रित किया गया। गाजे बाजे के साथ नर्तक दल द्वारा पारंपरिक दोहा गाते, नाचते, कूदते हुए मटकी फोड़ी गई। गोप ग्वालों की टोलियां द्वारा श्री राधा कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में दही लूट किया गया। मंदिर के पुजारी यज्ञेश प्रसाद पांडे द्वारा स्वस्तिवाचन कर उपस्थित सभी देव स्वरूप राधा कृष्ण की आरती उतारी गई। सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं नगर के प्रतिभासंपन्न बच्चों के द्वारा श्री राधा कृष्ण से संबंधित गीतों पर मनभावन प्रस्तुति दी गई।श्री कृष्ण जी के कारागार में अवतरण, वासुदेव द्वारा टोकरी में यमुना पार उतरने, पंचमुखी नाग देवता का छाया देने,पूतना वध,ताड़का वध, कालिया नाग मान मर्दन, गोवर्धन धारण, महाभारत, द्रोपती चीर हरण, कौरव पांडव युद्ध, कुरुक्षेत्र में चक्रव्यूह रचना आदि की घटनाओं,बाल लीलाओं का जीवंत मंचन झांकी के द्वारा किया गया। समिति द्वारा पलना पर शेषनाग की छाया में सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया था। अनोखे स्वरूप में बना सेल्फी प्वाइंट नगरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। सभी बाल कलाकारों को सांत्वना पुरस्कार भेंट किया गया। सांस्कृतिक उत्सव का सफल संचालन शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु श्रीकुंज बिहारी गौशाला समिति द्वारा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर की झांकी को मोमेंटो प्रदान किया गया।श्रद्धालुओं को हलवा भोग प्रसादी वितरण किया गया। श्री मन्मानस यज्ञ समिति प्रमुख ओंकार शाह, यशपेन्द्र शाह, नथमल शर्मा, हीरालाल सारस्वत, विशेसर दीवान, बजरंग पांडे, शीतल ध्रुव के मार्गदर्शन में युवा समिति द्वारा नए कलेवर में उत्साह के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन समिति में प्रमुख रूप से गोपाल सोनी, निखिल साहू, अखिल चौबे, नीरज नायक, तुषार चंद्राकर, शैलेंद्र दीक्षित, उज्जवल जैन, दुर्गेश अर्पण सेन के कुशल नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाया गया। भजन कीर्तन के साथ रात्रि 12:00 बजे मुरली मनोहर श्री कृष्णचंद्र भगवान का प्राकट्य उत्सव मनाया गया।लड्डू गोपाल को झूला झूलाने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। आयोजन में शिव शक्ति महिला मानस मंडली, आदर्श सरस्वती महिला मानस मंडली, शिक्षक मानस परिवार, योग ऋषि मानस परिवार, मेशनंदन पांडे, गणेशु राम साहू, चमन साहू, टंकेश्वर देवांगन, मोहन साहू, के.आर. सिन्हा, भिषेक पांडे, भोला पांडे, कामता महाराज, ललित साहू, रजत कुकरेजा, विनोद देवांगन, ललित वर्मा, मनहरन पटेल, ईश्वर सिन्हा, त्रिलोक सेन, संतोष वर्मा, कृष्णेश यदु, पुखराज ठाकुर, कैलाश पटेल, लीलाधर ध्रुव, ममता साहू, रेवेंद्र दीक्षित, तुलेश्वरी कंवर, सपना कंसारी, राजेश्वरी वर्मा, थनेश्वरी यादव, लक्ष्मी साहू, राम बाई सिन्हा, कुलेश्वरी देवांगन, कमला यदु, शारदा सिन्हा स्नेहा कुकरेजा, रूपनाथ बंजारे, पुनीत ठाकुर, राजकुमार लहरे, शिव ठाकुर, लोवित रत्नाकर, डीगेश बघेल, अनीता चंद्राकर सहित सभी विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, धर्म प्रेमी, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप जन सेवा ही प्रभु सेवा मानकर कार्य कर रहा

छुरा 28 अगस्त। विकासखण्ड फिगेंश्वर के ग्राम लोहरसी निवासी लखन लाल पटेल द्वारा अपनी भतीजी कु.लावण्या पटेल जो कि थैलेसीमिया जैसी गंभीर रोग से ग्रस्त है। इस बच्ची का ईलाज उनके माता-पिता बैंगलोर में रहकर करा रहे हैं ऐसी जानकारी दी गई है।उसके ईलाज के लिए डाक्टरों के द्वारा अनुमानित 20 लाख रुपए का प्राक्कलन तैयार किया गया है। परिवार आर्थिक रुप से इतनी बड़ी राशि का व्यवस्था करने में अक्षम है। अतः सोशल मीडिया के मदद से सहयोग की अपील की गई थी।इसकी जानकारी ग्रुप सदस्य द्वारा श हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप छुरा को दी गई। जिसके समुचित जांच उपरांत कु.लावण्या पटेल के लिये उनके चाचा लखन लाल पटेल को ग्रुप के द्वारा 20000/-( बीस हजार रुपए) का चेक व ग्रुप के कुछ विशिष्ट सदस्यों के द्वारा नीजी रुप से अतिरिक्त सहयोग 16000/-प्रदान किया गया । ग्रुप के द्वारा दोनों राशि को मिला कर ग्रुप के द्वारा 36000/- छत्तीस हजार रुपए का चेक ग्रुप के सदस्य श्री अमिताभ जैन के द्वारा दिया गया।बच्ची के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना समस्त सदस्यों के द्वारा की गई है।यह जानकारी ग्रुप के सचिव लक्की मेमन द्वारा दिया गया है।विदित हो कि जनसेवा ही प्रभुसेवा है के उक्ति को चरितार्थ करता हुआ यह ग्रुप गरियाबंद जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित और आर्थिक रुप से अक्षम लोगों को आर्थिक सहयोग राशि चेक के माध्यम से प्रदान करता है।इस सेवा कार्य में गरियाबंद जिले सहित अन्य जिलों के लगभग 180 सेवाभावी सदस्य जुड़े हुए हैं,जो प्रतिमाह अपना अंशदान ग्रुप को ऐसे सेवा कार्य के लिए प्रदान करते हैं।ग्रुप का एकमात्र उद्देश्य है कि राशि के अभाव में कोई जरुरतमंद ईलाज से वंचित ना रहे।वर्तमान में सिर्फ गरियाबंद जिले के जरुरतमंदों को ही इस ग्रुप द्वारा उपचार हेतु आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से प्रदान की जाती है।भविष्य में इसका दायरा बढ़ाए जाने की योजना है।साथ ही निकट भविष्य में रक्तदान और वृक्षारोपण के क्षेत्र में काम करना ग्रुप का लक्ष्य रहेगा।

### झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर लाखों रुपए की वसूली करने वाला गिरोह गिरफ्तार

बलौदाबाजार 28 अगस्त। थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र. 250/2024 धारा 384,389,34 भादवि के प्रकरण की जांच में पीड़ित पक्ष के लोगों से विस्तृत पूछताछ की गई है, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि मुख्य आरोपी शिरीष पांडे, सहित अन्य आरोपियों द्वारा बहुत ही सुनियोजित तरीके से बलौदाबाजार शहर एवं आसपास के विभिन्न लोगों को अपने झांसे में लिया जाता था तथा उन्हें महिला संबंधी अपराध में फंसाने एवं लोक-लाज का भय दिखाकर लाखों रुपए की मोटी रकम वसूली की जाती थी। ऐसे मामले संज्ञान में आने पर जांच तस्दीक़ कर अपराध पंजीबद्ध करते हुए जांच विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण में पूर्व में 05 आरोपियों को पकड़ा गया था, जिनसे पूछताछ पर बलौदाबाजार शहर में भयादोहन कर लाखों रुपए की वसूली करने वाले एक गिरोह का भांडाफोड़ किया गया है। प्रकरण में अपराध क्र. 250/2024 के अलावा धारा 384,389,34 भादवि में तीन अन्य अपराध भी दर्ज किया गया है। इस प्रकार मामले में अभी तक थाना सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध कुल 04 अपराध दर्ज किया गया है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में मोंटी उर्फ प्रत्युष मरैया, महान मिश्रा, रवीना टंडन, दुर्गा टंडन, पुष्पमाला फेकर सहित 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। किन्तु गिरोह का एक मुख्य आरोपी शिरीष पांडे फरार था।



### अधिकारी, कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने की तैयारी,खंगाले जा रहे है रिकॉर्ड

बलौदाबाजार,28 अगस्त । कलेक्टर दीपक सोनी ने आज सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए.जिसमें उन्होनें केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है. राज्य शासन के निर्देशानुसार लंबे समय से कार्य में अनुपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने की तैयारी की जा रही है। इस हेतु कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी विभागों से 3 दिवस के भीतर विस्तृत जानकारी मांगी गई है इसके लिए अलग से रिकॉर्ड खंगाले जा रहे है। साथ ही कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन के तहत बल्दाकछार नदी तट पर नर्सरी तैयार करने के निर्देश पंचायत विभाग के संबधित अधिकारियों को दिए है। साथ ही उक्त नर्सरी का संचालन महिला स्व सहायता समूह के द्वारा किया जाएगा।


न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क. 202406092300026
अ/74- वर्ष 2023-24

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लिलेश्वर पटेल पिता छबिलाल पटेल जाति मरार निवासी ग्राम पारागांवखुर्द तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्री शिक्षा पटेल पिता लिलेश्वर पटेल का दिनांक 06.03.2018 को ग्राम पारागांवखुर्द में जन्म हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत के जन्म / मृत्यु पंजी में दर्ज नही कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्री शिक्षा पटेल पिता लिलेश्वर पटेल का दिनांक 06.03.2018 को ग्राम पंचायत पारागांवखुर्द में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 28.08.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

## एक नजर

### मेमन बनाए गए सह प्रभारी



**रायपुर 28 अगस्त।** युवा कांग्रेस द्वारा अयफाज मेमन को छत्तीसगढ प्रदेश युवा कांग्रेस (सोशल मीडिया) विभाग का रायपुर संभाग-सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर अयफाज ने नेशनल चेयरमैन मनु जैन, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रभारी उत्कर्ष गौर, चीफ़ कन्वेनर शान शैफ़ी का आभार जताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीतियों को सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं तक पहुँचायेंगे तथा संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन करूँगा।

### नगरीय प्रशासन विभाग में बड़े पैमाने पर तबादला

**रायपुर 28 अगस्त।** नगरीय प्रशासन विभाग में एक बार फिर से बड़े पैमाने पर तबादला हुआ है. राज्य सरकार ने देर रात यह ट्रांसफर आदेश जारी किया है, जिसमें कई अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम शामिल हैं. इस आदेश में हफ्ते भर पहले हुए ट्रांसफर में कई अधिकारियों के तबादला आदेश को निरस्त कर उसमें संसोधन किया गया है. इसके साथ ही सहायक ग्रेड-2 और सहायक राजस्व निरीक्षकों को सीएमओ का प्रभार सौंपा गया है. बता दें कि 21 अगस्त की आधी रात नगरीय प्रशासन विभाग के 166 अधिकारियों और कर्मचारियों को इधर से उधर किया गया था. यह आदेश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जारी किया था।

### महापौर समेत सैकड़ों लोगों पर अपराध दर्ज

**रायपुर 28 अगस्त।** पाटन विधायक भूपेश बघेल के समर्थकों द्वारा थाना घेराव के दौरान हुए बवाल के मामले में पुलिस ने ग़ैर ज़मानती धाराओं के तहत सौ से अधिक लोगों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों की माने तो प्रमुख आरोपियों में महापौर निर्मल कोसरे, मनोज मढरिया और सुजीत बघेल का नाम शामिल किया गया है। पुलिस के अनुसार इन सभी लोगों के खिलाफ उग्र होकर अचानक थाने का घेराव करने, पुलिसबल से झूमाझटकी करने, झंडे पर लगी लकड़ी से बल से प्रहार करते हुए थाने के भीतर घुसने की कोशिश करने का आरोप है। प्रदर्शनकारियों के अपराधिक बल प्रयोग से पुलिस बल के तीन जवानों को चोट आई है। इस के साथ साथ बल संसाधित सामग्री भी क्षतिग्रस्त हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पूरे घटनाक्रम की वीडियो रिकार्डिंग और तस्वीरों की सूक्ष्मता से जाँच की जा रही है। आरोपियों की पहचान सुनिश्चित कर कार्यवाही करने के संकेत दिए गए हैं।

### स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों से स्वास्थ्य विभाग सकते में

**रायपुर 28 अगस्त।** प्रदेश के अन्य जिलों की तरह अब राजधानी में भी स्वाइन फ्लू मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। मंगलवार को स्वाइन फ्लू के 16 संदिग्ध मरीज मिले हैं। उनके स्वाब का सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। अब तक रायपुर में 1 पॉजिटिव मरीज मिला है। राज्य में 19 केस दर्ज किए गए हैं। इस बीच मरीजों की बढ़ती संख्या देखकर अंबेडकर अस्पताल के पेइंग वार्ड को आइसोलेशन कर उसे स्वाइन फ्लू पीड़ितों के लिए रिजर्व कर दिया गया है। एक मरीज अभी भर्ती है। अस्पताल प्रशासन ने मेडिसिन और टीबी एंड चेस्ट विभाग को अलर्ट कर दिया है। फ्लिहाल सभी संदिग्ध मरीज टीबी एंड चेस्ट विभाग ही ट्रांसफ्र किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के महामारी नियंत्रण विंग के अफ्सरों के अनुसार अभी तक रायपुर में केवल एक ही मरीज के स्वाब में स्वाइन फ्लू के वायरस मिले हैं। प्रदेश में 19 मरीजों की पुष्टि हुई है।

### रायपुर में चलती मालगाड़ी 2 भागों में बंटी

**रायपुर 28 अगस्त।** रायपुर में चलती मालगाड़ी 2 भागों में बंट गई। जानकारी के अनुसार चलते इंजन से डिब्बे अलग हो गए। आनन फ्नन में अधिकारियों की टीम पहुंची है। मरम्मत के बाद मालगाड़ी को रवाना किया गया।बता दें कि यह घटना मोहबा बाजार के पास हुई है। कुछ दिन पहले इसी रुट पर यात्री ट्रेन हादसे का शिकार हुआ था। जिसमें एक यात्री की मौत हुई थी। लोहे का खंभा ट्रेन की खड़की में जा गिरी थी। दर्जनभर यात्री घायल हुए थे। रेलवे इस घटना के लिए बिजली विभाग को जिम्मेदार ठहराया था।

### विधायक देवेंद्र यादव की बढ़ी मुश्किलें

**रायपुर 28 अगस्त।** बलौदाबाजार हिंसा मामले में गिरफ्तार भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड बढ़ा दी गई है। अब देवेंद्र यादव को 3 सितंबर तक जेल में रहना होगा। दरअसल, आज सेन्ट्रल जेल से विधायक देवेंद्र यादव को वीडियो कॉफेंसिंग के जरिये सीजीएम अजय खाखा की कोर्ट में पेश किया गया। मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाते हुये विधायक की रिमांड तीन सितंबर तक बढ़ा दी है। मालूम हो कि इससे पहले 17 अगस्त की दोपहर को बलौदाबाजार पुलिस ने देवेंद्र यादव को उनके निवास से गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस उन्हें लेकर बलौदाबाजार पहुंची। देर रात पुलिस ने विधायक देवेंद्र यादव को बलौदा बाजार के सीजेएम राजेश खाखा के न्यायालय में पेश किया गया था। यहां से कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए न्यायिक रिमांड पर संेट्रल जेल भेजा। बता दें, बलौदाबाजार के सिटी कोतवाली में विधायक देवेंद्र यादव पर अपराध क्र. 386/2024 धारा 153,501 (1), 505(1)(क्ब), 501(1)(ष्ट), 109, 120बी, 147, 148, 149, 186, 353, 332, 333, 307, 435, 436, 341, 427 भादवि एवं 03,04 सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 की धाराओं के तहत दर्ज है।बलौदाबाजार में तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना में शामिल कुल 184 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# सरोना में नाले पर कालोनी

## अवैध कब्जाधारियों का कमाल, पानी निकासी नहीं होने से जल भराव

**रायपुर, 28 अगस्त।** एक ओर तो सरकार जल बचाओ का नारा देकर नदी-नालों, तालाब जैसे पानी के प्राकृतिक स्त्रोतों को बचाने का आव्हान कर रही है वहीं दूसरी ओर सरकारी मशीनरी की आंखों के सामने ही नाले पर कब्जा किया जा रहा है। यह बताने की जरूरत नहीं है कि नाले का यह हिस्सा सरकारी है। यह मामला रिंग रोड न. एक, सरोना ब्रिज के बाजू से पुराना आमानाका थाना रोड, डूमर तालाब में चाणक्य कालेज के सामने स्थित नाले का है। इस नाले को भू-माफियाओं ने एक किलोमीटर तक पाट कर समतल कर दिया है। इसका वहां के निवासियों, दुकानदारों व भू-स्वामियों ने तीव्र विरोध किया है। डूमरतालाब के निवासियों में भारी आक्रोश है। अवैध कब्जों पर कार्रवाई कर नाला को पुराना स्वरूप प्रदान नहीं किया गया तो आक्रोश का ज्वालामुखी फूट पड़ेगा। नाले पर अवैध निर्माण किया गया है। मकान बना लिए गए हैं। इतना ही नहीं विद्युत पोल पर भी अतिक्रमण कर बाउण्ड्रीवाल बना लिया गया है। यह नाला चाणक्य कालेज के पास से निकल कर आमानाका थाना के निकट नहर में जाकर मिल जाता था. इससे पानी की निकासी में कोई रूकावट नहीं आती थी। जल भराव नहीं होता था तथा गंदगी भी नहीं होती थी। अभी हालत यह है कि मामूली बारिश में जलभराव हो जाता है। हालत खराब हो जाती है। घरों में पानी भर जाता है। एक ओर तो नगर निगम प्रशासन जल भराव को रोकने नालों की सफाई पर लाखों खर्च करती हैं वहीं दूसरी ओर नाले पर अतिक्रमण के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही हैं। इससे भू-जल स्त्रोत के रिचार्ज पर भी असर पड़ेगा। अफसरों के सुस्त रवैये के कारण अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। लोगों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री सहित गृहमंत्र, नगरीय निकाय मंत्री, महापौर आदि से की है।





रायपुर 28 अगस्त। रामनगर कर्मा चौक में लचर क़ानून व्यवस्था के खिलाफ धरना।

# ओवरब्रिज के नीचे स्पोर्ट्स कोर्ट बनकर तैयार

**रायपुर, 28 अगस्त।** राजधानी रायपुर को अवैध कब्जे से बचाने के लिए मुंबई, भोपाल, गाजियाबाद, कलकत्ता और अहमदाबाद जैसे महानगरों की तर्ज पर रायपुर में ओवरब्रिज के नीचे स्पोर्ट्स कोर्ट बनकर तैयार हो चुका है. एक्सप्रेस वे ओवरब्रिज के नीचे खाली पड़ी जमीन का सदुपयोग करने यह स्पोर्ट्स मैदान बनाया गया है, जिसमें बैडमिंटन, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल खेला जाएगा. बारिश के दौरान भी यहां बच्चे बिना किसी परेशानी के खेल सकेंगे. स्पोर्ट्स कोर्ट बनने से न केवल बच्चों को खेल का मैदान मिला है बल्कि ओवरव्रब्रिज के नीचे खाली जमीन अवैध कब्जे से भी सुरक्षित हुई है. स्पोर्ट्स कोर्ट लगभग 1 माह के भीतर बनकर तैयार हो चुका है. कुछ ही दिन में राजधानी के बच्चे यहां अलग-अलग तरह से गेम खेलते हुए नजर आएंगे. एक्सप्रेस वे ओवरब्रिज के नीचे खाली पड़ी जमीन का सदुपयोग करने यह स्पोर्ट्स मैदान बनाया गया है, जिसमें बैडमिंटन, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल खेला जाएगा. बारिश के दौरान भी यहां बच्चे बिना किसी परेशानी के खेल सकेंगे. स्पोर्ट्स कोर्ट बनने से न केवल बच्चों को खेल का मैदान मिला है बल्कि ओवरव्रब्रिज के नीचे खाली जमीन अवैध कब्जे से भी सुरक्षित हुई है. स्पोर्ट्स कोर्ट लगभग 1 माह के भीतर बनकर तैयार हो चुका है।

# 850 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्याधाम के लिए रवाना



**रायपुर 28 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शुरू की गई श्री रामलला दर्शन योजना के तहत चलाई जा रही विशेष ट्रेन से मंगलवार को 850 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। रायपुर रेल्वे स्टेशन पर प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। श्रद्धालुगणों ने भगवान राम की जय-जयकार करते हुए अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किया। ट्रेन में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भक्तिमय माहौल में श्री रामलला के दर्शन को जा रहे हैं। इस दौरान,प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, विधायक मोतीलाल साहू, रायपुर जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू, नन्दे साहू, राजीव अग्रवाल , छगनलाल मूंदड़ा,लीलाधर चंद्रकार सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

रामलला दर्शन के लिए जाने वाले दर्शनार्थियों ने मुख्यमंत्री श्री साय का श्री रामलला दर्शन के लिए योजना की शुरूआत के लिए आभार माना और कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर आज हमें अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन का अवसर सहज सुलभ हुआ है। हमें इसकी बहुत खुशी हो रही है। अयोध्या में श्री रामलला का भव्य और सुंदर मंदिर बनाया गया है। यात्रा के दौरान दर्शनार्थियों को काशी विश्वनाथ जी के दर्शन का लाभ भी प्राप्त होगा।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर बेवजह लाठीचार्ज दमन की कार्रवाई: बैज



**रायपुर 28 अगस्त।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भिलाई-3 में शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन करते ज्ञापन देने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने जिस तरह से लाठीचार्ज किया है वह दमन की कार्रवाई है. उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन सबका अधिकार है और ऐसे प्रदर्शन से सत्तारूढ़ भाजपा को विचलित होकर ग़ैरलोकतांत्रिक क़दम नहीं उठाना चाहिए.

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भिलाई-3 में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सुरक्षा में बजरंग दल के गुंडा तत्वों ने जिस तरह से सेंध लगाई वह चिंता की बात है। सुरक्षा में गंभीर सेंध पर पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई न किए जाने पर कांग्रेस की ओर से धरना दिया गया था और थाने में जाकर पुलिस को ज्ञापन देना था।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि मीडिया की ओर से वीडियो से स्पष्ट है कि शांतिपूर्ण ढंग से नारे लगाते जा रहे कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने बेवजह ही लाठीचार्ज किया है। कुछ कार्यकर्ताओं और मीडियाकर्मियों को तो पुलिस द्वारा घेरकर पीटा गया है. कई लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस से कार्रवाई की मांग करना भी भाजपा सरकार को बर्दाश्त नहीं हो रहा है. वह लाठीचार्ज करके अपनी नाकामी छिपाना चाहती है.

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि कांग्रेस झीरम के हमले में अपने वरिष्ठ नेताओं को गंवा चुकी है. वह भी भाजपा सरकार में हुआ था और सुरक्षा व्यवस्था में खामी की वजह से ही हुआ था. इसलिए अब कांग्रेस सचेत है और अपने किसी भी नेता की सुरक्षा में चूक को बर्दाश्त नहीं करेगी. अगर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाने वालों और बेवजह लाठीचार्ज करने वालों के खिलाफ समुचित कार्रवाई नहीं करती है तो कांग्रेस फिर से विरोध प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी।

### नेता प्रतिपक्ष ने की कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज की निंदा

छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने भिलाई 03 कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस लाठी चार्ज को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्ति की है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, मात्र 08 माह की भाजपा विष्णुदेव सरकार में लचर क़ानून व्यवस्था के चलते सामाजिक समरसता आपसी भाईचारे पर जबर्दस्त ठेस लगा है। प्रदेश भाजपा सरकार अपने राष्ट्रीय एजेंडे फूट डालो राज करो की नीति पर चल रही है। एक ओर बलौदाबाजार की घटना में जिस तरह समाज को समाज में बाँटने की नाकाम साजिश की गयी और देश के इतिहास में पहली बार कलेक्टर - एसपी कार्यलय फूंक दिए गए सरकार और प्रशासन मूक दर्शक बनी रही।



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सुरक्षा में चूक फिर उपद्रवियों द्वारा बदसलूकी धक्का - मुक्की उसपर कोई कार्यवाही न होना भाजपा सरकार की नियत और क़ानून वयवस्था पर सवाल खड़ा करता है। दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर सरल तरीके से मांग कर रहे हमारे कांग्रेस कार्यकर्ताओ पर अपराधी की तरह बर्ताव दौड़ा दौड़ा कर पीटा जाना ये कतई बर्दास्त नहीं किया जा सकता।

नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि, प्रदेश में लगातार विपक्षीय कार्यकर्ताओ के साथ मारपीट कि जा रही है। सरकार का काम प्रदेश में शांति व्यवस्था कायम रखने का है और वे ही इस तरह पेश आ रही है जो उचित नहीं है। सरकार के इस रवैये का कडे शब्दों में निंदा करते है।

### उत्तरी छत्तीसगढ़ में भारी बारिश के आसार

**रायपुर, 28 अगस्त ।** प्रदेश में एक बार फ्रि मौसम का मिजाज बदलने वाला है। 24 घंटे के अंदर कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों के लिए अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, कोरिया, बलरामपुर, जशपुर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सूरजपुर, रायगढ़ और कोरबा जिलों में गरज चमक के साथ बिजली गिरने की आसार है। एक-दो जगहों पर गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की भी आशंका जताई है। वहीं 29 अगस्त से छत्तीसगढ़ में बारिश की एक्टिविटी बढ़ेंगी। 30 अगस्त से एक-दो जगहों पर भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा एक मानसून की ट्रफ लाइन सीधी, गुना, जैसलमेर, डाल्टनगंज, राजस्थान के पूर्वी हिस्से से लेकर पश्चिम बंगाल तक बनती दिखाई दे रही है। इसका भी प्रदेश के मौसम पर सीधा असर पड़ेगा। मौसम विभाग की जो भविष्यवाणी मानसून को लेकर थी जो सही साबित हो रही है। दक्षिण पश्चिम मानसून की बात की जाए अभी अक्टूबर तक उसका असर उत्तरी भारत में रहने की संभावना है।

# ड्राई-डे के दिन बेच रहा था शराब, बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर, 28 अगस्त।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह के दिशा-निर्देश में चलाए जा रहे निजात अभियान के तहत, रायपुर पुलिस ने ड्राई-डे के दिन शराब बेचते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

आरोपी करन बघेल को कोतवाली क्षेत्र के नेहरू नगर से 130 पौवा अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। 26 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली थी कि नेहरू नगर स्थित सुलभ के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। इस पर एंटी क्राइम और साइबर यूनिट तथा कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया।करन बघेल, निवासी नेहरू नगर, ने कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करता रहा। गिरफ्तारी के दौरान करन के पास से 80 पौवा गोवा अंग्रेजी शराब और 50 पौवा देशी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल कीमत लगभग ?16,500 आंकी गई है।

आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 266/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक सुधांशु बघेल, एंटी क्राइम और साइबर यूनिट के प्रभारी निरीक्षक परेश पाण्डेय और अन्य पुलिसकर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



रायपुर, 28 अगस्त। राज्यपाल रमेन डेका सेराजभवन में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सौजन्य मुलाकात की।

## शिक्षक-शिक्षिका को निलंबित करने डीईओ को भेजा गया पत्र

# सरकारी कर्मचारियों का अवैध संबंध अपराध: महिला आयोग

**रायपुर 28 अगस्त।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में आज 272वीं सुनवाई हुई. रायपुर जिले में कुल 131वीं जनसुनवाई हुई. अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के कार्यालय रायपुर में महिला उत्पीड़न से संबंधित कई प्रकरणों पर सुनवाई की. महिला आयोग के एक प्रकरण में शासकीय विद्यालय में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिका के बीच अवैध संबंध का मामला सामने आया, जिसमें पहली बार दोनों कर्मचारियों ने अवैध संबंध स्वीकार भी किया गया. इसे अपराध मानते हुए दोनों कर्मचारियों को निलंबित करने डीईओ को पत्र भेजा गया.




बता दें कि शासकीय सेवा में रहते हुए अवैध रिश्तों में रहना कानूनी अपराध है, जिसे देखते हुए दोनों अनावेदकों को सेवा से निकालकर उसकी विस्तृत जांच करने मुंगेली व बिलासपुर के जिला शिक्षा अधिकारी और मुख्य शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजा गया. वहीं अनावेदिका को सुधरने का मौका देकर 2 माह के लिए नारी निकेतन भेजे जाने का आयोग ने आदेश जारी किया.

दरअसल आवेदिका ने अपने पति के अवैध संबंध को लेकर आयोग में प्रकरण दर्ज कराया था. आवेदिका के पति शासकीय विद्यालय में शिक्षक है, जिसका अवैध संबंध उसी विद्यालय में नियुक्त शिक्षिका के साथ था, जो दोनों अनावेदकों द्वारा स्वीकार किया गया. इसके साथ ही आवेदिका का पति पिछले 3 वर्षों से अपनी पत्नी व बच्चों से अलग रह रहा है. आवेदिका के 12 और 9 साल के दो बच्चे हैं. 62 हज़ार वेतन होने के बावजूद अपने बच्चों का भरण-पोषण नियमित खर्च उठाने आयोग ने अनावेदक में आनाकानी देखी. आयोग ने दोनों ही अनावेदकों को शासकीय सेवा में अवैध संबंध के अपराध होने की जानकारी पर प्रश्न किया , जिस पर दोनों ने ही जानकारी होना स्वीकारा. राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने बताया, छत्तीसगढ़ के आधे से अधिक प्रकरण राजधानी से आते हैं, जिसमें लगातार अवैध संबंधों के मामले बढ़ रहे हैं. आज आयोग का पहला प्रकरण ऐसा था, जिसमें शासकीय सेवा में कार्यरत अनावेदकों ने अवैध संबंध स्वीकारा है. शासकीय सेवा में रहते हुए अवैध रिश्तों में रहना कानूनी अपराध है और आज आवेदिका का प्रकरण साबित होने पर आयोग ने मामले में सख्ती दिखाते हुए अनावेदकों के मुंगेली और बिलासपुर जिला शिक्षा अधिकारी को निलंबन के लिए पत्र भेजा गया. दोनों के खिलाफ जांच की जाएगी और आगे चलकर दोनों शासकीय कर्मचारियों को बर्खास्त भी किया जा सकता है।

### छत्तीसगढ़ के लोक वाद्ययंत्रों की ध्वनि से गूंजेगा मुक्ताकाश मंच

**रायपुर, 28 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के लोक पारम्परिक वाद्ययंत्रों और विभिन्न वाद्ययंत्रों की सुरमयी प्रस्तुतियों से सजी 'रंग तरंग' का आयोजन रायपुर के महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर में 29 से 31 अगस्त को होने जा रहा है। इस तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति विभाग द्वारा किया जा रहा है। यह आयोजन मुक्ताकाश मंच पर प्रतिदिन संध्या 7 बजे से प्रारंभ होगा। छत्तीसगढ़ के समृद्ध लोकसंगीत और वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति के लिए 'रंग तरंग' एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। संस्कृति विभाग के चिन्हारी पोर्टल में पंजीकृत इच्छुक कलाकार और संस्थाएं 28 अगस्त 2024 तक अपना प्रस्ताव संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा, सेक्टर 27, नवा रायपुर में जमा कर सकते हैं। सांस्कृतिक धरोहर और कला को बढ़ावा देने के इस प्रयास से रायपुर का मुक्ताकाश मंच छत्तीसगढ़ी संस्कृति के रंगों से सराबोर हो जाएगा।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26